हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

www.ksnewsupdates.com धनबाद, सोमवार 14 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 191, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


## संक्षिप्त खबरें

### अंतर संसदीय संघ के अधिवेशन में भाग लेने सांसद वीडी राम गए जिनेवा

पलामू(ईएमएस)।सांसद विष्णु दयाल राम स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए रवाना हुए। आयोजन के बारे में सांसद विष्णु दयाल राम ने बताया कि लोकसभा के अध्यक्षओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 149वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए जिनेवा स्वीटजरलैंड जा रही है।भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल मंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश एवं मेरे साथ सांसद लोकसभा भर्तहरी महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, अपराजिता सारंगी, राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा, राजीव शुक्ला, ममता मोहंता एवं डॉ० सस्मिता पात्रा एवं लोकसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चुके हैं।उक्त अधिवेशन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है।आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना है।

### रांची में संविधान सम्मान सम्मेलन 19 को राहुल गांधी कर सकते हैं शिरकत

रांची(ईएमएस)।रांची के कार्निवाल सभागार में आगामी 19 अक्टूबर को संविधान सम्मान सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। इस सम्मेलन में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष शिरकत राहुल गांधी शिरकत कर सकते हैं।राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस की जमीनी हकीकत का भी आंकलन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस संविधान सम्मान सम्मेलन की तैयारी में जुटी है। राहुल गांधी के रांची आने पर सहमति सोमवार तक बनने की संभावना है। इसकी वजह यह है कि राहुल गांधी को मिली विशेष सुरक्षा के कारण कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा के सभी मानकों के आधार पर परखने के बाद ही अनुमति मिलती है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कार्निवाल सभागार का जायजा भी लिया है। रांची में होने वाला संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा। इस सम्मेलन के माध्यम से यह भी संदेश देने का प्रयास किया जायेगा कि केंद्र की एनडीए सरकार संविधान विरोधी है।

### पुराने विधानसभा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

रांची : झारखंड के पुराने विधानसभा परिसर में आग लग गई. जानकारी के अनुसार परिसर में वीआईपी गेस्ट हाउस में लगे जेनरेटर में आग लग गई. आग की लपटें दूर तक दिख रही थी. जिसके बाद विधासभा के कर्मियों ने पूरे परिसर की बिजली आपूर्ति को बंद किया. जिसके बाद आग पर काबू पाई गई.

# हर झारखंडी परिवार का होगा अपना तीन कमरों का आवास : हेमंत सोरेन

## हेमंत ने भाजपा पर कसा तंज, बोले-दिल्ली से आकर लोग 300 घर देने को अपनी उपलब्धि बता रहे

**सीएम ने कहा-आठ लाख मकान बनवा रहे हैं**

**हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक सबका पक्का छत नहीं होगा**

रांची : हर झारखंडी का अपना आवास होगा. उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर कर कही है. उन्होंने कहा कि जिस तरह हमने मंईया सम्मान योजना को राज्य के हर घर तक पहुंचाया है, वैसे ही हर झारखंडी परिवार का अपना तीन कमरों का पक्का मकान होगा. सीएम ने कहा कि हम आठ लाख मकान बनवा रहे हैं. साथ ही बाकी के 17 लाख मकानों को बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. झारखंड के लोगों को घर देने के मामले में हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक सबका अपना पक्का छत नहीं होगा. उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा है. हेमंत ने कहा कि दिल्ली से बड़े-बड़े मंत्री लोग झारखंड आकर 300 घर देने को अपनी उपलब्धि बताकर खुद की पीठ थपथपा रहे हैं.



### मुख्यमंत्री ने किया रावण दहन, कहा – भगवान राम के आदर्शों को अपनाये

झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने आज मोरहाबादी मैदान में आयोजित दशहरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर रावण का पुतला फूंका. इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई दी और भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया. पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है.

भगवान राम के जीवन से हमें कई सीख मिलती है. हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए. उन्होंने कहा कि रावण दहन का यह कार्यक्रम हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है.

# राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक हुए बाबा सिद्दीकी

## शनिवार रात गोली मारकर कर दी गई थी हत्या, अंतिम विदाई में शामिल हुए सैकड़ों लोग

मुंबई : महाराष्ट्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस के मुताबिक, अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया। आनन-फानन में बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचाने में कामयाब नहीं हो सके। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी को राजकीय सम्मान के साथ मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी के सुपुर्द-ए-खाक के दौरान प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और अजित पवार सहित राकांका नेता बड़ा कब्रिस्तान में मौजूद हैं।




### बाबा सिद्दीकी के घर के बाहर अदा की गई नमाज

बांद्रा में बाबा सिद्दीकी के आवास के बाहर नमाज अदा की गई। उनके पार्थिव शरीर को सुपुर्द-ए-खाक के लिए ले जाया गया, जिसे पूरे राजकीय सम्मान के साथ मुंबई लाइन के कब्रिस्तान में किया गया।

बाबा सिद्दीकी के अंतिम संस्कार के लिए बड़ा कब्रिस्तान के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# झामुमो की केंद्रीय और भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज

रांची : विधानसभा चुनाव को देखते हुए झामुमो और भाजपा अपनी रणनीतियों को अमलीजामा पहनाने में जुटी हुई हैं. इसी कड़ी में झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक 14 अक्तूबर को दिन के 11-30 बजे से सोहराय भवन में होगी. इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे. केंद्रीय समिति के लगभग 243 सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी बैठक में शामिल होंगे. बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा.

वहीं 14 अक्तूबर को भाजपा की दो अहम बैठक भी प्रदेश कार्यालय में होंगी. इसमें भी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जाएगा. पहली बैठक चुनाव प्रबंधन समिति की होगी और दूसरी बैठक सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की होगी. इन दोनों बैठकों में असम के सीएम सह बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा भी शिरकत करेंगे.


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड JUSNL

# बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर झारखण्ड

220/33 के0वी0 ग्रीड सब-स्टेशन, पकरीबरवाडीह का

## शिलान्यास समारोह







मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री मनीष जयसवाल** माननीय सांसद, हजारीबाग | **श्री काली चरण सिंह** माननीय सांसद, चतरा

**श्री किशुन दास** माननीय विधायक, सिमरिया | **सुश्री अम्बा प्रसाद** माननीय विधायक, बड़कागांव

दिनांक: 14 अक्टूबर 2024

समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे

स्थान: NTPC का पकरीबरवाडीह ग्रीड सब-स्टेशन परिसर, हजारीबाग

PR No. 338755 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

## संक्षिप्त खबरें

### कसमार के युवक की ओडिशा में करंट लगने से मौत

बोकारो(ईएमएस)।कसमार थाना क्षेत्र के धधकिया निवासी भरत करमाली का 20 वर्षीय पुत्र सुधाकर करमाली उर्फ रोहित करमाली की ओडिशा में काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। युवक का शव गांव पहुंचने के बाद माहौल गमगीन हो गया।परिजनों ने बताया कि सुधाकर काम की तलाश में पांच अक्टूबर को ओडिशा गया था।वह सुंदरगढ़ जिले के गोपालपुर में एसजीआर माइनिंग लॉजिस्टिक्स कंपनी में हाइवा चालक का काम कर रहा था। दस अक्टूबर की दोपहर वह हाइवा का इंजन खोलकर वाशिंग कर रहा था।इसी बीच अचानक हाईवा में करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में सुधार आ गया।उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ ने मुआवजा की मांग को लेकर कंपनी में जमकर हंगामा किया।इसके बाद कंपनी व चालक महासंघ के बीच समझौता हुआ। महासंघ के पदाधिकारियो ने एंबुलेंस से शव को कसमार पहुंचाया।पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कंपनी द्वारा मिली चार लाख 60 हजार की राशि मृतक के माता-पिता को सौंपी।

### युवक की हत्या के विरोध में लोगों ने शव के साथ लालपुर चौक किया जाम

रांची(ईएमएस)।मारपीट और उसके बाद युवक मौत के मामले में परिजनों और स्थानीय लोगो ने रविवार को रांची में लालपुर चौक को कई घंटो तक जाम कर दिया।मृतक की पहचान रोहित मुंडा के रूप में हुई है।वह रांची के लोहरा कोचा का रहने वाला था।उग्र भीड़ घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशितों को समझा-बुझा कर जाम हटाने का प्रयास किया। घटनास्थल पर पहुंचे रांची डीएसपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है कुछ अपराधियों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। घटना के संबंध में परिजन और स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन पहले रोहित अपने साथियों के साथ घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी।

### रोहित के हत्यारों की हो अविलंब गिरफ्तारी : बाबूलाल मरांडी

रांची(ईएमएस)।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को रांची के लोहरा कोचा बस्ती में मृतक रोहित तिर्की के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम हैं।किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे।जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है, जिसके घर ऐसी घटना होती है।पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है।जबकि सीसीटीवी से यह संभव है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पुलिस को अविलंब घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना चाहिए।प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार करे।साथ ही राज्य सरकार परिजनों की मांग के अनुरूप उचित मुआवजा दे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधी की पहचान कर सकती है। अपराधी को अविलंब पकड़े जाने से एक भय का वातावरण भी बनता है। घटना की पुनरावृति पर रोक लगती है।आजकल राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में नशाखोरी बढ़ी है जिसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे भी शिकार हो रहे हैं।युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है।

### चतरा में शराबी पति ने की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

चतरा(ईएमएस)।शहर के बिन्ड मोहल्ले में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी।पत्नी की हत्या के बाद पति मुकेश भुइयां घर से भागने के फिराक में था।इसी दौरान मोहल्ले वालों ने आरोपी को दबोच लिया और उसे सदर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सदर थाना पुलिस हत्या के पूरे मामले की जांच में जुट गई है।जांच अधिकारी ने बताया कि महिला के साथ बहुत बेरहमी के साथ मारपीट की गई है।डंडे से पीट पीट कर हत्या की गई है।पड़ोस के लोगों ने बताया है कि पति मुकेश ही अपनी पत्नी की मारपीट कर हत्या कर दी है।पड़ोसियों की सूचना पर ही पुलिस घटनास्थल पहुंची।पुलिस ने मृत महिला के शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, महिला की हत्या से पहले बेरहमी से पिटाई की गई थी। मृत महिला के छाती की 8 पसलियां टूटी हुई थीं।शरीर पे कई गहरे चोट के निशान भी पाए गए।इस मामले में हत्यारे पति मुकेश को जेल भेज दिया गया है।

### विधायक ने जरूरतमंदो को सौंपा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का चेक

गिरिडीह(ईएमएस)।गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से 6 परिवारों को रविवार को पचास पचास हजार रुपए का चेक सौंपकर मदद की हैं। चार व्यक्तियों को इलाज के लिए और दो मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद का चेक दिया गया।विधायक ने पांडेयडीह के काजल कुमारी,बीबीसी रोड के रुकसाना जबी,कोलडीहा के ममता देवी पचंबा के सिकंदर आलम को इलाज के लिए पचास पचास हजार रुपए का चेक सौपा हैं।दो मृत व्यक्तियों के परिजन बुढ़िया खाद निवासी सहिना बानो और गिरिडीह के सागर कुमार सिन्हा को पचास पचास हजार रुपए का चेक दिया।विधायक ने इसके पूर्व भाजपा के बीमार वरिष्ट नेता बाबुल प्रसाद गुप्ता का घर जाकर हालचाल पूछा था और उन्हें भी 50 हजार रुपए की मदद की थी।

### जोन्हीखांड़ के पास हाथियों ने किया हमला, युवक की मौत

गढ़वा(ईएमएस)।जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र में हाथियों का आतंक फिर से देखने को मिला है, जहां शनिवार रात भंडरिया से दशहरा देखकर लौट रहे 28 वर्षीय रामदेव सिंह को हाथियों ने कुचल कर मार डाला।वहीं, रामदेव के तीन साथी अपनी जान बचा कर भागने में कामयाब रहे। इस घटना ने स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बना दिया है।ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा के उपायों को सख्ती से लागू करने की बात की है। बताया गया कि रात करीब 10 बजे रामदेव दशहरा मेला देखने के बाद अपने दोस्तों के साथ चुटिया लौट रहे थे, जब जोन्हीखांड़ के पास हाथियों का झुंड अचानक सड़क पर आ गया।रामदेव और उसके साथी दो बाइक पर सवार थे।एक बाइक चालक ने तुरंत बाइक घुमा ली, जबकि रामदेव के साथी सचिन ने कूद कर जंगल की ओर भागने में सफलता पाई।लेकिन रामदेव को हाथियों ने पकड़ लिया और उसे जंगल की ओर खींच कर ले गए।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए। जेनेवा पंचायत के मुखिया के पति इंद्रदेव सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण रात में टॉर्च लेकर जंगल पहुंचे और रामदेव का शव खोजा।मृतक के परिवार को वन विभाग ने 50 हजार रुपए की तत्काल सहायता प्रदान की।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ में वीर जवानों के साथ विजयदशमी का पर्व मनाया

रामगढ़(ईएमएस)।केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रामगढ़ छावनी परिषद पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में शस्त्र पूजन की साथ ही जवानों को मिठाई खिलाकर विजयदशमी का त्योहार उनके साथ मनाई।इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा पूरे भारतवर्ष को अपने सैनिकों पर गर्व है हमारी सेना ने देश की हर परिस्थिति में शांति स्थापित करने सेवा करने में जो समर्पण दिखाया है वह अद्भुत है।आज यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे वीर सैनिकों के साथ विजयदशमी पर्व मनाने का मौका मिला है। आज भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति और मजबूती प्रदान की है। आज हमारी सेना बहुत मजबूत हुई है। रक्षा के क्षेत्र में भारत दुनिया में मजबूत हुआ है भारत रक्षा के उत्पादन मे काफी आगे बढ़ चुका है।

# गढ़वा में विसर्जन विवाद बढ़ा, लोगो ने बैरिकेड तोड़ा, पुलिस की लाठीचार्ज में कई घायल

गढ़वा(ईएमएस)।गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर शनिवार से बना हुआ तनावपूर्ण माहौल रविवार को रणक्षेत्र में बदल गया। विवादित सड़क मार्ग पर निषेधाज्ञा लागू करने के बाद रविवार को पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस प्रशासन की ओर से लगाए गए बैरिकेटिंग को तोड़ने के प्रयास के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।इस लाठीचार्ज की घटना में कई लोग चोटिल हो गई। इसके बाद लोग आक्रोशित हो गए और लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। दौड़ते हुए भीड़ की ओर से शुरू हुई पत्थरबाजी में पुलिसकर्मियों को आधा किमी दूर भागकर जान बचानी पड़ी।इस घटना में एएसपी राहुल देव बड़ाइक के सिर में पत्थर लगने से उन्हें गंभीर चोट लगी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो सहित समिति के अन्य लोगों ने उन्हें भीड़ से सुरक्षित निकाला।इसके अलावे आक्रोशित भीड़ ने सड़क किनारे खड़ी पुलिस वैन व थाना प्रभारी की बोलेरो व विधायक प्रतिनिधि का चार पहिया वाहन को क्षतिग्रस्त कर पलट दिया।मामला बढ़ता देख पुलिस ने हवाई फायरिंग की।वहीं आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज व पत्थरबाजी की घटना में रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह और रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुटिया को भी चोट लगी है।वहीं पुलिस की लाठीचार्ज में एक दर्जन महिला व पुरुष चोटिल हुए



हैं।जिन्हें इलाज के लिये छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पुलिस की फायरिंग में एक युवक के पैर में गोली लगने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की घटना से इनकार किया है।ग्रामीणों ने इस प्रकार से उग्र होने के बाद गढ़वा से अतिरिक्त पुलिस बल लाकर विवादित रास्ते पर तैनात किया गया है।वहीं इस घटना के बाद पूजा समिति के लोग मूर्ति विसर्जन रोक दिए हैं और अब पंडाल के पास बैठकर भजन- कीर्तन कर रहे हैं। घटनास्थल पर रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतीया व भंडरिया थाना प्रभारी आशीष जायसवाल कैंप किए हुए हैं।वही गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर व एसपी दीपक कुमार पांडेय भंडरिया थाना पहुंचकर दोनों समुदाय के लोगों के साथ बात कर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं।दरअसल मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा समिति को निर्गत लाइसेंस में जिस सड़क मार्ग से विसर्जन किए जाने का उल्लेख है। उस रास्ते से विसर्जन को लेकर एक विशेष समुदाय की ओर से आपत्ति दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस ने इस विवादित सड़क( चांदनी श्रृंगार स्टोर से विक्तेश्वर साव के रास्ते) पर निषेधाज्ञा लगाया था।वहीं प्रशासन की ओर से इस रास्ते से कभी भी विसर्जन नहीं किए जाने की बात कहकर विसर्जन पर रोक लगा दी थी। लेकिन समिति के लोग लाइसेंस में वर्णित मार्ग से ही विसर्जन किए जाने को लेकर अड़े थे। मामला तनावपूर्ण होता देख रंका एसडीओ ने विवादित सड़क पर निषेधाज्ञा लगाया।मामला बढ़ता देख पूजा समिति ने शनिवार को मूर्ति विसर्जन को स्थगित कर दिया।दूसरे दिन रविवार को ग्रामीणों द्वारा उसी विवादित मार्ग से मूर्ति विसर्जन का प्रयास करने पर मामला प्रशासन के साथ उनका भिड़ंत हो गया।

## जनता को योजनाओं का लाभ दिलाना मकसद : डॉ रामेश्वर उरांव

लोहरदगा (ईएमएस)। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा रविवार को लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत 5 मुख्य पथों का शिलान्यास किया गया। जिसमें ग्राम बड़ागाईं, भंडरा तथा कैरो प्रखंड अंतर्गत बड़ागाई चट्टी में कुल 11 सड़कों का शिलान्यास एवं नदिया मोड़ से अरकोसा रामपुर इरगांव होते हुए कुल 8 सड़कों एवं भंडरा तक पथ शिलान्यास एवं ग्राम सलगी मुख्य पथ से गर्भु टोली राजकुमार भगत के घर तक पथ निर्माण शिलान्यास एवं ग्राम कोलसिमरी से ग्राम लावागाइं तक पथ एवं हनहठ लोहरा टोली भूखन लोहरा के घर से दरदरा नदी तक पथ शिलान्यास किया गया।मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया और इस सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा की जनता की जन आकांक्षाओं अनुरूप विकास कार्य किया जा रहा है।जनता की मांग थी कि निम्न ग्रामों की सड़क जर्जर अवस्था में है एवं आवागमन में बरसात के दिनों में काफ़ी समस्या होती है।इस पर हमनें त्वरित कारवाई किया एवं अब ये सड़कें जल्द बन कर तैयार होंगी। ये लोहरदगा में मिनी कॉरिडोर का काम करेंगे।पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा की सभी जर्जर सड़कों पर ध्यान आकृष्ट कर पहल की जा रही है।

## एसबीआई मेन ब्रांच की तीसरी मंजिल पर लगी आग, कागजात व अन्य सामान जले

साहिबगंज(ईएमएस)। साहिबगंज शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। शाम करीब 5:45 बजे बैंक की तीसरी मंजिल पर लगी आग से पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते आग की लपटें बाहर आने लगीं।पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया।स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी। करीब 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहन के साथ पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। साहिबगंज नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।बैंक निचले तल्ले पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बारी-बारी से हथियार व अन्य सामान को वहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया।करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया।आग से महत्वपूर्ण कागजात व अन्य सामान जल गए हैं. कितने का नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।बताया गया कि जिस कमरे में आग लगी, उसमें लोन डिपार्टमेंट से जुड़े कागजात रखे हुए थे। उसी में फील्ड ऑफिसर का कार्यालय भी है।मौके पर मौजूद भगवती तंबाखू वाला, विकास गुप्ता, गोपाल चोखानी, शौरभ कुमार आदि ने बताया कि उन लोगों ने पहले अपने स्तर से ही आग बुझाने के प्रयास किया।

रजिस्ट्री सं. डी. एल--33004/99 REGD- No- D- L--33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

सी.जी..डी.एल.अ. 05102024-257722

CG-DL-E-05102024- 257722

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii) PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3946, नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 1,2024/अश्विन 9,1946

No- 3946] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 1, 2024/ ASVINA 9, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय अधिसूचना**

**नई दिल्ली 1 अक्तूबर, 2024**

का.आ. 4305(अ).– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 128(E) तारीख 10/01/2024, 468(E) तारीख 02/02/2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के जामतारा जिले में NH419 के कि.मी. 8.56 से कि.मी. 43.80 तक के भूखण्ड पर (चौड़ीकरण/पेव्डशोलडर सहित 2–लेन का निर्माण के, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख 23/01/2024, 24/01/2024 और 14/02/2024, 15/02/2024 को दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान और प्रभात ख़बर, हिन्दुस्तान में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर अत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के जामतारा जिले में NH419 के कि. मी. 8.56 से कि. मी. 43.80 चौड़ीकरण/पेव्डशोलडर सहित 2–लेन का निर्माण के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

राज्य का नामः झारखंड — जिले का नामः जामतारा

| सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | सर्वेक्षण संख्या | भूवामी / जहतब ययि का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम :– जामतारा | | | | | |
| गॉव का नाम :– धोबना | | | | | |
| 138 | 1515 | निजी | बाडी दोयम | 0.0283286 | पॉंडू मराण्डी वो थोलो मराण्डी वो चुड़का मराण्डी (आर0टी0) वंशजः वैजनाथ मराण्डी पिता स्व0 देवेन मराण्डी वो विनोद मराण्डी पिता स्व0 मदन मराण्डी वो सहदेव मराण्डी वो बादल मराण्डी वो सुकलदेव मराण्डी पिता स्व0 परमेश्वर मराण्डी वो जयदेव मराण्डी वो वलदेव मराण्डी वो सुधीर मराण्डी पिता स्व0 इश्वर मराण्डी वो वदी लाल मराण्डी पिता स्व0 आनो मराण्डी वो महतान मराण्डी पिता स्व0 दशरथ मराण्डी वो मिलोनी मुर्मू पति स्व0 छोटो मराण्डी वो बुधन मराण्डी वो अजित मराण्डी पिता स्व0 रामश्ेवर मराण्डी वो शिवलाल मराण्डी वो रविलाल मराण्डी वो मोहन मराण्डी पिता स्व0 जुना मराण्डी वो सोनामुनी हेम्ब्रम पति स्व0 शितल मराण्डी |
| 139 | 1516 | निजी | बाडी दोयम | 0.0323756 | पॉंडू मराण्डी (आर0टी0) वंशजः वैजनाथ मराण्डी पिता स्व0 देवेन मराण्डी वो विनोद मराण्डी पिता स्व0 मदन मराण्डी वो सहदेव मराण्डी वो बादल मराण्डी वो सुकलदेव मराण्डी पिता स्व0 परमेश्वर मराण्डी |
| 140 | 1517 | निजी | बाडी दोयम | 0.034399 | चुड़का मराण्डी (आर0टी0) वंशज बुधन मराण्डी वो अजित मराण्डी पिता स्व0 रामश्ेवर मराण्डी वो शिवलाल मराण्डी वो रविलाल मराण्डी वो मोहन मराण्डी पिता स्व0 जुना मराण्डी वो सोनामुनी हेम्ब्रम पति स्व0 शितल मराण्डी |
| 141 | 1518 | निजी | बाडी दोयम | 0.034399 | थोलो मराण्डी (आर0टी0) जयदेव मराण्डी वो वलदेव मराण्डी वो सुधीर मराण्डी पिता स्व0 इश्वर मराण्डी वो वदी लाल मराण्डी पिता स्व0 आनो मराण्डी वो महतान मराण्डी पिता स्व0 दशरथ मराण्डी वो मिलोनी मुर्मू पति स्व0 छोटो मराण्डी |
| 142 | 1520 | निजी | धानी सेम | 0.0647511 | बडकु बेसरा (आर0टी0) वंशजः सनातन बेसरा वो मनसु बेसरा वो सिद्देश्वर बेसरा वो चीनीलाला बेसरा पिता स्व0 परेश बेसरा वो मोटका बेसरा वो निश्पति बेसरा पिता स्व0 परगान बेसरा वो बाबुजन बेसरा पिता स्व0 सोमलाल बेसरा वो गोमस्त बेसरा वो मनोरंजन बेसरा वो सोनालाल बेसरा वो निमदे बेसरा वो लखिन्द्र बेसरा पिता स्व0 जनेश्वर बेसरा |
| 143 | 1522 | निजी | बाडी दोयम | 0.111291 | बडकु बेसरा (आर0टी0) वंशजः सनातन बेसरा वो मनसु बेसरा वो सिद्देश्वर बेसरा वो चीनीलाला बेसरा पिता स्व0 परेश बेसरा वो मोटका बेसरा वो निश्पति बेसरा पिता स्व0 परगान बेसरा वो बाबुजन बेसरा पिता स्व0 सोमलाल बेसरा वो गोमस्त बेसरा वो मनोरंजन बेसरा वो सोनालाल बेसरा वो निमदे बेसरा वो लखिन्द्र बेसरा पिता स्व0 जनेश्वर बेसरा |
| 144 | 1524 | निजी | धानी दोयम | 0.0768919 | धुगु टुडु वो अनुपा टुडू वो होपना टुडू पिता मनसा टुडू (आर0टी0) |
| 145 | 1746 | निजी | बाडी दोयम | 0.0647511 | लखन हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः– मुन्सी हेम्ब्रम वो शिशुलाल हेम्ब्रम वो लवशन हेम्ब्रम पिता स्व0 टिकेत हेम्ब्रम |
| 146 | 1747 | निजी | बाडी दोयम | 0.0404694 | बिक्रम हेम्ब्रम वो लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः–बिक्रम हेम्ब्रम (नावल्द मृत) आर0टी0 वो सुनील हेम्ब्रम वो मोना हेम्ब्रम वो सुबोधन हेम्ब्रम वो अनिल हेम्ब्रम पिता स्व0 भादु हेम्ब्रम वो वासुदेव हेम्ब्रम पिता स्व0 सुरेन्द्र हेम्ब्रम वो सलखु हेम्ब्रम वो मधु हेम्ब्रम पिता स्व0 भातड़ हेम्ब्रम वो जेठा हेम्ब्रम (नावल्द मृत) पिता स्व0 लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) |
| 147 | 1757 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0020235 | भिखु मंडल (आर0टी0) |
| 148 | 1758 | निजी | बाडी दोयम | 0.0101174 | खोखा मंडल वो चंद्र मंडल पिता हरि राम मंडल वो बाबुलाल मंडल वो केदार मंडल वो फुची राम मंडल पिता रमु मंडल (आर0टी0) |
| 149 | 1759 | निजी | बाडी दोयम | 0.0141643 | मकुन्द मंडल (आर0टी0) |
| 150 | 1786 | निजी | बाडी दोयम | 0.1335492 | डोमन मंडल (आर0टी0) वंशजः– कौशल्या मंडल वो पंगला मंडल वो आदौरा मंडल पिता स्व0 अकलु मंडल |
| 151 | 1787 | निजी | बाडी दोयम | 0.0263051 | मोतीलाल मंडल (आर0टी0) |
| 152 | 227 | निजी | बाडी दोयम | 0.038446 | धुगु टुडु वो अनुपा टुडू वो होपना टुडू पिता मनसा टुडू (आर0टी0) |
| 153 | 228 | निजी | बाडी दोयम | 0.0121408 | बडकु बेसरा (आर0टी0) वंशजः सनातन बेसरा वो मनसु बेसरा वो सिद्देश्वर बेसरा वो चीनीलाला बेसरा पिता स्व0 परेश बेसरा वो मोटका बेसरा वो निश्पति बेसरा पिता स्व0 परगान बेसरा वो बाबुजन बेसरा पिता स्व0 सोमलाल बेसरा वो गोमस्त बेसरा वो मनोरंजन बेसरा वो सोनालाल बेसरा वो निमदे बेसरा वो लखिन्द्र बेसरा पिता स्व0 जनेश्वर बेसरा |
| 154 | 229 | निजी | बाडी दोयम | 0.0080939 | लखन हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः– मुन्सी हेम्ब्रम वो शिशुलाल हेम्ब्रम वो लवशन हेम्ब्रम पिता स्व0 टिकेत हेम्ब्रम |
| 155 | 231 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0849858 | पार्वती हॉंसदा (आर0टी0) वंशजः नन्दो मुर्मू वो विशेश्वर मुर्मू वो साहेवलाल मुर्मू पिता स्व0 हेमलाल मुर्मू वो मोहरील मुर्मू पिता स्व0 बाबुलाल मुर्मू वो माकु मुर्मू पति स्व0 गुपिन टुडू वो गुनी मराण्डी पिता स्व0 तुमी सोरेन |
| 156 | 235 | निजी | बाडी दोयम | 0.0687981 | बिक्रम हेम्ब्रम वो लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः–बिक्रम हेम्ब्रम (नावल्द मृत) आर0टी0 वो सुनील हेम्ब्रम वो मोना हेम्ब्रम वो सुबोधन हेम्ब्रम वो अनिल हेम्ब्रम पिता स्व0 भादु हेम्ब्रम वो वासुदेव हेम्ब्रम पिता स्व0 सुरेन्द्र हेम्ब्रम वो सलखु हेम्ब्रम वो मधु हेम्ब्रम पिता स्व0 भातड़ हेम्ब्रम वो जेठा हेम्ब्रम (नावल्द मृत) पिता स्व0 लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) |
| 157 | 236 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0404694 | लखन हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः– मुन्सी हेम्ब्रम वो शिशुलाल हेम्ब्रम वो लवशन हेम्ब्रम पिता स्व0 टिकेत हेम्ब्रम |
| 158 | 238 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0020235 | धुगु टुडु वो अनुपा टुडू वो होपना टुडू पिता मनसा टुडू (आर0टी0) |
| 159 | 248 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0060704 | गुड़रा मराण्डी वो सुकु मराण्डी वो छोबा मराण्डी वो चुड़का मराण्डी (आर0टी0) वंशजः– गुड़रा मराण्डी (नावल्द मृत) आर0टी0 वो जगदिश मराण्डी पिता स्व0 रजन मराण्डी वो सोमलाल मराण्डी वो रामलाल मराण्डी पिता स्व0 शिवचरण मराण्डी वो रोहनी मराण्डी पिता स्व0 छोबा मराण्डी वो सरजी मराण्डी पिता स्व0 चुड़का मराण्डी |
| 160 | 250 | निजी | वाड़ी आउल | 0.0768919 | खड़े मुर्मु (आर0टी0) वंशज सीतामुनी सोरेन पति स्व0 बानेश्वर मुर्मू वो चंद्र मुर्मू वो कालिदास मुर्मू पिता स्व0 रावन मुर्मू वो पुतली वास्की पति स्व0 नकुल मुर्मू |
| 161 | 366 | निजी | धानी सेम | 0.0323756 | मु0 बड़की मुर्मू वो पार्वती मेझियाईन वो लुखी मेझियाईन (आर0टी0) वंशजः पार्वती मेझियाईन माता स्व0 बड़की मुर्मू वो गोमस्त सोरेन वो पिथो सोरेन वो बालकिशोर सोरेन पिता स्व0 विष्टु सोरेन वो पार्वती मेझियाईन (नावल्द मृत) आर0टी0 वो गोमस्त सोरेन वो पिथो सोरेन वो बालकिशोर सोरेन पिता स्व0 विष्टु सोरेन |
| 162 | 369 | निजी | हिड़ | 0.072845 | सोहन मियॉं वो जहन मियॉं पिता पॉंडु मियॉं वो ईहादली मियॉं वो मोसलीम मियॉं वो सखाउद्दीन मियॉं वो अदिस मियॉं पिता आरसली मियॉं वो उगन मियॉं वो फुटू मियॉं पिता सोदा मियॉं (आर0टी0) |
| 163 | 371 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0323756 | बडकु बेसरा (आर0टी0) वंशजः सनातन बेसरा वो मनसु बेसरा वो सिद्देश्वर बेसरा वो चीनीलाला बेसरा पिता स्व0 परेश बेसरा वो मोटका बेसरा वो निश्पति बेसरा पिता स्व0 परगान बेसरा वो बाबुजन बेसरा पिता स्व0 सोमलाल बेसरा वो गोमस्त बेसरा वो मनोरंजन बेसरा वो सोनालाल बेसरा वो निमदे बेसरा वो लखिन्द्र बेसरा पिता स्व0 जनेश्वर बेसरा |
| 164 | 373 | निजी | धानी सेम | 0.0283286 | सोहन मियॉं वो जहन मियॉं पिता पॉंडु मियॉं वो ईहादली मियॉं वो मोसलीम मियॉं वो सखाउद्दीन मियॉं वो अदिस मियॉं पिता आरसली मियॉं वो उगन मियॉं वो फुटू मियॉं पिता सोदा मियॉं (आर0टी0) |
| 165 | 374 | निजी | धानी आउल | 0.0242817 | सोहन मियॉं वो जहन मियॉं पिता पॉंडु मियॉं वो ईहादली मियॉं वो मोसलीम मियॉं वो सखाउद्दीन मियॉं वो अदिस मियॉं पिता आरसली मियॉं वो उगन मियॉं वो फुटू मियॉं पिता सोदा मियॉं (आर0टी0) |
| 166 | 376 | निजी | धानी दोयम | 0.0060704 | पार्वती हॉंसदा (आर0टी0) वंशजः नन्दो मुर्मू वो विशेश्वर मुर्मू वो साहेवलाल मुर्मू पिता स्व0 हेमलाल मुर्मू वो मोहरील मुर्मू पिता स्व0 बाबुलाल मुर्मू वो माकु मुर्मू पति स्व0 गुपिन टुडू वो गुनी मराण्डी पिता स्व0 तुमी सोरेन |
| 167 | 377 | निजी | धानी दोयम | 0.0040469 | सोहन मियॉं वो जहन मियॉं पिता पॉंडु मियॉं वो ईहादली मियॉं वो मोसलीम मियॉं वो सखाउद्दीन मियॉं वो अदिस मियॉं पिता आरसली मियॉं वो उगन मियॉं वो फुटू मियॉं पिता सोदा मियॉं (आर0टी0) |
| 168 | 382 | निजी | धानी दोयम | 0.0020235 | धुगु टुडु वो अनुपा टुडू वो होपना टुडू पिता मनसा टुडू (आर0टी0) |
| 169 | 390 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0080939 | खड़े मुर्मु (आर0टी0) वंशज सीतामुनी सोरेन पति स्व0 बानेश्वर मुर्मू वो चंद्र मुर्मू वो कालिदास मुर्मू पिता स्व0 रावन मुर्मू वो पुतली वास्की पति स्व0 नकुल मुर्मू |
| 170 | 392 | निजी | धानी दोयम | 0.0040469 | बडकु बेसरा (आर0टी0) वंशजः सनातन बेसरा वो मनसु बेसरा वो सिद्देश्वर बेसरा वो चीनीलाला बेसरा पिता स्व0 परेश बेसरा वो मोटका बेसरा वो निश्पति बेसरा पिता स्व0 परगान बेसरा वो बाबुजन बेसरा पिता स्व0 सोमलाल बेसरा वो गोमस्त बेसरा वो मनोरंजन बेसरा वो सोनालाल बेसरा वो निमदे बेसरा वो लखिन्द्र बेसरा पिता स्व0 जनेश्वर बेसरा |
| 171 | 422 | निजी | धानी सेम | 0.0242817 | पॉंडू मराण्डी (आर0टी0) वंशजः वैजनाथ मराण्डी पिता स्व0 देवेन मराण्डी वो विनोद मराण्डी पिता स्व0 मदन मराण्डी वो सहदेव मराण्डी वो बादल मराण्डी वो सुकलदेव मराण्डी पिता स्व0 परमेश्वर मराण्डी |
| 172 | 423 | निजी | धानी सेम | 0.0242817 | पॉंडू मराण्डी (आर0टी0) वंशजः वैजनाथ मराण्डी पिता स्व0 देवेन मराण्डी वो विनोद मराण्डी पिता स्व0 मदन मराण्डी वो सहदेव मराण्डी वो बादल मराण्डी वो सुकलदेव मराण्डी पिता स्व0 परमेश्वर मराण्डी |
| 173 | 424 | निजी | धानी सेम | 0.0222582 | थोलो मराण्डी (आर0टी0) जयदेव मराण्डी वो वलदेव मराण्डी वो सुधीर मराण्डी पिता स्व0 इश्वर मराण्डी वो वदी लाल मराण्डी पिता स्व0 आनो मराण्डी वो महतान मराण्डी पिता स्व0 दशरथ मराण्डी वो मिलोनी मुर्मू पति स्व0 छोटो मराण्डी |
| 174 | 425 | निजी | धानी सेम | 0.0263051 | चुड़का मराण्डी (आर0टी0) वंशज बुधन मराण्डी वो अजित मराण्डी पिता स्व0 रामश्ेवर मराण्डी वो शिवलाल मराण्डी वो रविलाल मराण्डी वो मोहन मराण्डी पिता स्व जुना मराण्डी वो सोनामुनी हेम्ब्रम पति स्व0 शितल मराण्डी |
| 175 | 426 | निजी | धानी सेम | 0.0141643 | पॉंडू मराण्डी वो थोलो मराण्डी वो चुड़का मराण्डी (आर0टी0) वंशजः वैजनाथ मराण्डी पिता स्व0 देवेन मराण्डी वो विनोद मराण्डी पिता स्व0 मदन मराण्डी वो सहदेव मराण्डी वो बादल मराण्डी वो सुकलदेव मराण्डी पिता स्व0 परमेश्वर मराण्डी वो जयदेव मराण्डी वो वलदेव मराण्डी वो सुधीर मराण्डी पिता स्व0 इश्वर मराण्डी वो वदी लाल मराण्डी पिता स्व0 आनो मराण्डी वो महतान मराण्डी पिता स्व0 दशरथ मराण्डी वो मिलोनी मुर्मू पति स्व0 छोटो मराण्डी वो बुधन मराण्डी वो अजित मराण्डी पिता स्व0 रामश्ेवर मराण्डी वो शिवलाल मराण्डी वो रविलाल मराण्डी वो मोहन मराण्डी पिता स्व0 जुना मराण्डी वो सोनामुनी हेम्ब्रम पति स्व0 शितल मराण्डी |
| 176 | 96 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0020235 | बिक्रम हेम्ब्रम वो लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः–बिक्रम हेम्ब्रम (नावल्द मृत) आर0टी0 वो सुनील हेम्ब्रम वो मोना हेम्ब्रम वो सुबोधन हेम्ब्रम वो अनिल हेम्ब्रम पिता स्व0 भादु हेम्ब्रम वो वासुदेव हेम्ब्रम पिता स्व0 सुरेन्द्र हेम्ब्रम वो सलखु हेम्ब्रम वो मधु हेम्ब्रम पिता स्व0 भातड़ हेम्ब्रम वो जेठा हेम्ब्रम (नावल्द मृत) पिता स्व0 लुदा हेम्ब्रम (आर0टी0) |
| 177 | 97 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0161878 | खड़े मुर्मु (आर0टी0) वंशज सीतामुनी सोरेन पति स्व0 बानेश्वर मुर्मू वो चंद्र मुर्मू वो कालिदास मुर्मू पिता स्व0 रावन मुर्मू वो पुतली वास्की पति स्व0 नकुल मुर्मू |
| 178 | 98 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0182113 | पुरन हेम्ब्रम वो चनकू हेम्ब्रम वो केदार हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः जनेश्वर हेम्ब्रम पिता स्व0 सोनाराम हेम्ब्रम वो चुनकु हेम्ब्रम (नावल्द मृत) आर0टी0 वो रशिक हेम्ब्रम पिता स्व0 रावन हेम्ब्रम मिलोनी बेसरा पति स्व0 सुबान हेम्ब्रम वो नागेश्वर हेम्ब्रम पिता स्व0 हेमन्त हेम्ब्रम वो मिश्रीलाल हेम्ब्रम वो किशुन हेम्ब्रम पिता स्व0 धोना हेम्ब्रम |
| 179 | 99 | निजी | वाड़ी दोयम | 0.0202347 | लखन हेम्ब्रम (आर0टी0) वंशजः– मुन्सी हेम्ब्रम वो शिशुलाल हेम्ब्रम वो लवशन हेम्ब्रम पिता स्व0 टिकेत हेम्ब्रम |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/km.8.56 to km.30.930/NH-419/JHR/2021-22/3D]

अभय जैन, उप सचिव

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, जामताड़ा।

PR 338625 District(24-25)D

## संक्षिप्त खबरें

### बापू वाटिका में लगेगा छात्र अदालत पहुंचेंगे एक लाख छात्र

रांचीः सत्याग्रह स्थल से इमाम सफी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा 14 अक्टुबर को झारखंड के सभी 24 जिला से एक लाख छात्र मोरहाबादी पहुंचेंगे और लगेगा छात्र अदालत। यहीं परीक्षा को रद्द करवाने की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल व अन्य परीक्षार्थी से अपील की है की 14 अक्टुबर सोमवार को चट्टानी एकता का परिचय दें 26 और 30 सितंबर की तरह एकजूटता दिखाएंगे। पहले जैसी गलती नहीं दौहराएंगे इस बार निर्णायक लड़ाई है सरकार को वार्ता के लिए बाध्य करेंगे। चंदन कुमार ने कहा 14 अक्टुबर को सुबह ग्यारह बजे ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थी मोरहाबादी पहुंचे वहीं पर सर्व सहमति से विवादित परीक्षा रद्द कराने की अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डां कहकशां कमाल ने कहा जेएसएससी कार्यालय में दो बार आन्दोलन हो चुका है कोई परिणाम नहीं आया इसलिए इस बार मोरहाबादी में छात्र महाजुटान होना है और अंततः परीक्षा रद्द कराएंगे। मौके पर महेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार,अजय कुमार महतो आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल से मिले वीरेंद्र प्रधान

रांची : लोक जनशक्ति पार्टी आर के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने अपने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, प्रवक्ता उमेश तिवारी और आईटी सेल अध्यक्ष अभिषेक राय भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि यह औपचारिक भेंट थी, जिसमें राज्य के विकास और रोजगार के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संतोष गंगवार एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने आठ बार लोकसभा चुनाव जीता है और कई बार केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवाएं दी हैं। उनके अनुभव से राज्य को फायदा होगा।

### दुर्गा उत्सव विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न

रांचीः नवरात्र के 10 दिनों तक चलने वाले दुर्गा उत्सव का समापन मां भवानी के विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के साथ संपन्न हुआ राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडाल में विराजित मां की प्रतिमा का विदाई विसर्जन शोभा यात्रा निकल गई मां दुर्गा सरस्वती लक्ष्मी भगवान गणेश कार्तिकेय और असुर राज महिषासुर के मूर्ति को बड़े वाहनों पर विराजमान कर शहर के विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जा रही है बहुत चर्चित पूजा पंडाल में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी मन की विदाई विसर्जन शोभायात्रा काफी भव्य रूप से निकल गई शोभा यात्रा का आकर्षण विसर्जन शोभा यात्रा डोली में निकला जाना बेहद ही आकर्षण रहा वही मातृ शक्ति की प्रधानता के साथ महिलाएं घोड़े पर सवार हो हाथों में वीरता का प्रतीक तलवार लेकर इस शोभा यात्रा में शामिल रही आकर्षक रूप से बुलेट पर सवार हो वीरांगना मां के विसर्जन विदाई में शामिल हुई वही रथ पर भगवान का दरबार लगाया गया चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य गण भजन ढोल ताशा के धुन पर झूमते गाते मां का जयकारा के साथ आंतरिक करुणा से मां की विदाई में सम्मिलित रहे वही विसर्जन विदाई शोभा यात्रा के मार्ग में पडने वाले विभिन्न मंदिरों के द्वार में समिति के पदाधिकारी नद मस्तक हुए.

### इंद्रपुरी रावण दहन समिति के द्वारा रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण दहन का कार्यक्रम किया गया

रांचीः शुक्रवार को रातू रोड बिरला मैदान में इंद्रपुरी रावण दहन समिति के द्वारा रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण दहन का कार्यक्रम प्रथम बार किया गया I कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक मृत्युंजय सिंह, मुख्य संयोजक उत्तम यादव, नीरज कुमार अशोक श्रीवास्तव उपस्थित थे I प्रथम वर्ष पर दशहरा के शुभ अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए उमार पड़े I बिड़ला मैदान में अलग-अलग कार्यक्रम होती आ रही है लेकिन इस बार जो हमारे नौजवान जो भटकाओं की ओर हैं चरस अफीम ब्राउन शुगर के चपेट में हैं महिलाएं के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही है ऐसे लोगों को मुख्य धारा में लाने एवं बुराई पर अच्छाई की जीत हो या पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया I कार्यक्रम में अजय तिर्की, रमेश सिंह, सूरज टोप्पो, दिलीप गुप्ता, सुरेश केडिया, प्रकाश सिंहा, मंटू सिंह मनजीत सिंह, सरवन साहू सकलदीप मुख्य रूप से उपस्थित थे I

### पेड़-पौधे और वनस्पतियां जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक

नई दिल्ली (ईएमएस)। पेड़-पौधे और वनस्पतियां हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हम सभी मानते हैं कि धरती पर ऑक्सीजन का मुख्य स्रोत पेड़-पौधे हैं, लेकिन एक अद्भुत तथ्य यह है कि धरती पर मौजूद 80 प्रतिशत ऑक्सीजन कहीं और से आती है। विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि वायुमंडल में 28प्रतिशत ऑक्सीजन जंगलों से मिलती है, जबकि 2प्रतिशत अन्य स्रोतों से आती है। हालांकि, समुद्रों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। वायुमंडल में मौजूद 50प्रतिशत से 80प्रतिशत ऑक्सीजन का स्रोत समुद्र हैं। समुद्र सांस नहीं लेते, लेकिन समुद्र के अंदर कई प्रकार के समुद्री पौधे होते हैं, जो धरती के पेड़-पौधों से भी ज्यादा ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं। इनमें मुख्य रूप से फाइटोप्लांकटन, केल्प और शैवाल प्लैंकटन शामिल हैं। ये समुद्री पौधे फोटोसिंथेसिस की प्रक्रिया के माध्यम से ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने आदि शंकराचार्य का ट्रेलर लॉन्च किया

धनबाद : आर्ट ऑफ लिबिंग के संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज "आदि शंकराचार्य" का ट्रेलर लॉन्च किया। गुरुदेव ने कहा, "ज्ञान को समय-समय पर पुनर्जीवित करना आवश्यक है। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान को पुनर्जीवित किया । उन्होंने भक्ति, ज्ञान और कर्म को एकत्र किया। उनका यही संदेश था कि जीवन दुख नहीं बल्कि आनंद है।" एक प्रेस विगप्ती जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी।
यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीजन 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने बताया कि "आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं जिनका नाम तो प्रसिद्ध है लेकिन उनके जीवन की कहानी बहुत से लोगों को पता नहीं है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन महत्वपूर्ण था, जिसमें उन्होंने देश भर में यात्रा की और सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया। उनके द्वारा स्थापित परंपराएं आज भी जीवित हैं और वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं।" इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया, "यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देश भर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं ।




# पंजाबी छात्रों के सिर से उतरा कनाडा का भूत, अब देश के कॉलेजों में ले रहे प्रवेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। लुधियाना में ट्रैवल इंडस्ट्री और आईलेट्स कोचिंग व्यवसाय जोनदार कमाई कर रहे थे, लेकिन अब सब खत्म होता नजर आ रहा है। वजह है कनाडा और भारत में तनाव। वीज़ा अस्वीकृतियों में बढ़ोतरी और जस्टिन टूडो सरकार द्वारा प्रवासियों के प्रवाह को रोकने के लिए अपनाई जा रही कठोर नीतियों ने पंजाब-कनाडा के सपने को धूमिल कर दिया है। कोचिंग सेंटरों से लेकर वीज़ा सलाहकारों और एजेंटों तक सैकड़ों व्यवसायों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ी हैं।
एक समय था जब ट्रैवल एजेंट के पास खाने का वक्त नहीं था लेकिन अब कई आफिस बंद हो चुके हैं। इसके लिए कनाडा जिम्मेदार है। एक साल पहले विदेश जाने के इच्छुक छात्रों में आईलेट्स की कोचिंग की होड़ मची थी। हालात यह थे कि सुबह से लेकर रात तक बैच में सैकड़ो बच्चे पढ़ने जाते थे। इस साल एक कोचिंग सेंटर में सिर्फ़ 10-15 छात्रों ने ही एडमिशन लिया है और उनमें से ज़्यादातर ने बीच में ही जाना बंद कर दिया। इन हालातों का कारण है कनाडा और भारत के बीच बढ़ता तनाव।
जानकारों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में उद्योग के आईलेट्स कोचिंग वॉल्यूम में करीब 80 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि वीजा प्रोसेसिंग सेवा की आवश्यकताओं में 60-70 फीसदी की कमी आई है। दिसंबर 2023 से अब तक पंजाब में करीब 35 फीसदी वीजा इमिग्रेशन केंद्र बंद हो चुके हैं। इस साल की शुरुआत में नीतियों में संशोधन के बाद कनाडा जाने के लिए 37 लाख रुपए खर्च करने पढ़ रहे हैं। इसी वजह से छात्रों ने अब विदेश में पढ़ाई करने का प्लान छोड़ दिया है। कनाडा जाने का क्रेज कम होने में बेरोज़गारी बड़ा कारण मानी जा रही है।
कनाडा में बढ़ती हुई बेरोजगारी की खबरों के चलते पंजाबियों को वेट एंड वाच की स्थिति में डाल दिया है। आईलेट्स सेंटर, एयर टिकट, पासपोर्ट एजेंट, वीजा एजेंट सबके ऑफिस खाली पड़े हैं। स्टाफ को सैलरी देने के पैसे तक नहीं हैं। पढ़ने वाले छात्र अब भारत के कॉलेजों में ही दाखिला ले रहे हैं।
अगर हालात मंदी के रहते तो कुछ महीनो में आधे से ज्यादा ट्रेवल एजेंट नजर नहीं आएंगे, क्योंकि एजेंटो ने अपने ऑफिस इतने आलीशान बनाये हुए हैं, जिसके खर्चे निकलना उनके बस की बात नहीं पर ठग ट्रेवल एजेंटो को कोई फर्क नहीं वो पहले की तरह आज भी लोगों को ठग रहे हैं।
भारतीयों ने अवैध रूप से देशों में प्रवेश करने के लिए डंकी मार्ग अपनाना शुरू कर दिया। दिसंबर 2023 से, पांच हजार से ज्यादा भारतीय अवैध रूप से कनाडा की सीमा से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं, जो कुख्यात मेक्सिको सीमा से देश में प्रवेश करने वाले लोगों की संख्या से ज्यादा है। यूनाइटेड किंगडम में बंदरगाह पर शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या भी आसमान छू रही है।

### रूड़की में रेलवे ट्रैक पर मिला गैस सिलेंडर

हरिद्वार। ट्रेन को पलटाने या फिर धमाके की साजिश के कई मामले सामने आ चुके हैं। आरोपियों पर कार्रवाई भी हो रही है,इसके बाद भी ट्रेक पर कुछ न कुछ अनवांटिड चीजे मिल रहीं हैं। देश के कई हिस्सों में ट्रेन को पलटने की साजिश का लगातार खुलासा पिछले कुछ दिनों में हुए हैं। इस बीच उत्तराखंड के रूड़की के पास भी रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर मिलने की सूचना है। रविवार सुबह 06:35 बजे, एक मालगाड़ी (बीसीएनएचएल/32849) के लोको पायलट ने रूड़की (आरके) के स्टेशन मास्टर को सूचित किया कि लंढौरा (एलडीआर) और धंधेरा के बीच किमी ट्रैक पर एक सिलेंडर पाया गया। जानकारी मिलते ही पॉइंट्समैन को तुरंत मौके पर भेजा गया और जांच में पाया गया कि सिलेंडर पूरी तरह से खाली था। बाद में इसे ढंढेरा में स्टेशन मास्टर के पास जमा करवाया गया है। बताते चलें कि जिस जगह पर रेलवे ट्रेक पर सिलेंडर पाया गया है वो जगह एक तरफ नागरिक आवासीय कॉलोनी और दूसरी तरफ आर्मी कैंट की चारदीवारी से घिरा हुआ है।

# पहली बार दिखाई दी गिद्धों की सात प्रजातियां



नई दिल्ली (ईएमएस)। कुछ साल पहले तक गिद्धों की संख्या खतरनाक रूप से घट रही थी, लेकिन अब उनके पुनरुत्थान के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार गिद्धों की सात प्रजातियां देखी गई हैं, जो संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संकेत है।
भारत में गिद्धों की केवल नौ प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से सात प्रजातियों का एक साथ दुधवा नेशनल पार्क में देखा जाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। दुधवा नेशनल पार्क के उपनिदेशक के अनुसार, बायोलॉजिस्टों की टीम ने गिद्धों की संख्या का आकलन किया, जिसमें पाया गया कि दुधवा में लगभग 200 गिद्ध हैं। इससे पहले इतने सारे गिद्धों की विभिन्न प्रजातियों का एक साथ दुधवा में देखा जाना संभव नहीं था। इन गिद्धों के आंकड़ों को दुधवा के रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान जिन प्रजातियों के गिद्ध देखे गए, उनमें इंडियन वल्चर, व्हाइट रम्प्ड वल्चर, स्लेंडर बिल्ड वल्चर, हिमालयन वल्चर, सिनेरियस वल्चर, यूरेशियन ग्रिफॉन और रेड हेडेड वल्चर शामिल हैं।
दुधवा नेशनल पार्क और किशनपुर सेंक्चुरी में किए गए सर्वे में करीब 200 गिद्धों की गिनती की गई है, जो इस क्षेत्र के पर्यावरण के पुनरुद्धार का प्रमाण है।
अगर आप दुधवा नेशनल पार्क घूमने की योजना बना रहे हैं, तो यहां गिद्धों के अलावा कई अन्य दुर्लभ वन्यजीवों को भी देखा जा सकता है। यह पार्क न केवल टाइगर्स के लिए बल्कि उन वन्यजीवों के लिए भी महत्वपूर्ण है जो अन्य स्थानों पर विलुप्त हो चुके हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व में रेड जोन में शामिल इन विलुप्तप्राय प्रजातियों की वापसी संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे गिद्ध अब फिर से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में देखे जा रहे हैं। दुधवा के बफर जोन में ये सात प्रकार की गिद्ध प्रजातियाँ पाई गई हैं।

## आपकी विकास पार्टी ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

रांचीः झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र, आपकी विकास पार्टी ने आज प्रेस क्लब, रांची में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी ने पांच विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की और पार्टी के चुनावी चिह्न 'निब पेन' का अनावरण किया। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य पार्टी की चुनावी रणनीति को उजागर करना और चुनाव में पार्टी की भागीदारी के प्रति जनता को आश्वस्त करना था। आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के विकास और प्रगति के लिए पूरी तरह से समर्पित है। पार्टी पदाधिकारियों ने राज्य के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और बताया कि उनकी नीतियां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के सुधार पर केंद्रित होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीतियों के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के चुनावी चिह्न निब पेन का आधिकारिक रूप से अनावरण किया गया। यह चिह्न पार्टी की पहचान बनेगा और राज्य के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। पार्टी के नेताओं ने भरोसा जताया कि जनता इस चिह्न के माध्यम से उनकी पार्टी के विजन को समझेगी और व्यापक समर्थन प्रदान करेगी। विकास पार्टी ने गांडेय से नौशाद आलम, नाला से जयंतो बनर्जी, डुमरी से रकीब आलम, कोडरमा से कहकशां कमाल, और धनवार से मोहम्मद सगीर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा बड़कागांव से मोहम्मद खिताब अनवर की उम्मीदवारी की भी घोषणा की गई है। यह प्रेस वार्ता झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य में विकास पार्टी की सक्रियता का संकेत देती है। अब देखना यह है कि पार्टी अपनी नीतियों और योजनाओं को जनता तक किस हद तक पहुंचा पाती है और चुनावी मुकाबले में किस तरह का प्रदर्शन करती है।

## नदी में डूबने से बच्चे की मौत

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा में एक बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार कि दोपहर कुंडिलवा नदी में नहाने के दौरान हुआ। इस हादसे में ग्राम चपनाडीह कोडरमा निवासी परमवीर कुमार यादव 10 वर्ष पिता जयकुमार यादव गहरे पानी में डूब गया।जिसको देखकर लोगों ने उसे नदी से बाहर निकाल कर बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा बाल्मीकि यादव ने बताया कि परमवीर कुमार दुर्गा पूजा में अपने ननिहाल बरकट्ठा डीह गांव आया हुआ था। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## हर्षोल्लास व भक्ति-भाव के साथ मनाया गया दुर्गा पूजा का त्यौहार

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।दुर्गा पूजा का त्यौहार बरकट्ठा प्रखंड में हर्षोल्लास व भक्ति-भाव के साथ मनाया गया। दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी थी।बरकट्ठा में शनिवार 12 अक्टूबर दशमी को भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में खिलौने, मिठाई,चाट छोला, फास्ट फूड, जेनरल स्टोर, चप्पल जुता समेत विभिन्न प्रकार कि दुकानें लगाई गई थी।मेला में बरकट्ठा के अलावे आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सपरिवार मेला घूमने पहुंचे।पर्व को लेकर दुर्गा पूजा समिति बंडासिंघा मोड़ के द्वारा नवमी कि रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. शुभारंभ मुखिया ललीता देवी ने किया।इस मौके पर बरकट्ठा सीओ श्रवण कुमार झा, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय मौजूद थे।सीओ श्रवण कुमार झा एवं बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए लोगों को अभिवादन किया।

## दिल्ली में 20 डिग्री से नीचे आया तापमान गुलाबी ठंड ने दी दस्तक



नई दिल्ली(ईएमएस)। सफदरजंग की मानक वेधशाला में शनिवार को न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस महीने में यह पहली बार है, जब न्यूनतम पारा 20 डिग्री से नीचे आया है। दिल्ली के रिज क्षेत्र की सुबह सबसे ज्यादा ठंडी रही। यहां का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, सफदरजंग में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य है। कुल मिलाकर दिल्ली में सुबह और रात में अब हल्की ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने भी जिलाधिकारियों को पराली जलाने से रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। सीएक्यूएम ने कहा कि 15 सितंबर से नौ अक्टूबर के बीच पराली जलाने की पंजाब में 267 और हरियाणा में 187 घटनाएं दर्ज की गईं। वहीं, दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन कचरे के कारण वातावरण में धूल प्रदूषण फैल रहा है। इसको रोकने के लिए नगर निगम ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और एनजीटी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ चालान काटने के लिए योजना बनाई है। साथ ही त्याहारों के संबंध में सफाई व्यवस्था के तहत स्वच्छता अभियान को भी निगम प्रशासन तेज करेगा।मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त तारिक थॉमस, जितेंद्र यादव, प्रमुख अभियंता केपी सिंह और सभी जोन के उपायुक्त उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण कुछ क्षेत्रों में मलबा और कचरा हटाने में देरी हो रही है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को कचरा संग्रहण-प्रबंधन, सीएंडडी कचरे को हटाने और सड़कों की सफाई पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

# एल5 एल6 के वेतन पुन संरचना की जाएः सुनील कुमार साह

रांची : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखंड सरकार द्वारा विगत 08,10,24 को संपन्न कैबिनेट के इस निर्णय जिसमे सेवा शर्तों में विसंगति समाधान के लिए कमिटी बनाई जाएगी। इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग महासंघ माननीय मुख्यमंत्री महोदय झारखंड सरकार से किया है। वर्ष 2016 में ही सातवा वेतन आयोग की सिफारिश जिसमे कई संवर्गो का वेतनमान ,भत्ते की सुधार की गई थी, केंद्र सरकार द्वारा कई तिथियों में सुधार की गई,परंतु आज तक झारखंड में केंद्र के अनुरूप हू बहु सभी संवर्गो को वेतनमान, भत्ते, अन्य सुविधाएं नही दी जा रही है, वेतनमान, भत्ते ,एसीपी की सुधार के लिए पूर्व में भी कमिटी बनाई गई थी,आज तक कोई सुधार नहीं हुई। 8/,9,वर्षो से महासंघ कई संवर्गो का वेतनमान केंद्र के अनुरूप हू बहु देने की मांग करते रहा, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन झारखंड सरकार से महासंघ को उम्मीद थी की सरकार वेतनमान / भत्ते,/एसीपी को देने की घोषणा किया जाता,परंतु किमिटी बनाने की घोषणा कर महासंघ को घोर निराशा हुई है, राज्य कर्मियो के प्रति न्याय संगत निर्णय यही होता की राज्य सरकार मांगो को जो केंद्र के अनुरूप अनुशंसित है उसे तत्काल देने की घोषणा की जाती । विदित है सरकार के अधीन कुछ मुठ्ठी भर संवर्ग के लोग बिना कमिटी के ही वे लोग अपना सुधार राज्य सरकार से करा लेने में सफल रहे,परंतु क्षेत्रीय कर्मचारियों को मांगो को लेकर राज्य सरकार द्वारा केवल पीत पत्र/ पत्र देकर उम्मीद कायम की जाती रही है। कार्मिक विभाग में एक वर्ष से पीत पत्र पर आज तक कारवाई लंबित हैं,हाल में ही , मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव,श्री सुनील श्रीवास्तव द्वारा भी दिनांक 25,09,24 को पुनः सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड सरकार, को 21 सूत्री मांगो पर कारवाई हेतु पत्र भेजी गई है इसके साथ ही सचिव सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार,,प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग , झारखंड सरकार, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार , उपायुक्त जामताड़ा,को लंबित मांगों पर कारवाई हेतु पत्र मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन झारखंड सरकार के निदेशानुसार भेजी गई है।महासंघ उम्मीद जताई है कि माननीय मुख्यमंत्री,झारखंड सरकार द्वारा आगामी कैबिनेट की बैठक जो संभवत दिनांक 14 ,10 , 24को होगी उक्त बैठक में सरकार के अधीन कार्यरत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग/ निरीक्षक संवर्ग / पर्यवेक्षक संवर्ग को संशोधित वेतनमान 6500रु देने, ग्रेड पे 4600 रु देने , तथा एसीपी 8000- 13500 ग्रेड पे 5400 देने की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही JSLPS में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को मानव संसाधन नियमावली लेवल 7 में जोड़ने, ऑफिस बॉय/ ऑफिस अटेंडेंट जो चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी है उन्हे भारत सरकार द्वारा संशोधित मजदूरी 738 रु दिया जाय, इन कर्मियो को स्थाई समायोजन किया जाए। डाटा एंट्री ऑपरेटर को एकमुश्त मानदेय 34,800 रु राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में दिया जाए। पंचायत सचिव संवर्ग को 2400 रु ग्रेड पे दिया जाय। एमपीडब्ल्यू कर्मचारी को स्थाई समायोजन किया जाए ।एल5 एल6 के वेतन पुन संरचना की जाए। आजीविका सीआरपी संवर्ग को 25000 मानदेय देने, सभी कर्मियो केंद्र के अनुरूप परिवहन भत्ता,शिक्षण भत्ता ,नही दी गई हैं,देने की कृपा की जाए। जनसेवक संवर्ग को उचित मांगो को लागू की जाय। सभी संविदा कर्मियो/ अनुबंध कर्मियो तथा सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थाई समायोजन करने की कृपा की जाए। इनकी सेवा 60 वर्ष की गारंटी की जैसी।
राज्य में कार्यरत सभी संविदा कर्मी,अनुबंध कर्मी, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की कृपा की जाए।महासंघ के 21सूत्री मांगों को अविलंब लागू की जाय। महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, अध्यक्ष देव नारायण सिंह मुंडा, संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष मुक्तेश्वर लाल,सचिव मन्नू प्रसाद तिवारी,उपाध्यक्ष सुरेश हाजरा,घर भरन राम, गणेश राम,भरत उराव, रिंकू कुमार, ,रिजवान आलम, सनातन कुमार,रीना सिंह, अमरेंद्र कुमार, पवन कुमार, तोफिक आलम, मंगल हेंब्रम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, बिनोद कुमार, आशिर्वाद महतो कौशल प्रसाद सिन्हा, अखिलेश कुमार अम्बाष्ट ,तब्बासु नाज, दुर्गेश चंद्रवंशी, सोनी कुमारी , शिवानी कुमारी आदि ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखंड सरकार जिनपर महासंघ को पूरी ,उम्मीद भरोसा है की वे राज्यकर्मियों की उचित मांगो पर आगामी कैबिनेट की बैठक में लागू करने की कृपा करेंगे।

## सरकारी नौकरी जॉइन करने के लिए चरित्र और मेडिकल सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होगी



चंडीगढ़(ईएमएस)। सरकारी नौकरी ज्वाइन करने के लिए युवाओं को चरित्र प्रमाण पत्र और मेडिकल सर्टिफिकेट देना होता था। जिसके लिए युवओं को काफी दिक्कतें होती थी। अब हरियाणा सरकार ने बड़ी राहत देते हुए ये बाध्यता खत्म कर दी है। लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप ए, बी, सी व डी के चयनित युवाओं को राहत दी है।
हालांकि उम्मीदवारों को नियुक्ति की तारीख से तीन महीने के अंदर चरित्र सत्यापन और दो महीने के भीतर मेडिकल सर्टिफिकेट जमा कराना होगा। इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से एक पत्र सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को लिखा गया है।
सरकार के निर्देशों में निहित प्रावधान नव चयनित उम्मीदवारों को उनके चरित्र और पूर्व जीवन के सत्यापन के बिना सरकारी नौकरियों में शामिल होने की अनुमति नहीं देते हैं। उम्मीदवारों के चरित्र और पूर्व जीवन के बारे में सत्यापन के कार्य में बहुत समय लगता है इसलिए सरकार ने नियुक्तियों में चरित्र सत्यापन और मैडीकल सर्टीफिकेट में छूट देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार, उम्मीदवारों को प्रोविजनल नियुक्ति की तिथि से 2 महीने के अंदर-अंदर मैडीकल सर्टीफिकेट प्रस्तुत करना होगा।हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में युवाओं के लिए सरकारी पदों पर बंपर भर्ती खोली गई थी। चुनावों में ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद अब भाजपा युवाओं से किए वादे को पूरा करने के प्रयास में है।
यही कारण है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अब जल्द ही ग्रुप सी/डी के परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि उनके शपथ ग्रहण से पहले ही 24 हजार पदों का रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर 16 अगस्त को लगी आचार संहिता 56 दिनों के बाद हट गई है।

# 103 वर्षों से लगातार बंगाली रीति रिवाज से हो रहा सिंदूर खेला, खोइछा भरकर माता की विदाई

छपरा : उत्तर बिहार के छपरा में बंगाली समाज की महिलाओं ने माता दुर्गा की विदाई के अवसर पर एक अनूठी परंपरा का निर्वहन किया। इस मौके पर 103 वर्षों से अनवरत चली आ रही परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर 'सिंदूर खेला' का आयोजन किया। यह आयोजन कालीबाड़ी मंदिर में किया गया, जो क्षेत्र के प्राचीनतम काली बाड़ी में से एक है।



## परंपरागत विदाई की विधि

कालीबाड़ी में हर साल माता की स्थापना और पूजा विधिपूर्वक होती है। इस वर्ष भी माता का पूजन और हवन करने के बाद बुजुर्ग महिलाओं ने माता को सिंदूर लगाया और उनके आंचल में खोईचा डालकर विदाई दी। यह मान्यता है कि इस रस्म को निभाने से पति की उम्र लंबी होती है। बंगाली समाज की परंपरा के अनुसार, विजयादशमी के दिन जहां अन्य स्थानों पर माता की विदाई होती है, वहीं छपरा के कालीबाड़ी में एकादशी के दिन विशेष रूप से सिंदूर खेला का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर महिलाओं ने मिलकर माता को सिंदूर से रंगा और उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

## उल्लू ध्वनि और आनंद

सिंदूर खेला के दौरान महिलाएं एक विशेष प्रकार की आवाज निकालती हैं, जिसे उलू कहा जाता है। यह ध्वनि प्रत्येक शुभ अवसर पर की जाती है। इस बार भी जब माता की विदाई का समय आया, तो सभी महिलाएं उल्लू की ध्वनि निकालते हुए एक-दूसरे को सिंदूर लगाती रहीं।

## मिठाई के साथ विदाई

इस सांस्कृतिक अनुष्ठान में महिलाओं ने माता को मिठाई खिलाने के बाद नम आंखों से विदाई दी। सभी ने मिलकर मां दुर्गा से आग्रह किया कि वह अगले वर्ष पुनः उनके बीच आएं। यह आयोजन न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिकता का भी।

## पूजा की विशेषताएं

कालीबाड़ी में होने वाली यह पूजा पूरी तरह से बंगाली रीति रिवाजों के अनुसार होती है। यहां आने वाले ब्राह्मण भी बंगाल से आते हैं और पूजा अर्चना के लिए यहीं रहते हैं। इस साल के आयोजन में शामिल होने वाली महिलाएं एकत्रित होकर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त करने में पीछे नहीं रहीं। साल भर की तैयारी के बाद, एकादशी के दिन माता दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। इस प्रकार, यह परंपरा न केवल धार्मिक मान्यता का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा देती है।

## पूजा पंडाल के पास बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग

भोजपुर : भोजपुर के आरा में रविवार अहले सुबह नवादा थानाक्षेत्र के मौलाबाग स्थित एसबी कॉलेज के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब हथियारबंद बदमाशों ने दुर्गा पूजा पंडाल के पास अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में पूजा समिति के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान सुनील कुमार यादव (26), अरमान अंसारी (22) और रोशन कुमार (24) के रूप में हुई है। सभी घायल मौलाबाग के पुष्प कला मंदिर दुर्गा पूजा समिति के सदस्य हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक पूजा पंडाल के पास कुर्सियों पर बैठे थे। उसी समय दो बाइकों पर सवार करीब छह बदमाश वहां पहुंचे और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में सुनील कुमार यादव को पेट और बांह में गोली लगी, जबकि अन्य दोनों भी बुरी तरह से घायल हो गए। फिलहाल गोलीबारी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, क्योंकि घायलों का कहना है कि उनका किसी के साथ कोई विवाद नहीं था।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बाबा सिद्दीकी की हत्या ने 'चरमराती' कानून व्यवस्था की स्थिति को उजागर किया : यादव

पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि इस घटना ने महाराष्ट्र में 'चरमराती' कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है।तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह घटना चौंकाने वाली और दुखद है। मैं बाबा सिद्दीकी को व्यक्तिगत रूप से जानता था क्योंकि वह बिहार के गोपालगंज जिले के मूल निवासी थे। अगर मुंबई जैसे शहर में, खासकर बांद्रा इलाके में ऐसी घटना हो सकती है तो फिर कहा जा सकता है कि वहां कोई भी सुरक्षित नहीं है।उन्होंने आगे कहा कि यह महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की चरमराती स्थिति को दर्शाता है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ हैं। हम चाहेंगे कि इसका जो मास्टरमाइंड वह जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उसे कड़ी सजा दी जाए।

## दशहरा मेला देखने गई महिला से छेड़छाड़ मारपीट में गर्भवती महिला समेत 9 घायल

पटना,(ईएमएस)। बिहार के विकास नगर में महिला से छेड़खानी को लेकर बवाल हो गया। दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट में दोनों पक्ष के नो लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक गर्भवती महिला भी है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि चोन्दी मोहल्ले में पति के साथ किराए के घर में रहती है। दशहरे यानी विजयदशमी के दिन पति, बच्चों और परिजनों के साथ मेला देखने पंचशील नगर आई थी। घर लौटते समय तीन लोगों ने उसके साथ छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट करने लगे। मेरा मायके भी पास में ही था। बच्चों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद सभी मौके पर पहुंच गए। पीड़िता के भाई ने बताया कि जब हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो 10 से 12 लोग मेरे बहनोई के साथ मारपीट कर रहे थे। हम लोगों से मारपीट करने लगे। मारपीट में अक्षय कुमार, गौरव कुमार, सौरव कुमार, राहुल कुमार, मिथुन कुमार घायल हो हुए हैं।वहीं, दूसरे पक्ष के बिट्टू ने बताया कि वह आपस में बातचीत कर रहे थे। महिला को लगा को उसके बारे में बात कर रहे हैं। इस बीच अचानक महिला के समर्थन में कुछ लोग वहां आ गए और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में कुसुम देवी, शर्मीला देवी, सुशीला देवी और पम्मी कुमारी घायल हो गईं। पम्मी गर्भवती है, उसे भी नहीं छोड़ा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद बाढ़ थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## रावण दहन करते समय हुआ बैकफायर सांसद पप्पू यादव के पेट में घुसा रॉकेट

पूर्णिया,(ईएमएस)। बिहार के पूर्णिया में दशहरे पर रावण दहन के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। रावण दहन के लिए पप्पू यादव ने जैसे ही पटाखे में आग लगाई तो रॉकेट से बैकफायर हुआ और उनके पेट में घुस गया, जिससे पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। वह बाल-बाल बच गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी तरह का हादसा नहीं हुआ, लेकिन पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था।इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पप्पू यादव के हाथ में पटाखा जलता हुआ देखा जा सकता है। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी पटाखे को हाथ में पकड़े हैं तभी अचानक वह रॉकेट से बैकफायर हो जाता है और पप्पू यादव के पेट पर जाकर लगता है और उनकी शर्ट में आग लग जाती है। इस दौरान लोग पप्पू यादव को बचाने की कोशिश करते हैं। उनकी आंखों को हाथों से ढंकते हैं। हालांकि पप्पू यादव उस पटाखे को छोड़ते नहीं हैं। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई हो रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## दशहत फैलाने का शौक, पूजा पंडाल में की अंधाधुंध फायरिंग, 4 घायल

आरा(ईएमएस)। बिहार में अपराधों की कोई कमी नहीं है। दावे और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर है। यहां आए दिन हत्याएं हो रहीं है। नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित पूजा पंडाल में रविवार की सुबह बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान पूजा समिति के सदस्य सहित चार लोगों को गोली लग गई। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश हथियार लहराते हुए मौका से फरार हो गए। सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया. जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।घायलों का इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉक्टर विकाश सिंह ने बताया कि गोली से जख्मी हालत में चार लोग यहां आए थे। जिनमें दो लोगों को पेट,एक को थाई एवं एक को पैर में गोली लगी है। जिन दो लोगों को पेट में गोली लगी है, उनमें से एक ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और दूसरे का ऑपरेशन चल रहा है। दो लोग हैं, जिसमें एक को पैर और दूसरे को जांघ में गोली लगी है। उनका भी बुलेट निकाल दिया गया है और सभी स्टेबल है। घटना की जानकारी मिलते ही गश्ती में तैनात दरोगा वाहिद अली घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जख्मी सुनील कुमार यादव ने बताया कि वे लोग रविवार की सुबह पंडाल में कुर्सी लगाकर बैठे हुए थे। तभी दो बाइक पर सवार कुछ हथियारबंद बदमाश पंडाल में आए और अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। जिसमें सभी लोगों को गोली लग गई। इसके बाद वे लोग वहां से फरार हो गए।

## अंधी रफ्तार से दौड़ रहीं दो बाइकें भिड़ीं 4 की मौत

नालंदा(ईएमएस)। नालंदा जिले के सरमेरा थाना इलाके के बढ़िया मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दोनों बाइक पर तीन तीन लोग सवार थे। मृतकों में तीन शेखपुरा के रहने वाले थे। दोनों बाइक पर सवार सभी लोग दशहरा मेला घूमने आए थे। इसी दौरान यह भीषण हादसा हुआ है। मृतकों की पहचान 22 साल के राजन कुमार, शशि रंजन कुमार, सोनू कुमार और बॉस कुमार के तौर पर हुई है। बॉस कुमार के बारे में बताया जा रहा है कि वो गया का रहने वाला था।पुलिस ने बताया है कि गस्ती के दौरान पुलिस को इस हादसे की सूचना मिली। हादसे के बाद सभी के घरवालों को सूचना दी गई थी। चार लोगों की मौत से घरवालों के बीच मातम पसर गया। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों ही मोटरसाइकिलों के परखचे उड़ गए। हादसे के बाद पुलिस ने सभी को इलाज के लिए बिहारशरीफ के सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था लेकिन चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो युवक घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान सूरज कुमार और राज हंस के रूप में हुई है। दोनों घायलों का इलाज पावापुरी मेडिकल अस्पताल विम्स में चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## काला जादू करने के 2 आरोपियों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत

जहानाबाद(ईएमएस)। बिहार के जहानाबाद में काला जादू करने के आरोपी दो व्यक्ति रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान काशी चंद्रवंशी और रामबली यादव के रूप में हुई है, दोनों को गोली लगी है। वास्तविक कारण अज्ञात है। वहीं, ग्रामीणों का दावा है कि दोनों काले जादू में शामिल थे। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। काको थाने के एसएचओ सुनील कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है।पुलिस का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों का दावा है कि दोनों काले जादू में शामिल थे। काको थाने के एसएचओ सुनील कुमार ने बताया, ग्रामीणों के अनुसार, चंद्रवंशी और यादव गुरुवार रात से लापता थे। शुक्रवार सुबह हमें जिले के एनवा गांव में एक तालाब के पास झाड़ी में दो शव पड़े होने की सूचना मिली। हम मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लिया, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बता दें कि बिहार के औरंगाबाद जिले में जादू-टोना करने के संदेह में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी।

# दुर्गा पूजा मेले में झूला झूलते समय किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

गोपालगंज : गोपालगंज जिले के कुचायकोट थानाक्षेत्र के जलालपुर बाजार में दुर्गा पूजा मेले के दौरान एक हादसे में 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान नेचुआ पांडेय टोला गांव निवासी अरशद अंसारी के बेटे रियान अंसारी के रूप में हुई है। रियान सातवीं कक्षा का छात्र था। वह अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गया था। झूला झूलने के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे आनन-फानन में नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक वह अचेत हो चुका था। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात को रियान अपने दोस्तों के साथ जलालपुर बाजार में लगे मेले में गया था। जहां उसने झूला झूलने का फैसला किया। झूला चलते ही उसकी तबीयत खराब हो गई और



उसे तुरंत नीचे उतारकर एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक ने रियान को मृत घोषित कर दिया। यह दुखद खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं, रविवार को किशोर के परिजनों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि रियान अपने परिवार का चहेता और कक्षा का मेधावी छात्र था। उसके निधन से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कार और बाइक की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत

छपरा : छपरा जिले के तरैया थानाक्षेत्र में एक भयावह सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। यह घटना शनिवार रात स्टेट हाइवे-73 पर रामबाग के पास जयहिंद ढाबा के पास हुई। जहां तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। उसके बाद कार सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई, जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान गंडार गांव निवासी हैप्पी कुमार (21) और पोखड़ेरा गांव निवासी धनंजय कुमार यादव (30) के रूप में हुई है। धनंजय दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करता था और हाल ही में अपने घर लौटा था। जानकारी के अनुसार, हैप्पी अपने एक दोस्त की कार में बैठकर तरैया बाजार घूमने के लिए आया था। जैसे ही कार जयहिंद ढाबा के पास पहुंची, उसने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद कार सड़क किनारे बिजली के पोल से टकराने के बाद पलट गई।घटना की सूचना मिलते ही तरैया थाना पुलिस




मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हैप्पी को मृत घोषित कर दिया, जबकि धनंजय को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान धनंजय की भी मौत हो गई।इस दिल दहलाने वाली घटना ने दोनों गांवों में मातमी सन्नाटा पसार दिया है। मृतक धनंजय की मां मीरा देवी और पत्नी सरिता बेसुध हो गईं, जबकि उनके भाई अजय और नितेश का रो-रो कर बुरा हाल है। धनंजय की शादी केवल 15 महीने पहले हुई थी और उनके एक बच्चा भी है।दूसरी ओर, हैप्पी कुमार भी दुर्गा पूजा के अवसर पर गुजरात से घर लौटा था। वह अपने परिवार का सहारा था और चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मां राधिका देवी, छोटा भाई आलोक और बहनें पूजा और मनीषा इस हादसे के बाद गहरे सदमे में हैं।घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे की जांच जारी है।

# कलश विसर्जन के बाद युवक पर चाकू से हमला, घायल

बेतिया : बेतिया जिले के मझौलिया थानाक्षेत्र में कलश विसर्जन कर लौट रहे एक युवक को कुछ अज्ञात तत्वों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना महेशरा पुल के पास हुई और घायल युवक की पहचान सरिसवा बाजार निवासी वीरेंद्र कुमार (24) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम को वीरेंद्र कुमार अपने दोस्तों के साथ कलश विसर्जन कर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसके समूह पर अबीर फेंकने को लेकर आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर उन युवकों में से कुछ ने वीरेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से वीरेंद्र कुमार को जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलने पर चनपटिया के भाजपा विधायक उमाकांत



सिंह अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायल युवक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।मझौलिया थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने पुष्टि की कि वीरेंद्र कुमार के फर्द बायन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। सदर एसडीपीओ-वन विवेक दीप ने बताया कि पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है। लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक आरोपी बुलेट पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

## माता को कंधे पर उठाकर निकाला गया जुलूस, फिर नचाकर किया विसर्जन

समस्तीपुर : समस्तीपुर जिले के पतैली दुर्गा स्थान मंदिर में रविवार अहले सुबह 500 वर्षों से चली आ रही परंपरा का पालन करते हुए माता दुर्गा की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया गया। इस परंपरा के तहत माता की प्रतिमा को कंधे पर उठाकर नचाते हुए जमुआरी नदी तक ले जाया गया और वहां विसर्जन किया गया। यह अनूठी प्रथा पतैली गांव और आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही है और इसमें बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हैं। जानकारी के मुताबिक, हर साल की तरह इस साल भी माता दुर्गा की प्रतिमा को भव्य तरीके से विदाई दी गई। पतैली गांव के अलावा आसपास के गांवों से भी लोग इस जुलूस में शामिल हुए। परंपरा के अनुसार, माता की प्रतिमा को मंदिर से निकालकर एक किलोमीटर लंबा पैदल जुलूस निकाला गया। इस दौरान भक्तों ने माता को अपने कंधे पर उठाया और पूरे जोश के साथ जय माता दी के नारे लगाते हुए उन्हें नदी तट की ओर ले गए। मंदिर के प्रांगण में माता की प्रतिमा को विशेष रूप से नचाया गया। लोगों ने अपने कंधों पर रस्सी की सहायता से प्रतिमा को उठाकर नचाया, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे थे। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि अगर नवरात्रि के दौरान किसी कारण माता के दर्शन नहीं हो पाते.

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के वक्त बड़ा हादसा, ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत, कई लोग घायल





सारण : सारण जिले के मकेर थानाक्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के बाद घर लौटने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंडक नदी के बांध पर ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान डीही गांव निवासी बच्चू राय के बेटे रंजीत कुमार (24) के रूप में हुई है। रंजीत अविवाहित था और गुजरात में ट्रक चालक का काम करता था। हादसे की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और स्थानीय लोग सदमे में हैं। जानकारी के मुताबिक, डीही गांव से सैकड़ों लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर गंडक नदी के रेवाघाट पर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने गए थे। विसर्जन के बाद लौटते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और बांध पर पलट गया। चश्मदीदों और घायलों ने बताया कि चालक ट्रैक्टर को तेज और लापरवाही से चला रहा था, जिसके बावजूद कई बार मना करने पर भी उसने गति कम नहीं की। वहीं, हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर उसकी पिटाई की, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। इस हादसे में घायल लोगों में अजय कुमार, अमर कुमार, मुन्ना राय, पंकज कुमार, राहुल कुमार, अमरजीत कुमार और भूपेंद्र राय शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।इधर, घटना की जानकारी मिलते ही मकेर थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रंजीत कुमार का बड़ा भाई भी दो महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसके बाद रंजीत घर आया हुआ था।

# चलती बाइक में लगी आग

बक्सर : बक्सर जिले के नावाडेरा के पास एक चलती बाइक में आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान बाइक सवार ने अपने सामान को बचाने के लिए संघर्ष किया और किसी तरह खुद को भी बचाने में सफल रहा। जानकारी के मुताबिक, यह घटना रविवार की है। दरअसल, यूपी के कन्नौज के शेखपुरा मोहल्ला निवासी मो. रुखसार (32) अपनी बाइक से बिहार के नया भोजपुर आ रहे थे। वह अपनी बाइक पर कपड़े और अन्य सामान लादकर फेरी का काम करते हैं। जब वह अपने गंतव्य स्थान के करीब पहुंचे, तभी उनकी बाइक में अचानक आग लग गई। इसके बाद मो. रुखसार ने तुरंत बाइक को खड़ा किया और उसपर रखे सामान को जैसे-तैसे बचाने की कोशिश की। लेकिन आग तेजी से फैलने लगी, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग लगने का कारण संभवतः लंबे सफर के कारण इंजन का गर्म होना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद नया भोजपुर थाना और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आग पर काबू पाने के लिए पानी का टैंकर बुलाया। हालांकि, तब तक बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि जलती हुई बाइक को बुझा दिया गया है। इस घटना में किसी प्रकार से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मो. रुखसार ने अपनी सूझबूझ से न केवल अपने सामान को बचाया, बल्कि खुद को भी बचाने में सफल रहे।

# तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचला



छपरा : छपरा में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-722 (छपरा-मुजफ्फरपुर) पर रविवार की अहले सुबह भेल्दी थानाक्षेत्र के सरायबक्स गांव के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक 55 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। घटना के वक्त महिला गंगा स्नान करने के बाद अकेली ही घर लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना के बाद कार गड्ढे में लुढ़क गई और पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। हालांकि, अब तक मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस को थोड़ी परेशानी हो रही है। भेल्दी थाना के थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर कार को जब्त कर लिया है। साथ ही चालक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है। महिला की पहचान के लिए सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में ऐसा लग रहा है कि कार चालक की आंख झपकने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और महिला को रौंद दिया। पुलिस फिलहाल महिला के बारे में जानकारी जुटाने और घटना की विस्तृत जांच में लगी हुई है।

# पुलिस ने समय पर पहुंचकर बचाई युवक की जान

वैशाली : वैशाली जिले के हाजीपुर में डायल 112 की पुलिस टीम ने अपनी तत्परता से एक युवक की जान बचा ली। राजापाकर थानाक्षेत्र के बैकुंठपुर गांव में पिता मुकेश साह से झगड़े के बाद बेटा राजेश कुमार साह (20) फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहा था। जैसे ही उसके परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस और डायल 112 को सूचित किया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तेजी से मौके पर पहुंची और युवक को फांसी लगाने से पहले ही रोक लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और उसकी स्थिति का आकलन किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि पिता द्वारा डांट लगाए जाने के बाद गुस्से में आकर युवक ने यह घातक कदम उठाने का फैसला किया था। राजापाकर थाना प्रभारी वीना कुमारी ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद के बाद युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। डायल 112 की पुलिस समय पर पहुंची और उसकी जान बचा ली। युवक अब सुरक्षित है और पुलिस ने परिजनों को भी समझाइश दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा सिद्दीकी की हत्या ने 'चरमराती' कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर किया : यादव

पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि इस घटना ने महाराष्ट्र में 'चरमराती' कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है। तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह घटना चौंकाने वाली और दुखद है। मैं बाबा सिद्दीकी को व्यक्तिगत रूप से जानता था क्योंकि वह बिहार के गोपालगंज जिले के मूल निवासी थे। अगर मुंबई जैसे शहर में, खासकर बांद्रा इलाके में ऐसी घटना हो सकती है तो फिर कहा जा सकता है कि वहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि यह महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की चरमराती स्थिति को दर्शाता है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ हैं। हम चाहेंगे कि इसका जो मास्टरमाइंड वह जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उसे कड़ी सजा दी जाए।

### भाईजान की फैमिली ने की दोस्तों और करीबियों से अपील, सलमान से ना मिलें

मुंबई,(ईएमएस)। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बांद्रा में उनके गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। वहीं सलमान खान के परिवार ने उनके इंडस्ट्री में मौजूद कई दोस्तों और करीबियों से अपील की है कि वह सलमान से ना मिलें। जानकारी के मुताबिक अपने बेहद करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी को खोने के बाद सलमान खान बहुत दुखी हैं। बाबा सिद्दीकी, सलमान खान के लिए सिर्फ दोस्त ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्य जैसे थे। हाल ही में जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के साथ सलमान खान से मिलने उनके घर पहुंचे थे, तो उनका बहुत प्यार से स्वागत किया गया था। सलमान भी एक सच्चे दोस्त की तरह इस दुखद घटना के बाद परिवार से मिलने पहुंचे। हालांकि, कल देर रात लीलावती अस्पताल से घर लौटने के बाद सलमान सो नहीं पाए और लगातार जीशान और परिवार का हालचाल पूछते रहे। बाबा सिद्दीकी परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया कि सलमान खान फोन पर अंतिम संस्कार की तैयारियों और हर छोटी-बड़ी जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने अगले कुछ दिनों के लिए अपनी सभी निजी मुलाकातें रद्द कर दी हैं। खबरों के मुताबिक सलमान खान के करीबी परिवार के सदस्य भी इस नुकसान से उतने ही दुखी हैं। अरबाज खान और सोहेल खान भी बाबा के बहुत करीब थे और बाबा के इन आयोजन में अक्सर जाया करते थे।

### सीएम योगी की मां की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी की तबीयत फिर खराब हो गई जिसके बाद उन्हें जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें अलग वार्ड में रखा गया है।जानकारी के मुताबिक सीएम योगी की मां सावित्री देवी की अचानक तबीयत खराब हो गई. जिसके बाद आनन-आनन फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज डॉक्टरों की एक टीम कर रही है। योगी की माता सावित्री देवी की इससे पहले भी कई बार तबीयत खराब हो चुकी है। इसी साल जून में सावित्री देवी की तबीयत खराब होने के बाद ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था। बता दें सीएम योगी की मां सावित्री देवी उत्तराखंड के यमकेश्वर ब्लॉक के पंचूर गांव में अपनी बेटी के साथ रहती हैं।

### बाबा सिद्दीकी हत्या मामला : आरोपियों पर हमला होने की आशंका, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरत रही है। पुलिस को संदेह है कि कोर्ट में आरोपियों पर हमला हो सकता है। इस आशंका के चलते पुलिस ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए ताकि किसी भी संभावित हमले से बचा जा सके। बता दें कि मुंबई के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की उनके ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस घटनाक्रम के कुछ ही समय बाद दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम बलजीत सिंह और धर्मराज कश्यप हैं। तीसरे आरोपी अभी फरार है। जांच में ये भी सामने आया है कि शूटरों को इस हत्या का ठेका मिला था। दो शूटरों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क में है, ताकि इनकी पृष्ठभूमि और गैंग कनेक्शन का पता लगाया जा सके। पुलिस को आशंका है कि गिरफ्तार आरोपियों पर अदालत में पेशी के दौरान हमला हो सकता है। इसी खतरे को देखते हुए मुंबई पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कोर्ट परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है, और हर आने-जाने वाले की सघन जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस के अलावा, हरियाणा और यूपी पुलिस भी इस केस में अपनी जांच कर रही हैं। हरियाणा पुलिस की एसटीएफ बलजीत सिंह के बारे में जानकारी जुटा रही है, जबकि यूपी पुलिस धर्मराज कश्यप के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में जुटी है। फरार तीसरे आरोपी की तलाश के लिए भी पुलिस छापेमारी कर रही है।

### बाबा सिद्दीक़ी की हत्या से महाराष्ट्र ही नहीं देशभर के लोग ख़ौफ़ज़दा: केजरीवाल

नयी दिल्ली,(ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एनसीपी (अजित गुट) के नेता एवं पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की मुंबई में सरेआम हत्या कर दी गई, उससे ना केवल महाराष्ट्, बल्कि देशभर के लोग ख़ौफ़ज़दा हैं। केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि दिल्ली में भी कमोबेश यही माहौल बना दिया है इन्होंने ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं। जनता को अब इनके ख़िलाफ़ खड़ा होना ही पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई के बांद्रा इलाक़े में शनिवार देर रात हमलावरों ने बाबा सिद्धिकी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस हत्यारों को पकड़ने में जुटी है।

### कंगुवा के मेकर्स ने पेन मरुधर के साथ नॉर्थ इंडिया रिलीज का किया ऐलान

#### इस साल की सबसे महंगी और बड़ी फिल्म

मुंबई,(ईएमएस)। स्टूडियो ग्रीन की अपकमिंग फिल्म कंगुवा इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। इसका मकसद इंडियन सिनेमा के स्टैंडर्ड को ऊपर उठाना और कल्कि 2898 एडी द्वारा शुरू किए गए ट्रेंड को आगे बढ़ाना है, जिसने साउथ इंडियन फिल्मों की लिमिट्स को आगे बढ़ाया जा सके। यहां यह कहना गलत नहीं होगा की फिल्म कंगुवा सिनेमा-जगत में अपना बड़ा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे इसकी रिलीज के लिए एक्साइटमेंट बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे कंगुवा के मेकर्स भी अपनी अनाउंसमेंट के जरिए सभी का उत्साह बढ़ा रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने अनाउंस किया है कि फिल्म को नॉर्थ इंडिया में पेन मरुधर के साथ साझेदारी में रिलीज किया जाएगा, जो आरआरआर और स्त्री 2 जैसी हिट फिल्मों के पीछे की टीम है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेकर्स ने एक थ्रिलिंग वीडियो शेयर किया है और उन्होंने पेन मरुधर के साथ अपने नॉर्थ इंडियन रिलीज की अनाउंसमेंट की है।

इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कि 'कंगुवा इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। 350 करोड़ से ज़्यादा के अनुमानित बजट के साथ यह पुष्पा, सिंघम और कई दूसरी बड़ी फिल्मों में से भी बड़ी है। फिल्म की शूटिंग अलग-अलग कॉन्टिनेंट्स के 7 अलग देशों में की गई है। मेकर्स के दिमाग में फिल्म के लिए एक अपनी तरह का लुक है, क्योंकि यह प्रीहिस्टोरिक पीरियड को दिखाने वाली अनोखी फिल्म है। मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है।

# मुंबई पुलिस का दावा, चार आरोपियों ने दिया हत्याकांड को अंजाम

मुंबई : बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब एक और आरोपी का नाम सामने आया है। मुंबई पुलिस ने दावा किया है कि हत्याकांड को तीन नहीं चार आरोपियों ने अंजाम दिया। चौथे आरोपी की पहचान जीशान अख्तर के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जीशान पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। उस पर पंजाब में कई मामले दर्ज हैं। वहीं हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए आरोपी गुरमेल सिंह और एक अन्य आरोपी की एस्प्लेनेड कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। वहीं सुनवाई के दौरान खुद को नाबालिग बताने वाले आरोपी की रिमांड नहीं सौंपी गई। कोर्ट ने आरोपी की उम्र तय करने के लिए ऑसिफिकेशन टेस्ट (हड्डी परीक्षण) कराने के बाद दोबारा पेश करने के निर्देश दिए। मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में शनिवार रात को बाबा सिद्दीकी (66) की उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के ठीक बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मुंबई पुलिस ने पहले कहा था कि वारदात को तीन आरोपियों हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी शिवा और एक अन्य आरोपी ने अंजाम दिया। इनमें आरोपी गुरमेल सिंह और नाबालिग बताने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया था। जबकि तीसरा आरोपी शिवा फरार है। वहीं रविवार दोपहर को मुंबई पुलिस ने एक और आरोपी के नाम का खुलासा किया। मुंबई पुलिस ने कहा कि हत्याकांड में चार आरोपी शामिल थे। चौथे आरोपी का नाम जीशान अख्तर है। वहीं बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने हरियाणा निवासी आरोपी गुरमेल सिंह (23) को 21 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है। अदालत ने दूसरे आरोपी के नाबालिग होने का दावा करने के बाद पुलिस को उसकी उम्र निर्धारित करने के लिए हड्डी का परीक्षण करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि दूसरे आरोपी का परीक्षण कराकर दोबारा पेश किया जाए। इसके बाद अदालत तय करेगी कि उसके खिलाफ कार्यवाही किशोर अदालत में चलेगी या नियमित अदालत में।

अदालत में क्राइम ब्रांच की ओर से सरकारी वकील गौतम गायकवाड़ ने आरोपियों की 14 दिनों की रिमांड मांगी। उन्होंने कहा कि हत्या में कोई अंतरराष्ट्रीय लिंक शामिल है या नहीं इसकी जांच की जरूरत है। सरकारी वकील ने कहा कि कि पुलिस को यह जांच करने की जरूरत है कि क्या गोलीबारी में कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता शामिल थी? दोनों आरोपियों की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ अग्रवाल ने दलील दी कि अपराध बहुत दुखद और निराशाजनक था, लेकिन आरोपियों की भूमिका तय नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई हो और दोनों आरोपियों को मामले में झूठा फंसाया गया हो।



## बाबा सिद्दीकी हत्या मामला : महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

### पवार और उद्धव बोले- सरकार को बदलना चाहिए



मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पर अब राजनीति गर्माने लगी है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने हत्या मामले में जहां महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं तो वहीं नेताद्वय ने इस घटना को लेकर शिंदे सरकार को बदलने की बात तक कह डाली है। मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने इस हत्या मामले को लेकर सीधे शिंदे सरकार पर हमला बोला है और महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एनसपी नेता पवार ने कहा है, कि महाराष्ट्र को सबसे अच्छे प्रशासन वाले राज्य के रूप में देश में जाना जाता था, लेकिन वर्तमान सरकार अच्छा प्रबंधन नहीं कर पा रही है। पिछली तीन कैबिनेट में जो फैसले लिए गए, अगर उन्हें ही देख लें तो आखिर कितने फैसलों पर अमल किया जा सका है? इसी से महाराष्ट्र के प्रशासन की स्थिति आज आपको समझ में आ जाएगी। वहीं उद्धव ठाकरे ने शिंदे सरकार पर निशाना साधा और कहा, कि कल ही मैंने रैली में कहा था कि इस विधानसभा चुनाव में मौजूदा भ्रष्ट सरकार को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि मुंबई में दो पुलिस कमिश्नर हैं तो कम से कम मुंबई को सुरक्षित भी रखें। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस का क्या काम है? उन्होंने कहा कि इस मामले में गृहमंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस मामले को लेकर देवेंद्र फड़णवीस ने बयान दिया है और कहा है कि यदि गाड़ी के नीचे कुत्ता आ जाए तो आप मुझसे इस्तीफा मांगने लगेंगे, ऐसे लोग सत्ता पर कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि विज्ञापन पर खर्च होने वाला धन लोगों की भलाई के लिए खर्च किया जाना चाहिए।

## 33 साल बाद वेट्टैयन दिखे अमिताभ-रजनीकांत

### फिल्म का कलेक्शन 100 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुपरस्टार रजनीकांत और अमिताभ बच्चन की फिल्म वेट्टैयन ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरुआत की। लंबे समय से दोनों के एक ही फ्रेम में काम करने की चर्चा थी, जो कि वेट्टैयन से पूरी हुई है। 33 साल बाद यह दोनों सुपरस्टार्स ने एक साथ काम किया है। वेट्टैयन को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अमिताभ और रजनीकांत आखिरी बार 1991 में एक फिल्म में नजर आए थे। टीजे ग्रानवेल द्वारा निर्देशित एक्शन ड्रामा फिल्म वेट्टैयन भ्रष्टाचार और क्राइम को उजागर करती फिल्म है। इसमें रजनीकांत ने पुलिस ऑफिसर अथियान का रोल निभाया हैं और अमिताभ बच्चन, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, न्यायमूर्ति डॉ. सत्यदेव ब्रह्मदत्त पांडे के किरदार में नजर आ रहे हैं। फिल्म वेट्टैयन में कन्याकुमारी जिले में पुलिस अधीक्षक अथियान मशहूर एनकाउंटर विशेषज्ञ है। वह तकनीकी विशेषज्ञ भी है और प्यार से उसे लोग वेट्टैयन के नाम से पुकारते हैं। वह सरकारी स्कूल में सप्लाई किए जाने वाले ड्रग्स की शिकायत मिलने पर इसकी जांच पड़ताल करता है। इसी पड़ताल में उसकी मुलाकात डॉ. सत्यदेव ब्रह्मदत्त पांडे से होती है, जिसका किरदार अमिताभ बच्चन ने निभा रहे हैं।

इस स्ट्रॉन्ग कंटेंट वाली फिल्म ने दो दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। वहीं, रिलीज के तीसरे दिन फिल्म की कमाई में 8.75 फीसदी उछाल देखने को मिला है। इससे फिल्म का टोटल कलेक्शन 100 करोड़ के करीब पहुंच गया है।

## कांग्रेस की हार के लिए हुड्डा जिम्मेदार : गुरनाम



कुरुक्षेत्र,(ईएमएस)। किसान नेता और संयुक्त संघर्ष पार्टी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने हरियाणा में कांग्रेस की हार के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जिम्मेदार ठहराया है। चढूनी ने कहा, कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि हुड्डा कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होंगे, और अब यह सच साबित हो गया है।

किसान नेता चढूनी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में एक टिकट देने का वादा किया था, लेकिन बाद में भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस वादे से मुकर गए। अगर वे अभय चौटाला के साथ समझौता करते और एक टिकट देते, तो उनकी पार्टी को हरियाणा में 9 सीटें मिल सकती थीं। चढूनी के अनुसार, विधानसभा चुनाव में भी हुड्डा ने उनके साथ गद्दारी की, जब उन्होंने उन्हें रोहतक सीट पर समर्थन देने के लिए कहा, जबकि पूरे हरियाणा के लिए बात करनी चाहिए थी। चढूनी ने आरोप लगाया कि हुड्डा ने कई बड़े नेताओं को किनारे कर दिया, जिनमें किसान नेता रमेश दलाल, हर्ष छिकारा, बलराज कुंडू, कुमारी शैलजा, किरण चौधरी और रणदीप सुरजेवाला शामिल हैं। उनका कहना है कि हुड्डा सभी को किनारे करते-करते खुद भी किनारे लग गए। चढूनी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि राजनीति में पैसे का खेल आम है, लेकिन कांग्रेस के अहंकार ने उसे नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रियंका गांधी अगर कांग्रेस की कमान संभालें, तो पार्टी को संजीवनी मिल सकती है। अन्यथा, भाजपा का राज हरियाणा में कायम रहेगा।

इसके साथ ही चढूनी ने कांग्रेस हाईकमान से अपील की कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष न बनाएं, क्योंकि पिछले 10 सालों में उन्होंने विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई। किसान नेता की यह स्थिति कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है, और उनकी विचारधाराओं और सुझावों को लेकर पार्टी के भीतर भी विचार-विमर्श होना जरूरी है।

किसान आंदोलन के संदर्भ में चढूनी का कहना है, कि आंदोलन अब गलत हाथों में चला गया है।

## प्रोफेसर साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का परिणाम : ओवैसी

### एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की निंदा, जताया शोक



हैदराबाद,(ईएमएस)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का भी परिणाम है, जो अभियुक्तों को लंबी अवधि तक जेल में रखने की इजाजत देता है। ओवैसी ने साईबाबा के निधन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि एक ही दिन में मौत की दो खबर वास्तव में खौफनाक है। साईबाबा का शनिवार रात एक सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद निधन हो गया था। उन्हें माओवादियों से कथित संबंध मामले में सात महीने पहले बरी कर दिया गया था। ओवैशी ने कहा कि प्रोफेसर साईबाबा की मौत भी बेहद चिंताजनक है। उनकी मौत आंशिक रूप से यूएपीए का नतीजा है, जो पुलिस को बिना किसी सबूत के आपको लंबे समय तक जेल में रखने की इजाजत देता है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन लोगों ने एनसीपी नेता सिद्दीकी को गोली मार दी, जिसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। ओवैसी ने बाबा सिद्दीकी की हत्या को अत्यधिक निंदनीय बताते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को दर्शाता है।

# विकास सप्ताह : नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से टिकाऊ भविष्य के निर्माण में अग्रसर गुजरात

### नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों में 43,450 करोड़ रुपए का निवेश, 2024 में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 6500 मेगावाट की वृद्धि

गांधीनगर (ईएमएस)| नरेन्द्र मोदी के बतौर मुख्यमंत्री परिवर्तनकारी कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में दूरदर्शी नेतृत्व तक, गुजरात अभूतपूर्व विकास का गवाह बना है। पिछले 23 वर्षों में गुजरात ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास की लंबी छलांग लगाकर आज एक अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। गुजरात ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिनमें रिन्यूएबल एनर्जी यानी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रदर्शन वास्तव में उल्लेखनीय है। गुजरात आज रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए पथप्रदर्शक बन गया है। राज्य ने बिजली उत्पादन की कुल 52,424 मेगावाट की स्थापित क्षमता हासिल की है, जिसमें से 50 फीसदी यानी 25,472 मेगावाट ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से आती है। गुजरात इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर तक पहुंचने वाला पहला राज्य बना है, जो भारत में स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने में राज्य के प्रभावी नेतृत्व को प्रदर्शित करता है।

#### गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा : 2024 में 6512 मेगावाट की वृद्धि

मार्च 2023 के आंकड़ों पर यदि नजर डालें, तो गुजरात की बिजली उत्पादन क्षमता 45,912 मेगावाट थी, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 19,435 मेगावाट था। 2024 तक इस क्षमता में 6512 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें 6036 मेगावाट नवीकरणीय स्त्रोतों से आ रही है। यह उल्लेखनीय वृद्धि स्वच्छ ऊर्जा के लिए गुजरात की दृढ़ प्रतिबद्धता और भारत के व्यापक सस्टेनेबिलिटी मिशन में उसके नेतृत्व को दर्शाती है। हालांकि, यह उल्लेखनीय परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ है। गुजरात ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए सौर, पवन और हाइब्रिड एनर्जी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। गुजरात वह राज्य है, जिसने नवाचार को लगातार बढ़ावा दिया है, नीति-अनुकूल वातावरण बनाया है और सार्वजनिक एवं निजी, दोनों क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित कर अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।



#### मजबूत नेतृत्व और विजन के माध्यम से गुजरात में हरित क्रांति को मिला प्रोत्साहन

गुजरात में ऊर्जा क्षेत्र में हुई क्रांति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का नतीजा है। उनके मार्गदर्शन में राज्य ने नवीकरणीय ऊर्जा को केंद्र में रखकर अपनी रणनीति तैयार की है। राज्य के नागरिकों की बिजली की मांग को पूरा करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण भी सुनिश्चित किया गया है। राज्य सरकार ने सक्रिय नीतियां बनाकर सार्वजनिक परियोजनाओं में व्यापक रूप से निवेश को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा की पहलों में निजी क्षेत्र की भागीदारी के दरवाजे भी खोले हैं।

#### रिन्यूएबल एनर्जी समिट 2024 : ग्रीन एनर्जी का एक वैश्विक मंच

रिन्यूएबल एनर्जी समिट 2024 में पूरी दुनिया नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में गुजरात के मजबूत नेतृत्व की साक्षी बनी है। गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में 16 से 18 सितंबर के दौरान आयोजित यह समिट एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र के वैश्विक अग्रणियों, मंत्रियों, मैन्युफैक्चरर्स, वित्तीय संस्थानों और नीति निर्माताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा समाधान खोजने और इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की थी।

नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों में 43,450 करोड़ रुपए का निवेश गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धता दिखाकर टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करना चाहता है। नवीकरणीय ऊर्जा की दीर्घकालिक क्षमता पर विचार कर राज्य ने पहले ही नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों में 43,450 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जो पारंपरिक बिजली उत्पादन क्षेत्र में निवेश किए गए 28,864 करोड़ रुपए से बहुत अधिक है। उल्लेखनीय है कि गुजरात सरकार की 'गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी' को 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे इस वृद्धि में और अधिक तेजी आने की उम्मीद है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### सरकार बेरोजगारों को लाभार्थी नहीं कामार्थी बनाए

भारत में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। पिछले तीन दशक में डिग्री से नौकरी और रोजगार की परिकल्पना का तेजी के साथ विस्तार हुआ। वैश्विक व्यापार संधि के बाद भारत में उधार के धन का प्रवाह बढ़ा है। पिछले 30 वर्षों में दुनिया के सभी देशों की आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियां बड़ी तेजी के साथ बढ़ीं हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सारी दुनिया एक तरह से सोचने लगी। आर्थिक एवं सामाजिक विकास को लेकर सारी दुनिया में एकरूपता आई। औद्योगिक विकास को ही सबसे बड़ा विकास मान लिया गया। भौतिक आवश्यकताओं का एक नया पैमाना विकसित हुआ। डिग्री के आधार पर नौकरी और रोजगार के सृजन को मान लिया गया। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया। किताबी ज्ञान कभी वास्तविक ज्ञान का स्वरूप नहीं ले सकता है। किताबी ज्ञान की डिग्री कभी कोई काम नहीं आ सकती है। करोड़ों डिग्री धारी युवाओं को वर्षों से रोजगार नहीं मिल रहा है। बड़ी-बड़ी डिग्रियां होने के बाद भी उन्हें 10 से 15000 रुपए की नौकरी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण अब युवाओं में उच्च शिक्षा और डिग्रियों के प्रति अरुचि दिखने लगी है। औद्योगिक क्रांति से मशीनों को तो काम मिल सकता है, लेकिन आबादी को काम नहीं मिल पाता है। पिछले 20 वर्षों में बैंकिंग सेक्टर काफी तेजी के साथ आगे बढ़ा। बैंकों में उपभोक्ताओं की संख्या कई गुना बढ़ गई। बैंकों की कमाई कई गुना बढ़ गई। लेकिन बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या घटती चली गई। यही हाल रेलवे का है। यही हाल गवर्नमेंट सेक्टर का है। उद्योग और व्यापार में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों ने अपना एकाधिकार बनाते हुए स्थानीय रोजगारों को समाप्त करने का काम किया है। पूंजी का प्रवाह कुछ बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों तक सीमित होकर रह गया, जिसके कारण मध्यवर्ग और निम्न वर्ग की बचत खत्म हो गई। निम्न और मध्यम वर्ग पर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया। देश में डिग्री लेकर नौकरी की मांग करने वाले युवाओं की संख्या साल दर साल बढ़ती चली गई। जो स्थानीय रोजगार और धंधे थे, वह पूरी तरह समाप्त होते चले गए। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी 140 करोड़ से ज्यादा हो गई है। 30 करोड़ से ज्यादा उच्च शिक्षित पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। इन्हें बाबू और चपरासी की नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसर स्थानीय आधार पर उपलब्ध थे आर्थिक विकास के नाम से वह छीन लिए गए हैं। सभी रोजगार व्यवसाय और उद्योग में कॉर्पोरेट का कब्जा होता जा रहा है। जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या दिन- प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए बेरोजगारों को लाभार्थी बनाने के लिए सरकार प्रतिमाह कुछ राशि देकर बेरोजगार युवाओं के गुस्से को शांत करना चाहती है। बेरोजगार युवाओं को सरकारी सहायता पर निर्भरता बढ़ाई जा रही है। यह स्थिति आर्थिक, सामाजिक विकास की दृष्टि से भविष्य में बहुत नुकसान पहुंचाने वाली साबित होगी। भारत की युवा आबादी ने भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में अपने ज्ञान और मेहनत के बल पर एक अलग जगह बनाई है। अब डिग्रियां होते हुए भी नौकरी या काम नहीं मिलने के कारण भारतीय युवा निराश और हताश है। हरियाणा पंजाब तमिलनाडु केरल और गुजरात जैसे राज्यों से युवा चोरी-छिपे रोजगार की तलाश में अवैध रूप से विदेशों में जा रहे हैं। इजराइल जैसे युद्धग्रस्त देश में भी मजदूरी करने के लिए तैयार हैं। युवाओं को भारत में रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। बाहर के देशों में भी अनुभव नहीं होने के कारण काम नहीं मिल रहा है। 1970 के बाद बड़ी तेजी के साथ देश में लघु एवं मध्यम उद्योग विकसित हुए थे। जिस तरह का सामाजिक और आर्थिक ढांचा स्थानीय रोजगार पर आधारित था, पिछले 10 वर्षों में रिटेल सेक्टर में कारपोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाने से वह पूरी तरह से टूट गया है। युवाओं के पास डिग्री है। उनके पास नौकरी और रोजगार के अवसर नहीं हैं। नौकरी और रोजगार के लिए जो ज्ञान आवश्यक है, वह उन्हें पढ़ाई के दौरान नहीं मिला। पिछले 30 वर्षों में जिस तरह से विदेशी पूंजी भारत में आई है। हर धंधे में बड़ी-बड़ी कंपनियों का एकाधिकार होता चला गया। हर क्षेत्र में मशीनों और ऑनलाइन सर्विस की बाढ़ आ गई है। उसके कारण युवाओं को नौकरी और रोजगार के कोई अवसर नहीं मिल रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार और नौकरी के अवसर बढ़ाने होंगे। कृषि क्षेत्र लघु एवं मध्यम उद्योगों को पुनर्स्थापित करने की नीतियां बनानी होंगी। मिडिल और हाई स्कूल की पढ़ाई के साथ उन्हें विभिन्न कामों का प्रशिक्षण पढ़ाई के साथ मिल सके। जो उन्हें रोजगार उपलब्ध करा सके। मिडिल और हाईस्कूल की शिक्षा में हिंदी-अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों का उपयोग करने की शिक्षा, हाई स्कूल की पढ़ाई के दौरान मिले, इसकी व्यवस्था करनी होगी। स्थानीय स्तर पर नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा हों, ऐसा हुआ तो भारत के युवाओं को भारत के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के बहुत सारे अवसर उपलब्ध होंगे। हर काम के लिए अनुभव जरूरी है। किताबी ज्ञान से कुछ हासिल नहीं हो सकता है। लंबे समय तक सरकारी सहायता भी देना संभव नहीं होता है। आत्मनिर्भरता के लिए हर व्यक्ति को लाभार्थी नहीं कामार्थी बनाने की जरूरत है। हर व्यक्ति में विशेष योग्यता होती है। हर व्यक्ति की सोच अलग होती है। हर व्यक्ति का ज्ञान भी अलग होता है। हर व्यक्ति की रुचि भी अलग होती है। जब विविधता के साथ ज्ञान होगा, तभी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सामाजिक व्यवस्था में विविधता होती है। चीन की बढ़ी हुई आबादी में प्रतिस्पर्धा कामगारों के बीच में उत्पन्न की गई थी। उत्पादन से आर्थिक आधार को जोड़ा गया था। उसके कारण चीन का उद्योग और व्यापार सारी दुनिया में फैल गया। भारत सरकार को भी इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की जरूरत है। वर्तमान स्थिति में लापरवाही बरती गई, तो आने वाले समय में स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

### रतन टाटाः देश की आर्थिक-सामाजिक प्रगति के संवाहक

**मुस्ताअली बोहरा**

रसूख बादशाह जैसा, जीवन सादगी भरा

देश ही दुनिया के सबसे बड़े कारोबारियों में से एक रतन टाटा अब आसमान में सितारे बनकर चमक रहे हैं। उनकी विदाई से न सिर्फ उद्योग जगत बल्कि समूचे समाज में जो शून्य उभरा है उसकी पूर्ति कभी नहीं हो पाएगी। पूंजीवाद और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में रतन टाटा सरीखा परोपकारी कारोबारी होना मायने रखता है। उन्होंने करीब दो दशक से अधिक वक्त तक देश के सबसे बड़े कारोबारी समूह का नेतृत्व किया। सन 1991 में जेआरडी टाटा से रतन टाटा को करीब तीन दर्जन कंपनियां विरासत में मिलीं थीं। इन कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील से ही अन्य कंपनियों की तुलना में आय और लाभ का बड़ा हिस्सा आता था। रतन टाटा ने इस पूरे समूह को एकजुटता के साथ मजबूत बनाया। नमक से लेकर बस तक टाटा के प्रोडक्ट इतने है कि गिनते गिनते थक जाएं। आजादी के पहले से लेकर और अब तक टाटा परिवार का इस देश में खासा योगदान रहा है। रतन टाटा ने भी औद्योगिक तरक्की करते हुए ना कभी अपने समूह को निराश किया और ना कभी देश को। जिस मुकाम पर वो थे उसे हासिल करने के लिए रतन टाटा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नेल्को में रहते हुए उन्हें समूह के भीतर ही विरोध का सामना करना पड़ा। उसी दौरान टाटा मोटर्स की पुणे इकाई में सबसे बड़ी हड़ताल हुई। लेकिन रतन टाटा ने अपनी ऊर्जा जाया नहीं की बल्कि समूह के दूसरे कारोबारों को चमकाने में लगाई। सौंदर्य-प्रसाधन, पर्सनल केयर, औषधि, कंप्यूटर हार्डवेयर और सीमेंट जैसे कारोबारों में एनर्जी खर्च नहीं की। वर्ष 2007 में ऐंग्लो-डच कोरस स्टील और 2008 में वित्तीय संकट से पहले जगुआर-लैंड रोवर के अधिग्रहण ने समूह की वित्तीय स्थिति पर असर डाला। लेकिन इन बड़े अधिग्रहणों ने वैश्विक स्तर पर समूह को काफी उचाई पर पहुंचा दिया। प्रौद्योगिकी और दूरसंचार, विमानन और मोबाइल कलपुर्जा निर्माण पर जोर दिया अपनी दूरदेशी साबित की। रतन टाटा ने प्रौद्योगिकी की क्षमता को बहुत पहले ही पहचान लिया था। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने भारत में एक मजबूत आईटी सेवा उद्योग स्थापित करने में सहायता की, जिससे देश को वैश्विक आईटी हब के रूप में पहचान मिली। उनके प्रयासों से टीसीएस सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और कंसल्टेंसी में एक प्रमुख नाम बनी, जिसने दुनिया भर में व्यवसायों के डिजिटल परिवर्तन में योगदान दिया।

# रामलीला का बदलता स्वरूप समाज के लिए खतरा

**विनोद कुमार सिंह**

आप में सें यहाँ कोई राम है?

दिल्लीवासियों का सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली का ऐतिहासिक। रामलीला मैदान है। जिसके जुड़ी हुई कुछ किस्से आज भी सुनने को मिलती रहती है। पिछले दिनों दिल्ली व एन सी आर राम भक्तों व रामलीलाओं मंचन व जयश्री राम व हर हर महादेव के नारे से पुरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दिल्ली व एन सी आर वाले शाम होते हीअपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे। मुझे भी कुछ रामलीलाओं को अवलोकन का सुअवसर मिला। इस दौरान मुझे एक जिज्ञासु व दर्शक की पैनी नजर से रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारीकी से जानने का अवसर मिला। रामलीलाओं स्थलों व मंचों के कई क्षण व दृश्य ऐसे आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया। इन में दो उल्लेखनीय पहलू है। रामलीला कर राम -रावण युद्ध का प्रसंग। आप को बता दें राम - रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है। आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर,सुनसान है किले का परकोटा,चारो दिशाओं में उदासी पसरी है,किसी के घर में नही जल रहा दीया। विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम। विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके निंविघ्न राज्याभिषेक,स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम,चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है। भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है।

विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है। लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है। हनुमान का यह संदेश सुनकर माँसीता खामोश है,निहारती है उस रास्ते को। उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम,राजा राम बन गये क्या। लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है,एक वर्ष कहाँ रही सीता,कैसे रही उनकी सीता। मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार। ना राम भक्त हनुमान नही समझ पाते, ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है। माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से, जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया,लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की,वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी। अगर स्वयं राम आते यहाँ मै उन्हें इसे मिलवाते,यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े की आपर शक्ति देती रही,यहाँ की पुष्प व लताओं से जिन्होनें उनकी सीता कीऑंसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा। लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए। देखते देखते कई पहर बीत गए,लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार की गई। भव्य पालकी मे बैठी हुई माँ सीता आज मन मन सोच रही है कि राजा जनक जी ने उन्हें इसी तरह से घर से विदा किया था। तभी वातावरण में स्वर गुंजता है कि सीता को मेरे पास पैदलआने दो। भुमि सुता माँ सीता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या ये वही है यह पुरुष,जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी। हॉं रावण नें गोद मे उठाया था। मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था,चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में,लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है। रावण कौन था,क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन में भी कुछ ऐसे सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक महाज्ञानी,महा पराक्रमी और महाबलशाली था। रावण चारों वेदों का जानकार था। वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था। हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ। रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका अंत नहीं सकता। यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा। भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला। धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला,इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया। युद्ध में सफलता के लिए स्वयं भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी। जिसके बाद लगातार 9दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया। इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था। अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे। शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे,बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया। सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे,जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें। श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण,खर,दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था। इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे। इनमें से मेघनाद, प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक, देवान्तक और अक्षय कुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ। रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम,सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे,नगर वासियों नें दिवाली मनाई थी। आप सभी भी दिवाली मनाने की तैयारी में जुट गए होगें। मै उदास हूँ,कुछ सोचने को मजबुर हो गया हूँ दशहरे की रात से। देश की राजधानी में रामलीला मंचन व मंच से लेकर रावण को जलाने के जशन में समाज की जानी हस्तियों ने ना सिर्फ शिरकत की बल्कि अपने को गौरवान्वित महसुस कर रहें। आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या। चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो,मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो,समाजसेवी हो यहाँ तक कई संवैधानिक पदों पर आसीन माननीय-सम्मानीय हो या फिहस्तियाँ हो,कोई भी हो व्यक्ति हो या जिसने भी रावण दहन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हो उनको लेकर मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है। यहाँ आपमें से कोई राम है क्या। मुझे तो यहाँ कोई भी राम नही मिला। वही दूसरी तरफ रामलीला आयोजक की व्यवस्था पर भी कई सवालिया निशान उठता है। रामलीला स्थलो की व्यवस्था,मंच के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग,अस्थाई रूप से बनाई चारदीवारी पर पान मासला अन्य विज्ञापन सम्बन्धी विशालकाय पोस्टरों,रामलीला में आने जाने दर्शकों के मन जरूर दुष्प्रभाव सरकारी महकमे के आल अफसरों की उपस्थिति,दिल्ली पुलिस,आदि के साथ लाला जी का फोटो से व्यापार व रुतवा में स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ता है। आयोजको का ध्यान रामलीला के सरकारी व सार्वजिक स्थान के लिए उपलब्ध कराई जाती है। जहाँ पर केन्द्र सरकार राज्य सरकार,कई स्वायत संस्थानों को रियायती दरों पर बिजली पानी,सुरक्षा व्यवस्था,मैदान उपलब्ध कराई जाती है। आयोजको द्वारा रामलीला मंचन के लिए चंदे से बड़ी रकम उगाई की जाती है। जिसका कोई हिसाब किताब कोई आडिट रिपोर्ट होती है या नही। भगवान ही जाने। एक रामलीला मंच में आयोजकों के द्वारा अपने लिए शीश महल की शान शौकत उपलब्ध थीं हद तो तक हो जब - भगवान श्री राम की प्रतिमा-खुले मैदान में स्थापित किया गया। इतना ही नही - हिन्दु देवी देवताओं की प्रतिमा को जमीन पर कुछ रखी गई थी लाला जी व उनके परिवार व मित्र परिजनों की आलीशान महलों में शीसें अन्दर - खान पान की व्यवस्था,फोटो सुट प्राईवेट प्रचार प्रसार के लिए कथाकथित झोला छाप आई -माईक लेकर मीडिया कर्मियों का खास इंतजाम था। फोटो सूट आदि व्यवस्था की गई थी। जो कि साधारण व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामलीला देखने को आते है। सबसे पहले उन्हें यहाँ प्रवेश के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। जैसे तैसे वह पहुंचते है फिर आयोजकों के प्राईवेट सिक्युटी गार्ड जिसे आयोजको अपने मित्र व परिजनों की आव भगत - शान शौकत रखी गई है। वे आम जनता को प्रताड़ित करने से नही चुकते है। ऐसे में अपने स्वभाव के मुताबिक तीरक्षी नजर अगर आप को कोई राम दिखे तो हमे भी बतायेगा जरूर। एक बार और अब रामलीला की जगह लालाओं की लीला काफी हद तक हावी हो गई। रामलीला का बदलता स्वरूप समाज व संस्कृति नकुशान कर रही है। एक स्वस्थ्य समाज व हमारे सम्भयता व संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है। फिलहाल आपसे यह कहते हुए विदा लेते है कि ना ही काहुँ से दोस्ती। ना ही काहुँ सें बैर॥खबरी लाल तो माँगें। सबकी खैर॥

# महान गणितज्ञ रॉबर्ट सिमसन

**संजय गोस्वामी**

**जन्म दिवस पर विशेष**



रॉबर्ट सिमसन एक स्कॉटिश गणितज्ञ थे, जिनका जन्म 14 अक्टूबर 1687 वेस्ट किलब्राइड, आयरशायर, स्कॉटलैंड में हुआ जो त्रिभुज की सिमसन रेखा के लिए सबसे ज़्यादा जाने जाते थे, हालाँकि वे इसके पहले खोजकर्ता नहीं थे। रॉबर्ट सिमसन जॉन सिमसन और एग्नेस सिमसन (नी सिमसन) के सबसे बड़े बेटे थे। सिमसन की माँ के 17 बच्चे थे, सभी लड़के थे, जिनमें से केवल छह ही वयस्क हो पाए। सिमसन ने 3 मार्च 1702 को एक छात्र के रूप में ग्लासगो विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया, उस समय उनकी आयु 14 वर्ष थी, और उन्होंने रीजेंट जॉन ट्रान के अधीन अध्ययन किया। उन्होंने क्लासिक्स, प्राच्य भाषाओं और वनस्पति विज्ञान में खुद को प्रतिष्ठित किया। उनके पिता का इरादा था कि रॉबर्ट चर्च में प्रवेश करें, और यह केवल संयोग से हुआ कि उनकी रुचि गणित में बदल गई। धर्मशास्त्र के छात्र के रूप में उन्हें अपने शिक्षकों के लिए लिखित कार्य तैयार करने की आवश्यकता थी। यह उन्हें असंतोषजनक लगा, क्योंकि उन्हें लगा कि तर्क अनिर्णायक और अटकलबाज़ी वाले थे। मनोरंजन के लिए उन्होंने सबसे पहले प्राच्य भाषाविज्ञान पर एक पुस्तक पढ़ी, जहाँ उन्हें ऐसे कथन मिले जिन्हें सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता था, लेकिन यह पूरी तरह से संतोषजनक नहीं था और उस स्तर पर उन्होंने गणित और यूक्लिड के तत्वों का सहारा लिया। फिर उन्होंने गणित का गंभीरता से अध्ययन करने के लिए काम करना शुरू किया, लेकिन उन्हें यह अपने आप ही करना पड़ा, क्योंकि उस समय, किसी कारण से, प्रोफेसर रॉबर्ट सिंक्लेयर द्वारा इस विषय पर कोई व्याख्यान नहीं दिया गया था। ग्लासगो में एक छात्र के रूप में अपने पहले वर्ष के दौरान रॉबर्ट सिमसन एक दिलचस्प घटना में शामिल थे, जो दर्शाता है कि संसदों के संघ से पहले भी, स्कॉटिश और साथ ही अंग्रेजी छात्रों ने 5 नवंबर को आतिशबाजी के साथ मनाया था। उस रात एक बंद कमरे से बाहर निकलते समय रॉबर्ट को एक साथी छात्र आर्थर ट्रान की पिस्तौल से गोली लगने से चेहरे पर चोट लग गई, जो अन्य छात्रों के एक समूह के साथ पिस्तौल से फायर कर रहा था और स्क्विब छोड़ रहा था। उन्हें संकाय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ ट्रान ने माना कि उसने पिस्तौल चलाई थी, और उसने कहा था कि वह इसे किसी बूढ़ी औरत की पीठ में मार देगा। ट्रान पर खुद आधा क्राउन का जुर्माना लगाया गया, उसके दोस्तों पर कम जुर्माना लगाया गया और कॉमन हॉल में सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई गई। ट्रान शायद रीजेंट जॉन ट्रान का बेटा था। आम तौर पर यह माना जाता है कि रॉबर्ट सिमसन ने 1710 तक लगभग आठ साल की अवधि के लिए एक छात्र के रूप में विश्वविद्यालय में भाग लिया, यह उस समय अध्ययन की एक असामान्य अवधि नहीं थी। 1710 में प्रोफेसर रॉबर्ट सिंक्लेयर ने इस्तीफा दे दिया, और सिमसन को कुर्सी की पेशकश की गई। वह इसे तुरंत स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक थे, और उन्होंने लंदन में कुछ समय बिताने की अनुमति मांगी, जहाँ उन्हें इंग्लैंड के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गणितज्ञों से परिचित होने का अवसर मिल सकता था। यह मंजूर हो गया और वह तुरंत लंदन चले गए जहाँ उनकी मुलाकात कई जाने-माने गणितज्ञों से हुई, जैसे एडमंड हैली, जॉन कैसवेल (मृत्यु 1712), ऑक्सफोर्ड में ज्यामिति के सेविलियन प्रोफेसर, विलियम जोन्स और अंत में हम्फ्री डिट्टन (1675-1715), क्राइस्ट हॉस्पिटल में गणितीय मास्टर, जिनके साथ सिमसन विशेष रूप से मित्रवत थे। लंदन में रहते हुए उन्हें बताया गया कि 8 मार्च 1711 के फैकल्टी मिनट द्वारा उन्हें ग्लासगो चेयर के लिए नामित किया गया था, बशर्ते कि वह अपने प्रवेश से पहले गणित में अपने कौशल का संकाय को संतोषजनक प्रमाण दें। वह ग्लासगो लौट आए, जहाँ 10 नवंबर 1711 को उन्हें हल करने के लिए दो ज्यामितीय समस्याएँ दी गईं। इन विषयों को उन्होंने संकाय की संतुष्टि के अनुसार निपटाया जिसके बाद उन्होंने गणित में अपने कौशल और ज्यामिति तथा बीजगणित पढ़ाने में निपुणता का संतोषजनक नमूना पेश किया, उन्होंने ऑक्सफोर्ड में खगोल विज्ञान के प्रोफेसर श्री कैसवेल और लंदन में गणित में कुशल अन्य लोगों से पर्याप्त प्रशंसापत्र भी प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर संकाय ने उन्हें इस तत्काल नवंबर के उन्नीसवें दिन प्रवेश देने का निर्णय लिया। अपने प्रवेश से तीन दिन पहले उन्होंने कला में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। जब वे इंग्लैंड में थे, तब एडमंड हैली ने उन्हें सुझाव दिया कि वे अपनी काफी प्रतिभा को यूक्लिड और पेर्गा के अपोलोनियस जैसे प्रारंभिक ग्रीक ज्यामितिज्ञों के काम को जारी रखें। ये ऐसे कार्य हैं जो केवल बाद के गणितज्ञों जैसे कि अलेक्जेंड्रिया के पप्पस द्वारा दिए गए संक्षिप्त विवरणों में प्रकाशित था। उन्होंने सबसे पहले यूक्लिड के तथाकथित पोरिज्म का अध्ययन किया। प्लेफेयर की 1792 में दी गई पोरिज्म की परिभाषा 70 से ज़्यादा अलग-अलग संस्करण, संशोधन या अनुवाद 1756 में पहली बार ग्लासगो में प्रकाशित हुए, जबकि अन्य ग्लासगो, एडिनबर्ग, डबलिन, लंदन, कैम्ब्रिज, पेरिस और कई अन्य यूरोपीय और अमेरिकी शहरों में प्रकाशित हुए। हाल के संस्करण 1933 में लंदन और टोरंटो में इसहाक टॉडहंटर के संपादन में और 1944 में साओ पाओलो में प्रकाशित हुए। सिमसन के व्याख्यान लैटिन में दिए गए थे, कम से कम उनके करियर की शुरुआत में। उनके सबसे महत्वपूर्ण लेखन उसी भाषा में लिखे गए थे, हालाँकि, लैटिन में इसके पहले प्रकाशन के बाद यूक्लिड का उनका संस्करण अंग्रेजी में प्रकाशित हुआ, जैसा कि उन्होंने अपने छात्रों के लाभ के लिए शंकु वर्गों पर एक ग्रंथ लिखा था। एक ज्यामितिज्ञ के रूप में उनकी प्रतिष्ठा हमेशा बहुत ऊँची रही है, हालाँकि, एक आलोचक के रूप में उन्होंने लिखा सिमसन ने पाठ को उसकी मूल सटीकता पर बहाल करने के लिए जो परिवर्धन और परिवर्तन किए, वे निश्चित रूप से उनमें से सभी सुधार नहीं हैं, और उनके द्वारा जोड़े गए नोट्स दिखाते हैं कि वे प्राचीन काल के महान ज्यामितिज्ञों को किस श्रद्धा से देखते थे। कुछ लोगों का मानना था कि अपने प्रयासों को केवल एक संपूर्ण पाठ की प्राप्ति तक सीमित करके, उन्होंने अपने विषय की अधिक उपयोगी व्याख्या के लिए अपनी प्रतिभा और अंतर्दृष्टि को लागू करने का अवसर खो दिया। सिमसन के लिए गणितीय तर्क प्रस्तुत करने का सबसे अच्छा साधन ज्यामिति था और, हालाँकि वे बीजगणित और अनंत कलन में हाल के विकास से परिचित थे, फिर भी जहाँ भी संभव हो, उन्होंने खुद को ज्यामितीय शब्दों में व्यक्त करना पसंद किया।

बेशक, वे इसमें अकेले नहीं थे, क्योंकि न्यूटन ने भी अपने प्रिंसिपिया को लिखते समय यही दृष्टिकोण अपनाया था। सिमसन का काम ग्रीक ज्यामिति तक सीमित नहीं था, यह ट्वीडल के पेपर से स्पष्ट होता है, जिसमें उन्होंने सिमसन की एक प्रारंभिक पांडुलिपि पर चर्चा की है, जो व्युत्क्रम स्पर्शरेखा श्रृंखला और $\pi$ की गणना में उनके उपयोग से संबंधित है। पचास वर्षों तक सिमसन ने अपनी दो मुख्य कक्षाओं में सत्र के दौरान सप्ताह में पाँच दिन व्याख्यान दिया। सभी खातों से वे एक अच्छे व्याख्याता थे, हालाँकि अपने जीवन के अंत में वे अपने युवा दिनों की तुलना में बेहतर थे, जब उनकी अनुपस्थिति ने उन्हें व्यावहारिक चुटकुलों का शिकार बना दिया। उनके कई शिष्यों ने गणित में उत्कृष्टता हासिल की, विशेष रूप से मैकलॉरिन, स्टीवर्ट, जॉन रॉबिसन जो एडिनबर्ग और ट्रेल विश्वविद्यालय में प्राकृतिक दर्शन के प्रोफेसर बन गए। सिमसन एक अच्छे दिखने वाले व्यक्ति थे, लंबे कद के और हल्के रंग के कपड़े पसंद करते थे। वह अविवाहित थे और इसलिए कॉलेज में उनके पास जो विशाल घर था, उसका उन्हें कोई उपयोग नहीं था, लेकिन वे वहीं कमरों में रहते थे। उन्होंने अपना सारा खाना, जिसमें नाश्ता भी शामिल था, कॉलेज के गेट के सामने एक छोटी सी सराय में खाया, जिसे श्रीमती मिलर चलाती थीं। उन्हें आगंतुकों को कॉलेज के चारों ओर दिखाने में खुशी होती थी और एंटोनिन वॉल और उसके आस-पास से आने वाले रोमन पुरावशेषों के विशाल संग्रह के बारे में उन्हें बहुत जानकारी थी। रेवरेंड अलेक्जेंडर कार्लाइल के अनुसार उन्हें महिलाओं की संगति से विशेष रूप से परहेज था, और साल में एक दिन को छोड़कर, जब वे प्रिंसिपल कैंपबेल के यहाँ चाय पीते थे और अपनी बेटी मैली के साथ उल्लास और सहजता से बातचीत करते थे, जो हमेशा उनकी पहली पसंद होती थी, वे कभी भी महिलाओं के साथ नहीं रहते थे। कहा जाता है कि युवावस्था में उनके साथ ऐसा नहीं था, और वह एक महिला से बहुत जुड़े हुए थे, जिसके सामने उन्होंने प्रस्ताव रखा था, लेकिन जब उसने मना कर दिया तो वह सेक्स से घृणा करने लगे।

मेरे परिवार से परिचित होने से पहले ही वह महिला मर चुकी थी, लेकिन मैं उसके पति को जानता था, और मुझे यह स्वीकार करना होगा कि अपनी पसंद में महिला ने हाइपरियन के बजाय सैटायर को प्राथमिकता दी थी। सिमसन एक मिलनसार व्यक्ति थे। शुक्रवार की शाम को वह पास के एक सराय में एक क्लब में दोस्तों से मिलते थे, जहाँ वह व्हिस्ट खेलते थे, एक ऐसा खेल जिसमें वह माहिर थे। इसके बाद बातचीत और गायन का दौर चलता था। उन्हें समकालीन संगीत पर सेट ग्रीक ओड्स गाने का शौक था। हर शनिवार को वह अकेले या साथ में, पास के गांव एंडरस्टन में एक सराय में जाते थे, जहाँ वह अपने खास दोस्तों और ग्लासगो के किसी भी आगंतुक को मेजबानी करते थे, जिन्हें उन्होंने अपने साथ खाने के लिए आमंत्रित किया था। वह एक बहुत ही व्यवस्थित व्यक्ति थे और कॉलेज के बगीचे और अन्य जगहों पर रोजाना टहलते हुए, वह एक जगह से दूसरी जगह तक के कदमों की संख्या गिनते थे। रॉबर्ट सिमसन क्लर्क (जिसे बाद में सीनेट के क्लर्क के रूप में जाना जाता था) के पद पर नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति थे, जिसे उन्होंने 1728 में संभाला और 1761 में सेवानिवृत्त होने के बाद ही पद छोड़ा। 1761 में वे पचास वर्षों तक इस पद पर रहने के बाद सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपनी मृत्यु तक टॉवर में अपने कमरे रखे, लेकिन अपना कॉलेज हाउस छोड़ दिया, जिसमें वे कभी नहीं रहे थे। अपनी मृत्यु से कुछ साल पहले तक सिमसन अच्छे स्वास्थ्य में रहे, जिस अवधि के दौरान उन्हें अपने ज्यामितीय लेखन को संशोधित करने में सहायता के लिए एक लिपिकार को नियुक्त करना पड़ा। गणित के पद से सेवानिवृत्त होने से एक साल पहले, सिमसन ने प्रस्ताव दिया था कि उनके सहयोगी जेम्स बुकानन, ओरिएंटल भाषाओं के प्रोफेसर, उन्हें उनके शिक्षण कर्तव्यों से मुक्त कर दें, बशर्ते कि वे सेवानिवृत्त होने पर पदभार संभालें, लेकिन कोई भी कार्रवाई किए जाने से पहले बुकानन की मृत्यु हो गई। 1761 में सेवानिवृत्त होने से पहले सिमसन ने शर्त रखी कि उनके सहायक जेम्स विलियमसन को उनका उत्तराधिकारी बनाया जाए, और इस पर सहमति बन गई। एक प्रस्ताव है जो ऐसी स्थितियों को खोजने की संभावना की पुष्टि करता है जो किसी निश्चित समस्या को अनिश्चित बना देगा, या असंख्य समाधानों में सक्षम होगा। यूक्लिड के पोरिज्म पर सिमसन का काम 1723 में रॉयल सोसाइटी के फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन में प्रकाशित हुआ था, और अपोलोनियस के लोकी प्लैनी की उनकी बहाली 1749 में सामने आई थी। पोरिज्म और लॉगरिदम सहित अन्य विषयों पर उनके आगे के काम को लॉर्ड स्टैनहोप ने 1776 में मरणोपरांत अपने खर्च पर प्रकाशित किया था। सिमसन ने खुद को यूक्लिड के तत्वों के एक संस्करण को यथासंभव सही रूप में तैयार करने का कार्य निर्धारित किया, और यूक्लिड की पुस्तकों 1-6, 11 और 12 का उनका संस्करण कई वर्षों तक मानक पाठ था और ज्यामिति पर लिखी पाठ्यपुस्तकों का आधार बना। अन्य लेखकों द्वारा. काम जोरों से चला... उनकी मृत्यु 1 अक्टूबर 1768 को ग्लासगो, स्कॉटलैंड में हुई लेकिन गणित में बिजगणित के सिद्धांतो को लोग आज भी लोग पढ़ते हैं और शोध करते हैं।

# संपूर्ण कोयलांचल में दुर्गोत्स्व धूमधाम के साथ संपन्न











धनबाद, संपूर्ण कोयलांचल में दुर्गोत्स्व धूमधाम के साथ मनाई गई। धनबाद के प्रसिद्ध हरी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा, अर्चना काफी हर्षोल्लास के वातावरण में की गई। ज्ञात हो की सप्तमी, अष्टमी, नवमी एवं दशमी पूजा के दौरान पूजा पंडालो में लोगों की काफी भीड़ लगी रही। वहीं दूसरी ओर झारखंड मैदान में स्थित पूजा पंडाल में मां दुर्गा विराजमान हुई। पूजा पंडाल को काफी आकर्षक ढंग से बनाई गई थी। जिसे देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही। लुबी सर्कुलर रोड स्थित मां दुर्गा की पूजा अर्चना काफी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। ज्ञात हो की लबी सर्कुलर रोड स्थित पूजा के 50 वें वर्ष पूरे होने पर भव्य विद्युत सज्जा की गई। जो शहर का आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। इसके अलावे जिला परिषद के मैदान में स्थित पूजा पंडाल में भी लोगों ने मां की पूजा अराधना की। माडा क्लब में भी पूजा पंडाल को काफी आकर्षक ढंग से निर्मित किया गया था।

सरायढेला, स्टील गेट के समीप पूजा पंडाल को भव्य रूप से बनाया गया था। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। ज्ञात हो कि इस दुर्गोत्सव के दौरान लोगों ने जमकर सेल्फी ली। हर कोई पूजा पंडाल को देखकर एवं मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा को लोग अपने मोबाइल में कैद करना चाह रहे थे। विजयादशमी के अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न पूजा पंडालो एवं मंदिरों में सिंदूर का खेल खेला। महिलाएं काफी उत्साहित नजर आ रही थी। महिलाएं एक दूसरी महिलाओं के गाल पर सिंदूर लगाती हुई नजर आई। साथ ही आज नम आंखों से मां की विदाई की गई। विदित हो की पूजा के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक चौक चौराहों पर पुलिस की भारी व्यवस्था की गई थी, ताकि पूजा के दौरान दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की यातायात में कोई असुविधा उत्पन्न ना हो। देर रात तक ढोल, नगाड़ों एवं गाजा बाजे के साथ धनबाद के विभिन्न तालाबो में मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

---

दुमका में जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन

## बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने झारखंड में भी शराबबंदी की कही बात



दुमका : जिले के बासुकीनाथ के मोहन माला प्लेस में विधानसभा स्तरीय जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भी झारखंड राज्य विकास में पिछड़ा हुआ है. यह आश्चर्य की बात है कि प्रचुर खनिज संपदा होने के बावजूद यह राज्य पिछड़ा हुआ है.उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में महिलाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की गई, 50% आरक्षण की व्यवस्था की गई, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया, बेरोजगारों को रोजगार दिया गया. उसी तरह झारखंड में जदयू की सरकार बनी तो झारखंड का पूर्ण विकास किया जाएगा.उन्होंने कहा कि गांवों को शहर जैसा बनाया जाएगा, शराब पर रोक लगाई जाएगी, महिलाओं पर अत्याचार बंद किया जाएगा. जिस तरह बिहार सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है, उसी तरह झारखंड में भी गरीबों, किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधानों के तहत काम किया जाएगा.उन्होंने कहा कि बिहार में हर खेत को पानी, हर घर में शौचालय, नल का जल योजना लाई गई है, लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया है, व्यापार में बढ़ोतरी, शराबबंदी और कई अन्य योजनाएं लाई गई हैं, उसी तरह झारखंड में भी योजनाएं लाकर विकास किया जाएगा. बिहार में शराबबंदी के कारण महिलाओं पर अत्याचार कम हुए हैं, सड़क दुर्घटनाएं कम हुई हैं लेकिन झारखंड में ऐसा कुछ नहीं है, सभी अधिकारी-कर्मचारी बेलगाम हैं, सरकार गहरी नींद में है, जनता भय और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, सब बंद हो जाएगा।

बिनापनी क्लब के दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित

## सिंदूर खेला में सैकड़ों महिलाओं ने लिया हिस्सा



दुमका : दुर्गा पूजा की एकादशी के दिन रविवार को रघुनाथपुर मोड़ स्थित बिनापनी क्लब के दुर्गा मंदिर परिसर में महिलाओं ने जमकर सिंदूर खेला किया। इससे पूर्व महिलाओं ने देवी दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर अर्पित कर प्रणाम किया। सिंदूर खेला में दीपती साहा, शिप्रा चंद्र, पिंकी गोराई, सोमा दे, पायल गोराई, झरना दे, सोनाली घोषाल, चैताली धर, गौरी दत्त, दुलाली चौधरी के साथ काफी संख्या में महिलाओं ने सिंदूर खेला में हिस्सा लिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 52 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

दुमका :हंसडीहा थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ -नोनीहाट मुख्य मार्ग पर सुखजोरा धोबई नदी पुल के समीप रविवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया.मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार व्यक्ति का नाम गुड्डू परिहार (52) है, जो जरमुंडी थाना क्षेत्र के हरिपुर ग्राम निवासी बताया जा रहा है. बाइक सवार हरिपुर से नोनीहाट की ओर जा रहा था, तभी अचानक सुखजोरा धोबई नदी पुल के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गुड्डू परिहार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा गया. घटना की जानकारी मिलते ही हँसडीहा पुलिस ने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर बाइक को अपने कब्जे मे ले लिया है.

## 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन




धनबाद, निरसा के मदनपुर पंचायत में आगामी 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजनकर्ता तिलतोड़िया निवासी सूर्यकांत दत्ता ने रविवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। श्रीदत्ता ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री उत्तम कृष्ण शास्त्री पधार रहे हैं। जिनके मुख वाणी से प्रवचन की जाएगी। 14 अक्टूबर दिन सोमवार प्रातः 8 बजे और भव्य झांकियां, गाजे बाजे के साथ 108 कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा तिलतोडिया गांव का भ्रमण करते हुए बड़ा तालाब में जल भरकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी और मंगलवार 15 अक्टूबर से प्रतिदिन संध्या 4 बजे से संध्या 7 बजे तक श्री उत्तम कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा का आयोजन होगा। इस आयोजन में तिलतोड़िया गांव के दर्जनों कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे।वाहन पड़ाव ,पेयजल एवं श्रद्धालुओं के लिए बैठने की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर भक्तगण कथा का श्रवण करें और पुण्य का भागी बने ।

ज्ञात हो की तिलतोड़िया गांव में देवी चित्रलेखा, देवकीनंदन महाराज का सफल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो चुका है और इस बार श्री उत्तम कृष्ण शास्त्री का आगमन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां का अंतिम रूप दी जा रही है। तिलतोड़िया गांव के युवाओं में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा हैं।

## कार व बाइक की जोरदार भिड़ंत में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



दुमका : गोपीकांदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोपीकांदर-खरौनी मार्ग के मुहालो तीखा मोड़ पर एक्सप्रेसो कार और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार एवं बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी.दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची गोपीकांदर पुलिस ने सभी पांच घायलों को गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए दुमका रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पिंडरगढ़िया गांव के सोनाय देहरी, कार्तिक देहरी और जाड़ोपानी के मिठू कुंवर बाइक पर सवार होकर गोपीकांदर से बड़ापत्थर जा रहे थे, वहीं गोपीकांदर के रामधन प्रसाद देहरी सहित चार युवक अपनी मारुति एक्स प्रेसो (जेएच 04 यू 8586) से मुहालो से अपने घर गोपीकांदर आ रहे थे। इसी बीच कारुडीह मोड़ और मुहालो के बीच तीखा मोड़ पर दोनों वाहनों में जोरदार आपसी टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार अभिषेक चांद व सतन मरांडी एवं बाइक सवार सोनाय देहरी, कार्तिक देहरी और मिठू कुंवर को काफी चोट आई है।

सीएचसी गोपीकांदर में डॉ रवि शंकर प्रसाद के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। सोनाय देहरी और सतन मरांडी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दुमका रेफर किया गया। सनत मरांडी मुहालो गांव का रहने वाला है सोनाय देहरी, कार्तिक देहरी और मिंटू कुंवर जबकि पिंडरगढ़िया, जाड़ोपानी और गोपीकांदर का रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। बता दें कि इलाज के दौरान दुमका फूलों-झानों मेडिकल कालेज अस्पताल में सोनाय देहरी की मौत हो गई।

## बासुकीनाथ में दी गई मां दुर्गा को अश्रुपूर्ण नेत्रों से विदाई



दुमका : बासुकीनाथ में रविवार आश्विन शुक्लपक्ष एकादशी तिथि को प्राचीन दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रि में स्थापित मां दुर्गा को हजारों नगर निवासियों ने अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। विदाई के पूर्व नगर की महिलाओं ने प्राचीन दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मां दुर्गा को खोइंछा दिया और सिंदूर की होली खेली| सभी ने अपने अपने परिजनों के लिए खुशहाली,स्वास्थ्य,भक्ति का वरदान मांगा। संध्या लगभग आठ बजे सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी के सदस्यों ने गाजे बाजे के बीच सैकड़ों नगर निवासियों की मौजूदगी में बासुकीनाथ के पवित्र शिवगंगा सरोवर में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया। शिवगंगा तट पर भारी संख्या में मौजूद लोगों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन के अवसर पर दुर्गा मंदिर के समीप भव्य मेले का आयोजन हुआ ।जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नगर निवासियों एवम आसपास के ग्रामीणों ने भाग लेकर मेले का आनंद उठाया| बच्चों और महिलाओं सहित सभी ने मेले में चाट, चाउमीन एवम अन्य जायकेदार रसीले खानपान का आनंद उठाया। बासुकीनाथ के दुर्गा मंदिर के पास लगे मेले में बच्चों के लिए मिट्टी से बने खिलौने,बैलून एवम अन्य वस्तुएं मौजूद थी।

दुमका में विजयादशमी की धूम

## महिलाओं में दिखा सिंदूर खेला का उमंग नाच-गाकर दी माता को विदाई



दुमकाः झारखंड की उपराजधानी दुमका में विजयादशमी की धूम है. मां दुर्गा के मंदिरों और पूजा पंडालों में सुहागिनों ने सिंदूर खेला खेलकर माता रानी को विदाई दी और उनसे अपने पति की लंबी उम्र की कामना की. साथ ही साथ मंदिरों से भक्त कलश लेकर ढाक - ढोल के साथ नाचते - गाते तालाब पहुंचे और कलश विसर्जन किया.

विजयादशमी पर दुमका में वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया. मां दुर्गा की जय-जयकार से माहौल हर तरफ गुंजयमान हो रहा है. ढाक - ढोल की आवाज चारों ओर सुनाई दे रही है. वैसे तो सभी लोगों में काफी उमंग है पर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया. मंदिरों और पूजा पंडालों में सिंदूर खेल कर उन्होंने एक दूसरे को बधाई दी. सुहागिन महिलाएं एक दूसरे के चेहरे पर सिंदूर लगाकर गले मिली. उन्हें विजयादशमी की बधाई दी. महिलाओं ने मां दुर्गा से अपने पति की लंबी उम्र की कामना की और समस्त समाज के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की.

विजयादशमी के मौके पर मंदिरों में स्थापित कलश की विशेष पूजा की गई और फिर मां दुर्गा को विदाई दी गई. बाद में धूमधाम से नाचते गाते से श्रद्धालुओं के द्वारा नवरात्र पर स्थापित कलश को जलाशय में विसर्जित किया गया. दुमका में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया ।

दुमका में दर्दनाक हादसा

## निर्माणाधीन फोरलेन में मिट्टी के ढेर में खेल रहे दो बच्चों की मिट्टी में दबकर मौत

### जरमुंडी थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ देवघर मुख्य मार्ग पर जोगिया मोड़ के समीप हुई घटना से इलाके में मातम

दुमकाः पूरे देश में एक ओर विजयादशमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था , वहीं कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रखे गए मिट्टी के ढेर में दबकर दो मासूमों की मौत की सूचना से इलाके में मातम छा गया। मामला दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड के जोगिया मोड़ के समीप का है जहां आज शनिवार के दिन बासुकीनाथ देवघर मुख्य मार्ग के निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर में खेल रहे दो बच्चों की मिट्टी में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर में जोगिया मोड़ के सदीक मियां एवं मुमताज मियां के दो नाबालिग बच्चे अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे, एकाएक मिट्टी का ढेर धंस गया और दोनों बच्चे मिट्टी के अंदर दब गए। घटना के बारे में जानकारी होने पर परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने कार्यस्थल पर मौजूद पोकलेन एवं जेसीबी के सहायता से मिट्टी का ढेर हटवाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों बच्चों की दम घुटने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर जरमुंडी के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को अपने कब्जे में ले लिया। वही पुलिस मामले के जांच में जुट गई है।

सांसद व जिप अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से

## गंभीर बीमारी से पीड़ित दो लोगों को प्रदान किया 50-50 हजार का चेक



दुमकाः सांसद नलिन सोरेन लगातार अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आते हैं। इससे पहले भी शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र का विधायक रहते हुए भी वे ना सिर्फ अपने विधानसभा क्षेत्र के बल्कि कोई भी उनके सामने अपनी कठिनाइयों को लेकर गया उसे उन्होंने निराश नहीं किया।इसी क्रम में काठीकुंड स्थित आवास पर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत गंभीर बीमारी से पीड़ित तेलियाचक बाजार निवासी गौरीशंकर भगत एवं लालमोहन पाल को सांसद नलिन सोरेन व जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा द्वारा 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया ।

लोयाबाद में दुर्गोत्सव शांतिपूर्ण के साथ सम्पन्न हुआ

## सिंदुर खेल के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने नम आखों से विसर्जन कर विदा किया



लोयाबाद।लोयाबाद, सेन्द्रा, बाँसजोड़ा, कनकनी,आदि लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों के माँ दुर्गा की मंदिर में विजय दशमी के शुभ अवसर पर शनिवार को माँ दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं मंदिर परिसर में पहुंचे । जहां पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा से अपने-अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना किये। माँ दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने माँ की खोइछा भरई की रस्म पूरी की। वहीं बंगाली परंपरा के अनुसार महिलाओं ने एक दूसरे को सिन्दूर लगाकर विजय दशमी की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सिन्दूर खेल के बाद महिला एवं पुरुष तथा युवा भक्तगण जामकर नाचे झूमे।वहीं शनिवार को को सुबह 11:30 बजे मंदिर परिसर से पालकी में बेलभरणी माँ को मदनाडीह स्थित छठ घाट तालाब ले जाया गया वहीं महिलाओं ने जय माता की जयकारे लगाए और नम आंखों से माँ दुर्गा को विदाई दी माँ अगले वर्ष फिर आना । माँ हमें इंतजार रहेगा कह कर माँ दुर्गा को विदाई दी।वहीं संध्या बेला में लोयाबाद, बाँसजोड़ा, सेंदरा, कनकनी, लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों के माँ दुर्गा की प्रतिमा को धूमधड़ाके गाजे बाजे व नाचते गाते शांतिपूर्ण वतावरण में नगर भ्रमण कराते हुए माँ की प्रतिमा को तालाब में विसर्जन किया गया। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार अपने दलबल के साथ लगातार क्षेत्र में मुस्तेद दिखे थे।

## भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 312 वीं बैठक संपन्न

धनबाद, जमशेदपुर, रविवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाज सेवी संस्था इप्टा की 312 वीं बैठक आदित्यपुर में संपन्न हुई। जिसमें विजयादशमी के शुभ अवसर पर विजय मिलन के साथ- आगामी 17 नवंबर 2024 दिन रविवार को होने वाले इप्टा बाल समारोह के शुभ अवसर पर 500 विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर उनके सपना को साकार करना हैं।

## मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से राजगंज में संपन्न हुई

राजगंज, (धनबाद), राजगंज हटिया पट्टी स्थित पूजा पंडाल में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं द्वारा सप्तमी से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। लोगो नें मां दुर्गा से अपने एवं अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की । दुर्गा मंदिर परिसर में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा बनाई गई। जिसे लोगों ने काफी पसंद किया और मंदिर के आचार्य कालीचरण पांडे के द्वारा नवरात्र से ही पूजा प्रारंभ कर दी गई। विशेष तौर पर सप्तमी , अष्टमी, नवमी , दशमी की पूजा कराई गई। महिलाओं के द्वारा सिंदूर का खेला खेला गया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे के गाल पर सिंदूर लगाए और नम आंखों से मां की विदाई दीं। इसी के साथ दशमी के दिन प्रातः 9:30 में मां की नव पत्रिका गल्ली कुल्ही स्थित बड़का बांध तलाव में विसर्जन की गई । जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे। दुर्गा पूजा के उपलक्ष में समिति द्वारा 10 तारीख अष्टमी के दिन रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन किया गया । जिसमें राजगंज क्षेत्र के आस पास इलाके से ग्रामीण उपस्थित हुए और देर रात तक कलाकारों ने अपने भक्ति भजन गीत से रात भर शमा को बांधे रखा और श्रोता भक्त भजन का रात भर आनंद उठाया । इसके बाद 11 तारीख नवमी के दिन गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें राजगंज क्षेत्र के आसपास इलाके से महिला एवं लड़कियों ने डांडिया में भाग लिया। डांडिया का उद्घाटन राजगंज थाना प्रभारी, अलीशा कुमारी, राजगंज क्षेत्र के मेरा कुल्ही स्थित मनो रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर संजय के द्वारा फीता काटकर किया गया। डांडिया नृत्य में लड़कियों ने डांडिया के गाने पर देर रात तक झूमते रहे। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही । इसके अलावे राजगंज हटिया पट्टी स्थित पलटनटाड़ मैदान में मां दुर्गा की भव्य पंडाल बनाया गया। जिसमें मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। पुजारी संजय पांडेय के द्वारा बताया गया की विगत पहले राजगंज में जो दुर्गा पूजा होती थी वो मुख्यतः बलि प्रथा थी । बलि प्रथा के बाद उस बली को बंद कर दिया गया और सात्विक पूजा शुरू किया गया। पंडाल के चारों ओर मेले भी लगाए गए। मेले को देखने के लिए राजगंज क्षेत्र के आसपास इलाके के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले में तारा मचा, खिलौने के दुकान, एवं चाट, पानी पुरी का दुकान लगाए गए थे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष, मधु प्रसाद चौरसिया, कार्यकारी सदस्य, सुदिप अड्डी , रविंद्र चंद्रदे, सुमित्रो दे, तपन गोराई, उत्तम गोराई, निखिल दत्ता, जीतू विश्वकर्मा, इनके अलावे समिति के अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75.49 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत लुढ़ककर 78.79 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वहीं नई दिल्ली में पेट्रोली 94.72 प्रति लीटर, डीजल 87.62 प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 प्रति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर एवं कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

## भारत से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात का अवसरों को टटोलेंगेः हुंदै मोटर

नई दिल्ली (ईएमएस)। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आगामी इलेक्ट्रिक वाहनों को देश से अन्य बाजारों में निर्यात करने के अवसरों को टटोलेगी। कंपनी उभरते बाजारों के लिए उत्पादन केंद्र के रूप में अपनी स्थिति बढ़ाने के लिए यह कदम उठा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। कंपनी भविष्य में चार इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की योजना बना रही है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही तक उसकी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) क्रेटा का इलेक्ट्रिक संस्करण भी शामिल है। उन्होंने ककि कि हम उभरते बाजारों के लिए एक बहुत मजबूत उत्पादन केंद्र हैं। हम 80 से अधिक देशों को निर्यात कर रहे हैं। जहां तक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) का सवाल है, यह निश्चित रूप से मांग पर निर्भर करेगा। कंपनी जो भी उत्पाद भारत में पेश करती है, हम उसे उसे अन्य बाजारों में निर्यात करने को लेकर गौर करने के लिए हमेशा तैयार होते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी भविष्य में यहां पेश होने वाली अपनी इलेक्ट्रिक वाहन का निर्यात करेगी, उन्होंने कहा कि ईवी के निर्यात के संदर्भ में यह बुनियादी ढांचे पर निर्भर करेगा। यह मांग पर निर्भर करेगा लेकिन यह सही है कि आने वाले समय में हम इस मामले में उपलब्ध अवसरों पर गौर करेंगे।' उन्होंने कहा कि ये उत्पाद मुख्य रूप से भारतीय बाजार के लिए हैं। हमारी रणनीति हमेशा यह रही है कि उत्पादों को भारतीय बाजारों के केंद्र में रखा जाए ताकि पैमाने की मितव्ययिता हासिल की जा सके। अधिकारी ने कहा कि जैसा कि कंपनी ने पूर्व में किया है, वह अन्य उभरते बाजारों में अवसर तलाशेगी जहां भारत के ग्राहकों जैसी पसंद है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर हम भारत में जो भी उत्पाद तैयार करते हैं, वे अफ्रीका, पश्चिम एशिया, लातिन अमेरिका, मध्य अमेरिका, एशिया जैसे उभरते बाजारों के लिए बहुत उपयुक्त होते हैं। इसीलिए हमारे लिए ईवी को निर्यात करने पर विचार करना बहुत स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि हुंदै न केवल ईवी ला रही है, बल्कि संपूर्ण परिवेश भी विकसित कर रही है। कंपनी वर्तमान में लगभग 45 लाख रुपये की कीमत वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू5 बेचती है।

## ओएनजीसी छोटे एलएनजी संयंत्र स्थापित करेगी




नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) पाइपलाइन से नहीं जुड़े कुओं से प्राकृतिक गैस निकालने के लिए छोटे आकार के एलएनजी संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने गैस कुओं के पास ऐसे संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश, झारखंड और गुजरात में पांच स्थानों की पहचान की है। ये संयंत्र जमीन के नीचे से निकाली गई गैस को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) में बदलेंगे। इस एलएनजी को क्रायोजेनिक ट्रकों के जरिये समीप के पाइपलाइन में ले जाया जाएगा जहां इसे गैस की अवस्था में फिर से परिवर्तित किया जाएगा। उसके बाद इसकी आपूर्ति बिजली संयंत्रों, उर्वरक इकाइयों या शहर में गैस वितरण करने वाली खुदरा विक्रेताओं को की जाएगी। ओएनजीसी ने विनिर्माताओं/सेवा प्रदाताओं से ऐसे प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए एक निविदा जारी की है। निविदा में छोटे-एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में दो और गुजरात के अंकलेश्वर को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा झारखंड के बोकारो और गुजरात के कैम्बे में एक-एक स्थान की पहचान की गई है। ओएनजीसी ने निविदा दस्तावेज में कहा कि देश में पाइपलाइनों का एक व्यापक नेटवर्क है। पाइपलाइन के ये नेटवर्क आपूर्ति और मांग केंद्रों को जोड़ता है। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में ऐसे गैस हैं, जो पाइपलाइन से जुड़े नहीं है। इनका उपयोग घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि इस प्रकार की फंसी हुई गैस की मात्रा 5,000 से 50,000 मानक घन मीटर प्रतिदिन तक हैं। इनका उत्पादन पांच साल तक किया जा सकता है। निविदा में विनिर्माताओं और सेवा प्रदाताओं से एलएनजी का उत्पादन करने के लिए बीओओ (बनाओ, स्वामित्व और परिचालन) के आधार पर एक छोटे पैमाने पर एलएनजी संयंत्र स्थापित करने, उत्पादित एलएनजी को करीब 250 किलोमीटर तक कास्केड (उच्च दबाव वाले गैस सिलेंडर भंडारण प्रणाली)/ टैंकरों के जरिये खपत स्थलों तक पहुंचाने के लिए बोलियां आमंत्रित की गईं हैं। इसके अलावा इसमें एलएनजी को फिर से गैस में बदलने और फिर उसे मौजूदा गैस वितरण ग्रिड में डालने अथवा सीधे थोक उपभोक्ताओं को आपूर्ति करने की बात भी शामिल है। देश में प्रतिदिन नौ करोड़ मानक घन मीटर से अधिक प्राकृतिक गैस का उत्पादन होता है। इसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक बनाने और वाहन चलाने के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने तथा खाना पकाने लिए पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस के रूप में किया जाता है। लेकिन घरेलू उत्पादन मांग का लगभग आधा हिस्सा पूरा करता है। ओएनजीसी भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक है। कंपनी आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। इस निविदा के जारी होने से पहले, कंपनी ने मध्य प्रदेश में विंध्य बेसिन में अपने हट्टा गैस क्षेत्र के पास एक छोटे आकार का एलएनजी संयंत्र स्थापित करने के लिए देश के सबसे बड़े खुदरा ईंधन विक्रेता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के साथ साझेदारी की थी।

# कंपनियों के तिमाही परिणामों का शेयर बाजार पर रहेगा असर

### बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही



मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के जारी होने वाले परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 307.09 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81381.36 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50.35 अंक उतरकर 24964.25 अंक पर रहा। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 530.12 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 48436.86 अंक और स्मॉलकैप 654.78 अंक उछलकर 56600.09 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह विश्व बाजार का रुझान कमजोर रहा। भारतीय बाजार वर्तमान में प्रीमियम मूल्यांकन और दूसरी तिमाही के सुस्त नतीजों के कारण सुदृढीकरण के चरण में है। इसके विपरीत विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) चीन के प्रोत्साहन उपायों और कम मूल्यांकन से चीनी बाजारों में आर्बिट्रेज अवसरों का लाभ उठा रहे हैं। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा तथा उसके निर्णयों से निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना का संकेत नहीं मिलता है। इस बीच हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीद से अधिक बेहतर प्रदर्शन से घरेलू बाजार में आशा की लहर दौड़ गई। इससे सेंसेक्स ने कुछ लचीलापन दिखाया और वापस उछलने का प्रयास किया तथा निफ्टी 50 सूचकांक को 24,800 अंक के स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि यह समर्थन अस्थायी बना हुआ है, जिससे इसके मध्यवर्ती स्तर पर होने का जोखिम बना हुआ है। बीते सप्ताह बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख सका और निफ्टी50 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रास्फीति में अप्रत्याशित वृद्धि और जारी भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण अमेरिका में 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में हाल में हुई वृद्धि ने एफआईआई को अधिक सस्ते बाजारों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया है। इस प्रवृत्ति से अल्प अवधि में इक्विटी परिसंपत्ति का प्रदर्शन प्रभावित होने की उम्मीद है। इस सप्ताह निवेशकों की वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों पर पैनी नजर रहेगी। दूसरी तिमाही के परिणाम के तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कमजोर प्रदर्शन रहने का अनुमान है।

गिरावट का जोखिम बढ़ रहा है, जिससे अल्प से मध्यम अवधि में भारत का प्रीमियम मूल्यांकन कम हो सकता है। इस सप्ताह रिलायंस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, महाराष्ट्र बैंक, सीआईएल, बजाज ऑटो और क्रिसिल समेत कई दिग्गज कंपनियों की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह शेयर बाजार में दो दिन तेजी जबकि दिन दिन गिरावट रही। इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 638.45 अंक का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 218.85 अंक की गिरावट लेकर 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। मध्य-पश्चिम संघर्ष को लेकर विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मजबूत परिणाम रहने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 584.81 अंक उछलकर 81,634.81 अंक और निफ्टी 217.40 अंक की छलांग लगाकर 25,013.15 अंक पर पहुंच गया। आरबीआई से ब्याज दर में कटौती किए जाने की उम्मीद लगाए निवेशकों को लगातार दसवीं बार निराशा हाथ लगने का असर बुधवार को शेयर बाजार में बिकवाली के रूप में दिखा। इससे निराश निवेशकों की ऊर्जा, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समेत चार समूहों में हुई बिकवाली से सेंसेक्स 167.71 अंक की गिरावट लेकर 81,467.10 अंक और निफ्टी 31.20 अंक फिसलकर 24,981.95 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 144.31 अंक की छलांग लगाकर 81,611.41 अंक और निफ्टी 16.50 अंक की बढ़त लेकर 24,998.45 अंक हो गया। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कमजोर रहने से टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा आईसीआईसीआई बैंक और मारुति समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 230.05 अंक की गिरावट लेकर 81,381.36 अंक और निफ्टी 34.20 अंक फिसलकर 24,964.25 अंक पर बंद हुआ।

## प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 1.22 लाख करोड़ घटा

### सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस को हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ रुपये कम होकर 15,01,723.41 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 21,351.71 करोड़ रुपये घटकर 18,55,366.53



करोड़ रुपये पर रहा। वहीं आईटीसी का मूल्यांकन 18,761.4 करोड़ रुपये घटकर 6,10,933.66 करोड़ रुपये जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 16,047.71 करोड़ रुपये घटकर 6,53,315.60 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,946.62 करोड़ रुपये घटकर 6,00,179.03 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 11,363.35 करोड़ रुपये घटकर 8,61,696.24 करोड़ रुपये रहा। साथ ही एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,998.16 करोड़ रुपये घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ रुपये बढ़कर 9,60,435.16 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं इन्फोसिस का एमकैप 6,913.33 करोड़ रुपये बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

## विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग में होगी छंटनी

फ्रांसिस्को (ईएमएस)। विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग अपने कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी अपने वर्कफोर्स के करीब 10 प्रतिशत भाग यानि 17,000 लोगों को इस छंटनी का हिस्सा बनाएगी। इसका मुख्य कारण वित्तीय संकट बताया जा रहा है। बोइंग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कर्मचारियों को ईमेल भेजकर इस फैसले की घोषणा की। यह छंटनी आने वाले महीनों में होगी और इसमें अधिकारी, प्रबंधक और कर्मचारी शामिल होंगे। कंपनी ने कहा कि हमारा व्यवसाय मुश्किल स्थिति में है और हम सभी के सामने आने वाली चुनौतियों को बढ़ा-चढ़ा कर बताना मुश्किल है। मौजूदा माहौल से निपटने के अलावा हमें अपनी कंपनी को फिर से खड़ा करने के लिए कड़े फैसले लेने होंगे। इसके लिए कंपनी को संरचनात्मक बदलाव करने होंगे ताकि हम प्रतिस्पर्धी बने रह सकें और लंबे समय तक अपने ग्राहकों को सेवाएं दे सकें। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कंपनी एक मुश्किल वर्ष का सामना कर रही है। सितंबर के मध्य से बोइंग फैक्ट्री के 30,000 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कंपनी के सीईओ ने कहा कि उन्हें हमें अपनी वित्तीय स्थिति का वर्कफोर्स से तालमेल बिठाने के लिए ऐसा करना पड़ेगा ताकि हम अपनी अन्य प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सीईओ ने कहा कि आने वाले महीनों में हम अपने वर्कफोर्स को लगभग 10 प्रतिशत तक कम करने की योजना बना रहे हैं। इस छंटनी में अधिकारी, प्रबंधक और कर्मचारी शामिल होंगे। अगले सप्ताह आपकी नेतृत्व टीम इस बारे में अधिक जानकारी साझा करेगी। इस फैसले के आधार पर हम आने वाली छुट्टियां भी आगे प्रॉसेस नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा ऑर्डर पूरा करने के बाद, बोइंग वाणिज्यिक 767 मालवाहक विमानों का प्रोडक्शन भी 2027 तक बंद कर देगी।

## मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में सुधार देखा गया



नई दिल्ली (ईएमएस)। आयातित खाने के तेलों की कम आपूर्ति के बीच बढ़ती त्योहारी मांग की वजह से देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती रही तथा मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तेल के दाम पूर्ववत बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन और बिनौला की आवक निरंतर घट रही है। किसानों से जो ऊपज तेल संयंत्रों को मिलना था, उस सौदे को स्टॉकिस्ट जमा कर रहे हैं। किसान अपनी ऊपज सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने को लेकर कहीं अधिक आश्वस्त नजर आ रहे हैं क्योंकि मंडियों में उनकी ऊपज के दाम लगभग 10 प्रतिशत कम लगाये जा रहे हैं। सरकार को सोयाबीन बेचने के लिए किसान अपना पंजीकरण कराने में लगे हैं और खुले मंडियों में कम ऊपज ला रहे हैं।

इस कम आपूर्ति की वजह से सोयाबीन तिलहन कीमत में सुधार है।उन्होंने कहा कि दूसरी ओर मंडियों में कम आपूर्ति के बीच आयात की भी कमी रहने के कारण सोयाबीन तेल के भाव पूर्वस्तर पर बने हुए हैं। सोयाबीन तेल अभी भी प्रीमियम के साथ बिक रहा है।सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को मलेशिया एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था जिस वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार है। उन्होंने कहा कि आवक घटने के कारण बिनौला तेल कीमत में सुधार है। कपास नरमा का भाव मजबूत बना हुआ है। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः सरसों तिलहन 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,375-6,650 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 15,100 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,285-2,585 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,975 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,180-2,280 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,180-2,295 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,350 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 12,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,150 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,575 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,725-4,770 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज- 4,425-4,660 रुपये प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

### कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। आंकड़ों के अनुसार सितंबर महीने में सरकार को भुगतान किये गये कुल शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1 प्रतिशत घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ रुपये तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।कोयला उत्पादक राज्यों ने रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) और नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) सहित अन्य से राजस्व अर्जित किये।

## डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को उपहार में दी 28 कारें और 29 बाइक



चेन्नई (ईएमएस)। ढांचागत इस्पात डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि ये उपहार कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में हुंदै, टाटा, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी विभिन्न प्रकार की नई कारें भेंट की गईं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम कंपनी की सफलता में उनके (कर्मचारियों) अथक प्रयासों के लिए अपनी प्रशंसा दिखाना चाहते थे। हमारा मानना है कि हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने कर्मचारियों के योगदान को उनके प्रदर्शन, सेवा के वर्षों के आधार पर मापा है। हमारे कर्मचारियों ने असाधारण प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया है, और हमें उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने पर गर्व है। अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कंपनी में लगभग 180 कर्मचारी हैं जो साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और अत्यधिक कुशल हैं। उन्होंने कहा कि हम उन उम्मीदवारों का चयन करते हैं जो अत्यधिक प्रेरित होते हैं और उनके लिए कार या बाइक खरीदना एक सपने जैसा होता है। हम कर्मचारियों को बाइक उपहार में देते रहे हैं और 2022 में हमने अपने दो वरिष्ठ सहयोगियों को कार उपहार में दी। हमने आज 28 कारें उपहार में दी हैं। उनमें से कुछ मारुति सुजुकी, हुंडई, मर्सिडीज बेंज भी हैं।"एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कंपनी एक निश्चित राशि के साथ कार या बाइक देगी। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारी को कंपनी द्वारा चुनी गई कार से बेहतर वाहन की जरूरत है तो उसे शेष राशि का भुगतान करना होगा।

# हुंडई मोटर्स 2032 तक 32,000 करोड़ खर्च करेगी




नई दिल्ली (ईएमएस)। हुंडई मोटर्स इंडिया का आईपीओ भारतीय जीवन बीमा निगम के 21,000 करोड़ रुपये के इश्यू साइज का रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा है। हुंडई आईपीओ के अपर प्राइस बैंड के हिसाब से इसका इश्यू साइज 27,870.16 करोड़ रुपये का है। हुंडई के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 1,865-1,960 रुपये (22 से 23 डॉलर) प्रति शेयर है। गौरतलब है कि हुंडई मोटर्स इंडिया ने 15 जून को मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्रॉफ्ट रेड हेयरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी फाइल किया था। 25 सितंबर 2024 को सेबी ने हुंडई को आईपीओ लाने के लिए मंजूरी दे दी थी। हुंडई ने अपने डीआरएचपी में कहा है कि हमने अपने चेन्नई मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और अपने तलेगांव मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ ऑफर लेटर दिए है, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 32,000 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धताएं शामिल थीं। कंपनी की तरफ से बताए गए ये 32,000 करोड़ रुपये के खर्च साल 2023 से लेकर 2032 तक के लिए हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि हम अपने आंतरिक स्रोतों से 32,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना के लिए पैसा देने की योजना बना रहे हैं। 1 अप्रैल तक हमारे पास 9,000 करोड़ रुपये की नकदी है। कंपनी ने डीआरएचपी में बताया कि हमारे पहले के पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) थे और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे भविष्य के पूंजीगत खर्च मुख्य रूप से नए पैसेंजर व्हीकल मॉडल लॉन्च के संबंध में प्लांट, प्रॉपर्टी और इक्विपमेंट्स और एसेट्स के अधिग्रहण के लिए होंगे।

कंपनी ने आगे कहा कि हमें अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के निर्माण और रखरखाव, उपकरण खरीदने और अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के लिए नई टेक्नोलॉजी को डेवलप करने और लागू करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पूंजी की जरूरत है। कंपनी ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीनों में और वित्तीय वर्ष 2023, 2022 और 2021 में, एसेट, प्लांट और इक्विपमेंट और एसेट्स के अधिग्रहण के लिए हमारा पेमेंट क्रमशः 2735.442 करोड़ रुपये, 2260.982 करोड़ रुपये, 1264.979 करोड़ रुपये और 2582.888 करोड़ रुपये था।

## एचएएल को सरकार ने महारत्न कंपनी का दर्जा दिया है

### देश को मिली 14वीं महारत्न कंपनी

नई दिल्ली (ईएमएस)। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सरकार ने महारत्न कंपनी का दर्जा दिया है। यह सम्मान एचएएल के बढ़ते कद और इसकी प्रभावशाली वित्तीय परफॉर्मेंस का प्रतीक है। कंपनी ने इस बड़ी खबर को अपने एक्स हैंडल पर सार्वजनिक उद्यम विभाग की पोस्ट रीपोस्ट करते हुए साझा किया। पोस्ट में लिखा गया कि वित्त मंत्री ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 14वीं महारत्न सीपीएसई कंपनी के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव वित्त सचिव की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालयी समिति और कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति ने सिफारिश के बाद मंजूर किया। एचएएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में 28,162 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार किया और 7,595 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह उपलब्धियां कंपनी को महारत्न का दर्जा दिलाने में अहम रही हैं। एचएएल का महारत्न बनना न केवल कंपनी के लिए बल्कि भारत के डिफेंस सेक्टर के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इससे कंपनी की ग्लोबल उपस्थिति मजबूत होगी और भविष्य में नए प्रोजेक्ट्स और इनोवेशन के रास्ते खुलेंगे। एचएएल के इस कदम से भारत के डिफेंस सेक्टर को एक नया आयाम मिलने की उम्मीद है, जो देश की आत्मनिर्भरता को और सशक्त बनाएगा। महारत्न कंपनियां भारत की सबसे प्रभावशाली सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां होती हैं, जिन्हें फैसले लेने में व्यापक स्वायत्तता और अधिकार मिलते हैं। भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को तीन श्रेणियों में बांटती है—महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न। साथ ही, इंटरनेशनल मार्केट में कंपनी की मौजूदगी भी होनी चाहिए।

## 785 रुपए महंगा हुआ सोना,75500 के पार

मुंबई (ईएमएस)। शुक्रवार को घरेलू सराफा बाजार में सोने के दामों में भारी तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट सोने के दाम 785 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़कर 75623 रुपए पर पहुंच गए। 22 कैरेट सोने के दाम भी 719 रुपया महंगा होकर 69271 रुपए पर बंद हुआ।

पिछले 6 दिनों में सोना 1.48 फ़ीसदी सस्ता हुआ था। अब सोने ने एक बार फिर छलांग लगना शुरू कर दिया है। सराफा बाजार के विशेषज्ञों का कहना है। इस साल के अंत तक 10 फ़ीसदी सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं। शेयर बाजार और बैंकिंग सेक्टर में आई अस्थिरता के कारण भारत में सोने के दामों में लगातार वृद्धि होने की संभावना बताई जा रही है। निवेश को सुरक्षित करने के लिए लोग बैंकों से पैसा निकालकर सोने में निवेश कर रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हिज्बुल्लाह, इजराइल के हमलों का दे रहा जवाब, दागी मिसाइलें, बजने लगे सायरन

येरुशलम,(ईएमएस)। लेबनान से हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर पांच प्रोजेक्टाइल दागे, जिसे इजरायली सेना ने नाकाम कर दिया। ये घटना अपर गैलीली, सेंट्रल गैलीली, वेस्टर्न गैलीली, हाइफा, और कार्मेल क्षेत्रों में रविवार सुबह हुई। प्रोजेक्टाइल दागने के साथ ही इन क्षेत्रों में सायरन भी बजने लगे। हाल ही में 1 अक्टूबर को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ एक जमीनी अटैक किया था। इस संघर्ष में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हवाई और रॉकेट हमले कर रहे हैं। इजराइली हवाई हमलों में लेबनान में मरने वालों की संख्या दो हजार से ज्यादा पहुंच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद हिज्बुल्लाह के लड़ाके इजराइली सैनिकों के सामने डटे और इजराइली सेना को जवाब दे रहे हैं।इजराइल का कहना है कि उसका प्रमुख मकसद 60 हजार लोगों की वापसी कराना है जो उत्तरी इजराइल में बमबारी के चलते पलायन कर गए थे। इस बीच इजराइली सेना भी लेबनान में हवाई हमले कर रही है। इजराइल पर ईरानी खतरा भी मंडरा रहा है, जिससे बचाव के लिए अमेरिका हर संभव कोशिशें कर रहा है।अमेरिका इजराइल को एक अडवांस्ड एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है, जिसे अमेरिकी सेना संचालित करेगी। ईरान द्वारा इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागने के बाद अमेरिका इजराइल के साथ बातचीत कर रहा है। इजराइल ने इस हमले का अब तक जवाब नहीं दिया है, लेकिन उसने चेतावनी दी है कि ईरान पर वे हमला जरुर करेगा। वहीं ईरान भी इजराइल का साथ देने वालों को चेतावनी दे चुका है। ईरान की तरफ से बैलिस्टिक मिसाइल का खतरा है, जिसे बेसर करने के लिए अमेरिका एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात करेगा।

### श्रीलंका सरकार फिर कराएगी हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच, आदेश किए जारी

कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका सरकार ने पुलिस को कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों की फिर से जांच करने का आदेश दिया है, जिसमें 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले और 2005 में एक तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या का मामला भी शामिल है। पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने इन मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था, जिनका समाधान नहीं हो सका था। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह फैसला इसलिए किया है, ताकि जांच में किसी भी तरह की चूक की पहचान की जा सके।श्रीलंका मंत्रालय के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की फिर जांच की जानी चाहिए। उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉण्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तत्कालीन सरकार को दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले की भी जांच की जानी है, जिसमें 11 भारतीयों समेत 270 से ज्यादा लोगों की मौत् हो गई थी। आतंकवादी हमले का गवाह बना कैथोलिक चर्च इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करता रहा है। उसका आरोप है कि पिछली सरकारों ने राजनीति से प्रेरित होकर इस हमले पर पर्दा डाल दिया था। जिन अन्य मामलों की जांच की जानी है उनमें तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार डी. शिवराम की 2005 में हुई हत्या और उस समय पूर्वी विश्वविद्यालय के प्रमुख एक तमिल अल्पसंख्यक शिक्षाविद का 2006 में अपहरण किए जाने और लापता होने का मामला भी शामिल है।

### ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं, समान विचार वाले देशों का एक बहुराष्ट्रीय संगठन हैः रुस

मास्को,(ईएमएस)। रूसी विदेश मंत्रालय ने ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है। ब्रिक्स एक अंतरराष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला एक बहुराष्ट्रीय संगठन है।मीडिया रिपोर्ट में एक लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए रुसी मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध पर टिका है।रिपोर्ट में रुसी मंत्रालय ने बयान में कहा कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का एक मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष और बहुपक्षीय विश्व आर्थिक प्रणाली बनाना है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही इस ब्लॉक ने अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता के सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है।मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार विश्व अर्थव्यवस्था में बदलावों को दर्शाता है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में विकासशील राज्यों की भूमिका को मजबूत करने में योगदान देता है। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 2006 में की गई थी। रूस ने 1 जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। इस साल की शुरुआत रूस, ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हो गए हैं। रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता निष्पक्ष वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर केंद्रित है।

### हमास के इजराइल पर किए गए हमले को ईरान से जोड़ना गलत

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 की इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट हमले से ईरान को जोड़ने के दावे को खारिज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन ने शनिवार को हमास द्वारा गत वर्ष 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले से ईरान को जोड़ने के दावों को खारिज कर दिया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बयान में, ईरानी मिशन ने हमास की गुप्त बैठकों के मिनटों तक पहुंच के इजरायल के दावे के बारे में कई सवालों के जवाब दिए, जिसमें संकेत दिया गया था कि ईरान को गत वर्ष 7 अक्टूबर के हमले के लिए समूह की योजना के बारे में सूचित किया गया था। मिशन ने कहा कि जबकि दोहा में स्थित हमास के अधिकारियों ने घोषणा की है कि उन्हें अभियान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और केवल गाजा में स्थित हमास की सैन्य शाखा ही अभियान की योजना बनाने, फैसला लेने और निर्देशन के लिए जिम्मेदार थी, ऐसे में अभियान को आंशिक रूप से या पूरा तरह से ईरान या हिजबुल्लाह से जोड़ने का कोई भी दावा सही नहीं है और यह फर्जी दस्तावेजों पर आधारित है।रिपोर्ट में दावा था कि 7 अक्टूबर 2023 के हमले की साजिश दो साल तक रची गई। इसे 2022 में ही अंजाम देना था, लेकिन इस हमले में साथ देने के लिए हमास को ईरान और हिजबुल्लाह को मनाने में लगा रहा, जिस कारण देरी हुई। इजराइली मिलिट्री की ओर से जनवरी में गाजा से जब्त किए गए एक कंप्यूटर में इसकी डिटेल आई है।उल्लेखनीय है कि हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल की सीमा में घुस कर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था, जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइली सेना गाजा में बड़े पैमाने पर हमला कर रही है।

### आगे चल रहे वाहन से टकराई कार, दो विदेशी युवतियों समेत 3 की मौत

इटावा,(ईएमएस)। यूपी के इटावा जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन-125 के पास एक भीषण सड़क हादसे में दो विदेशी महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा खरगुआ गांव के पास हुआ, जब एक कार अपने आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। एसएसपी ग्रामीण अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से कुदरेल चौकी लाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हादसे में कार चालक संजीव कुमार और तीन सगी बहनें कैटरीना उर्फ तबस्सुम (20), आतिफा (25), नाज (30) गंभीर रूप से घायल हुए। बाद में उपचार के दौरान नाज, कैटरीना और संजीव कुमार की मौत हो गई। मृतकों में से दो विदेशी महिलाएं थीं, जिनमें से एक रूस की और एक अफगानिस्तान की रहने वाली थी।मृतकों के परिवारजनों ने बताया कि वे लखनऊ घूमने गए थे और वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलने के बाद दिल्ली से पीड़ित परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंच गए।

# राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कांटे का मुकाबला



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिल रहा है। सर्वेक्षणों में कभी ट्रंप कुछ अंकों से आगे हो जाते हैं तो कभी कमला हैरिस बढ़त बना लेती हैं। अब जो नया सर्वेक्षण सामने आया है वह दर्शा रहा है कि कमला हैरिस को बढ़त हासिल है। हम आपको बता दें कि कमला हैरिस को खासकर मध्यम वर्ग और उपनगरों के निवासियों के बीच काफी समर्थन मिल रहा है। हालांकि ट्रंप और कमला के बीच अंतर ज्यादा नजर नहीं आ रहा है इसलिए देखना होगा कि आने वाले सप्ताहों में दोनों का चुनाव प्रचार कैसे आगे बढ़ता है। हम आपको बता दें कि बाइडन ने जब राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने का ऐलान किया और कमला का नाम आगे किया तो उस समय कराये गये सर्वेक्षणों में ट्रंप को 43 फीसदी और हैरिस को 40 फीसदी लोगों का समर्थन हासिल था मगर समय बीतने के साथ यह अंतर कम होता गया। जब कमला हैरिस ने जुलाई में अपना चुनाव अभियान शुरू किया तो उन्होंने अंतर को कम करना शुरू कर दिया और अब वह ट्रंप से 3 प्रतिशत मतों से आगे चल रही हैं। रॉयटर्स/इप्सोस सर्वेक्षणों से पता चला है कि मतदाता चुनाव से पहले अर्थव्यवस्था को नंबर 1 मुद्दा मानते हैं और अक्टूबर में हुए एक सर्वेक्षण में 46 फीसदी मतदाताओं ने कहा कि ट्रंप अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर उम्मीदवार थे। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कमला हैरिस को 38फीसदी मत मिले। सर्वेक्षणों ने ट्रंप को आव्रजन और अपराध पर काबू पाने में अधिक भरोसेमंद उम्मीदवार के रूप में भी दिखाया है। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप ने अगस्त में अपने समर्थकों से कहा कि वह ऐसे उम्मीदवार हैं जो उपनगरों को सुरक्षित रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि अवैध रूप से सीमा पार आने वाले प्रवासियों को उपनगरों से दूर रखा जाए। इसके अलावा, ट्रंप ने महंगाई के लिए बाइडन प्रशासन को दोषी ठहराया है जिसने मध्यम वर्ग के अमेरिकियों को नुकसान पहुंचाया है। दूसरी ओर, कमला हैरिस ने अपने भाषणों में मध्यम वर्ग का आकार बढ़ाने के वादे पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। चुनावों में उन्हें लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए बेहतर उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। ताजा सर्वेक्षण के परिणाम दर्शाते हैं कि मध्यम आय वाले मतदाताओं के बीच कमला हैरिस का प्रभाव खासा देखा जा रहा है। हैरिस समर्थकों ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने से पहले उन्होंने उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था, लेकिन जैसे-जैसे उन्हें कमला के बारे में अधिक पता चला, वे उनके और अधिक समर्थक हो गए।हम आपको बता दें कि 4-7 अक्टूबर को किए गए छह सर्वेक्षणों में पंजीकृत मतदाताओं के बीच कमला हैरिस को डोनाल्ड ट्रंप पर 3 प्रतिशत अंक की मामूली बढ़त दिखाई गई। कमला हैरिस को कुल मिलाकर 46 फीसदी और ट्रंप को 43 फीसदी मत मिले। हालांकि चुनाव जीतने के लिए युद्ध के सात मैदानों- एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलिना, नेवादा, विस्कॉन्सिन और जॉर्जिया में बढ़त हासिल करनी होगी। फिलहाल यहां दोनों उम्मीदवारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है। इसके अलावा एक बात और देखने को मिल रही है कि ट्रंप जहां अकेले ही अपना सारा चुनाव प्रचार कर रहे हैं वहीं कमला के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, उनकी पत्नी मिशेल ओबामा, पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन आदि भी जमकर प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा उद्योग, खेल, मनोरंजन जगत की जानीमानी हस्तियां भी कमला हैरिस के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। समाज के अधिकांश तबके का समर्थन साथ दिखने के बावजूद कमला को मात्र तीन प्रतिशत की बढ़त मिलना यह भी दर्शा रहा है कि आम मतदाताओं की नजर में ट्रंप का महत्व अब भी बना हुआ है इसीलिए माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम किसी रोचक खेल स्पर्धा जैसे होंगे। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप का पहला मुकाबला जब हिलेरी क्लिंटन के साथ हुआ था तब भी अंत तक रोमांच बना हुआ था।

### ए आर रहमान ने कमला हैरिस के समर्थन में दी प्रस्तुति, होगा प्रसारण

वॉशिंगटन(ईएमएस)। प्रसिद्ध संगीतकार ए आर रहमान ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के समर्थन में अपने संगीत कार्यक्रम का 30 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिससे पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले उनके (हैरिस के) प्रचार अभियान को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस वीडियो का एएपीआई विक्ट्री फंड के यूट्यूब पर 13 अक्टूबर को प्रसारण किया जाएगा। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 मिनट के इस कार्यक्रम में रहमान के कुछ सबसे पसंदीदा गाने शामिल होंगे, जिनमें कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी और एएपीआई समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालने वाले संदेश भी शामिल होंगे।रहमान (57) दक्षिण एशिया के पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय कलाकार हैं जिन्होंने भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस का समर्थन किया है। 'एशियन अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स (एएपीआई) विक्ट्री फंड' के अध्यक्ष शेखर नरसिम्हन ने कहा, इस प्रस्तुति के साथ ही ए आर रहमान उन नेताओं और कलाकारों के समूह में शामिल हो गए हैं जो अमेरिका में प्रगति और प्रतिनिधित्व का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम से कहीं अधिक है, यह हमारे समुदायों के लिए कार्रवाई का आह्वान है कि वे उस भविष्य के निर्माण की कवायद में शामिल हों और वोट करें जिसे हम देखना चाहते हैं।

## इजरायल के उप प्रवक्ता ने भारत को इजरायल का विश्वसनीय साथी बताया

येरुशलम (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच के विवाद ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विवाद में कई महत्वपूर्ण खिलाड़ी निकलकर सामने आए। जिनमें से एक भारत है। हाल ही में इजरायल के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता एलेक्स गैंडलर ने भारत को इजरायल का अहम और विश्वसनीय साथी बताया। इस बयान ने भारत की पश्चिम एशिया में संभावित मध्यस्थ भूमिका की कयासों को और मजबूत कर दिया। एलेक्स ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि लोगों के स्तर पर भी रिश्तें मजबूत हैं। इजरायल भारत को एक ऐसी आवाज के रूप में देखता है जो पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण है। इस समय की चुनौतियों के बीच शांति स्थापित करने में मदद कर सकती है। ईरान एक असफल देश है जिसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। उसकी सेना निष्क्रिय हो चुकी। इजरायल ने कहा कि भारत जैसे देश ईरान को इस दिशा में सोचने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में भारत को हमेशा से ही एक न्यूट्रल और प्रभावी आवाज के रूप में देखा जाता है। भारत ने कई बार इन दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने की कोशिश की है। अब इजरायल भी भारत को एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका में देखने लगा है। भारत की भौगोलिक स्थिति और बड़ी वैश्विक शक्ति के चलते पश्चिम एशिया में उसकी भूमिका हमेशा से ही महत्वपूर्ण रही है। भारत और ईरान व इजरायल दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। जहां एक तरफ भारत का ईरान के साथ सांस्कृतिक रिश्ता है तो दूसरी तरफ इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी साझेदारी भी महत्वपूर्ण है। भारत ने हमेशा से हमेशा से ही दोनों देशों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इतने बड़े विवाद में भारत को एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन ये इतना आसान भी नहीं रहने वाला है। दोनों देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने तो यहां तक कहा कि ईरान पर उसकी ओर से किया जाने वाला हमला घातक और चौंकाने वाला होगा। गैलेंट ने कहा कि हाल में ईरान द्वारा किये गये मिसाइल हमले का कड़ा जवाब दिया जायेगा। गैलेंट के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इजराइली हमले से ईरान सकते में आ जाएगा। कोई विवरण दिए बिना रक्षा मंत्री ने कहा कि वे समझ नहीं पाएंगे कि क्या हुआ और कैसे हुआ। पिछले सप्ताह ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

## बांग्लादेश में उपद्रवियो ने दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति पर पेट्रोल बम फेंका

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में चल रहे दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद करीब एक दर्जन मामले दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार, शुक्रवार को ढाका में दुर्गा पूजा पंडाल पर अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंका। यह घटना कथित तौर पर बांग्लादेश की राजधानी के टाटी बाजार इलाके में हुई। अल्पसंख्यक अधिकार समूह द्वारा एक्स पर साझा किए गए वीडियो में एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया है। यह घटना तब हुई जब पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव की शुरुआत बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ हुई, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है।पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से कहा, 1 अक्टूबर से अब तक पूरे देश में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से



जुड़ी 35 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 11 मामले दर्ज किए गए हैं, 24 सामान्य डायरी (जीडी) दर्ज की गई हैं और 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।

### पहले माता का हुआ था मुकुट चोरी

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुई है जब एक दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक हस्तनिर्मित स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिला स्थित एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था। चोरी की इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच-दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महाषष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ समाप्त होगा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को पांच अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद भड़की हिंसा के दौरान उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा संपत्तियों में तोड़फोड़ की गयी और मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया गया।

## इजरायल ने दिया 22 गांवों को खाली करने का आदेश

### आदेश के बाद 10 मिनट में दक्षिण लेबनान पर ताबड़तोड़ 3 एयर स्ट्राइक




बेरूत (ईएमएस)। इजरायली सेना ने शनिवार को 22 दक्षिणी लेबनानी गांवों के निवासियों को अवाली नदी के उत्तर के इलाकों को खाली करने का आदेश दिया। अवाली नदी पश्चिमी बेका घाटी से भूमध्य सागर में बहती है। इजरायली सेना के एक बयान में दक्षिणी लेबनान के उन गांवों का नाम दिया है जो हाल ही में इजराइली हमलों के निशाने पर रहे हैं, जिनमें से कई पहले से ही लगभग खाली हो चुके हैं। इजरायली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह की बढ़ती आतंकी हरकतों के कारण आम निवासियों की सुरक्षा के लिए निकासी जरूरी थी. इसके साथ ही इजरायल ने केवल 10 मिनट के भीतर इलाके में ताबड़तोड़ 3 एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। इजरायली सेना का दावा है कि आतंकी समूह हिजबुल्लाह हथियारों को छिपाने और इजरायल पर हमले करने के लिए इन जगहों का उपयोग कर रहा है, जबकि हिजबुल्लाह ने नागरिकों के बीच अपने हथियार छिपाने से इनकार किया है। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष, एक साल पहले तब शुरू हुआ था जब ईरान समर्थित आतंकी समूह ने गाजा युद्ध की शुरुआत में हमास के समर्थन में उत्तरी इजरायल पर रॉकेट दागना शुरू किया था। पिछले महीने में इस तरह की वारदातें नाटकीय रूप से बढ़ गई है। लेबनान सरकार के मुताबिक 23 सितंबर से दक्षिणी लेबनान, बेका घाटी और बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में इजरायल के बढ़ते हमलों ने लगभग 12 लाख लोगों को अपने घरों से निकलने पर मजबूर कर दिया है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच पिछले बड़े युद्ध के दौरान की तुलना में अब अधिक लेबनानी विस्थापित हुए हैं। तब लगभग 10 लाख लोग अपने घरों से भाग गए थे। इजरायल की सेना ने ये भी चेतावनी दी है कि वह लेबनान में हथियारबंद लोगों को ले जाने वाले किसी भी वाहन के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जिसमें एम्बुलेंस भी शामिल हैं। इजरायल की सेना का दावा है कि हिजबुल्लाह हथियारों और आतंकवादियों को ले जाने के लिए एम्बुलेंस का इस्तेमाल कर रहा है क्योंकि इजरायली सेना ने लेबनान और गाजा के कुछ हिस्सों के लोगों के लिए निकासी के आदेश जारी किए हैं।

### भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की हत्या में पाकिस्तानी को उम्रकैद

लंदन(ईएमएस)। इसी साल 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के रीडिंग में साइकिल से घर लौटने के दौरान, रेस्तरां प्रबंधक को एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना में पाकिस्तानी नागरिक शाजेब खालिद को आरोपी पाया गया था। इसके बाद ब्रिटेन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। रीडिंग क्राउन अदालत में सुनवाई के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय विग्नेश पट्टाभिरामन की हत्या के मामले में पिछले महीने इस पाकिस्तानी नागरिक को दोषी करार दिया गया था और इस सप्ताह की शुरुआत में अदालत ने उसे सजा सुनाई गई है।ब्रिटेन में भारतीय मूल के रेस्तरां संचालक की हत्या करने के जुर्म में एक पाकिस्तानी नागरिक को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। ब्रिटेन की कोर्ट ने पाकिस्तानी मूल के 25 वर्षीय व्यक्ति को यह सजा दी है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी नागरिक ने एक भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की हत्या कर दी थी। अब कोर्ट ने इस मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।भारतीय मूल के नागरिक की कार से टक्कर मार कर हत्या करने वाली पाकिस्तानी को उम्र कैद की सजा मिलने से जांच अधिकारी भी खुश नजर आ रहे हैं।

### यमन के अल-हुतैब गांव में आज तक नहीं हुई बारिश

सना (ईएमएस)। यमन की राजधानी सना के पश्चिम में स्थित अल-हुतैब गांव में आज तक बारिश नहीं हुई है। यह खबर सुनकर आप को यकीन नहीं होगा लेकिन यह सच्चाई है। दरअसल यह गांव समुद्र तल से लगभग 3,200 मीटर की ऊंचाई पर बसा हुआ है और यह एक ऐसा स्थान है जहां आज तक कभी बारिश नहीं हुई। अल-हुतैब का मौसम बेहद अनोखा है। रात और सुबह के समय यहां कड़ाके की ठंड होती है, जबकि दिन में तापमान बेहद गर्म रहता है। सुबह-सुबह यहां के लोग भारी रजाई में लिपटे रहते हैं, लेकिन जैसे ही सूरज निकलता है, गर्मी से हाल बेहाल हो जाता है। दिनभर पानी की तलब बनी रहती है। हालांकि, इस गांव के अनोखे मौसम के बावजूद, यह एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है। दुनिया भर के लोग यहां घूमने के लिए आते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह पहाड़ी पर बसा है। यहां से नीचे के दृश्यों को देखना अद्भुत लगता है, जिससे लोग स्वर्गीय अनुभव महसूस करते हैं। परंतु, क्या आपने सोचा है कि यहां बारिश क्यों नहीं होती? दरअसल, यह गांव एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहां बादल कभी नहीं आते। पहाड़ी के नीचे बनने वाले बादल निचले इलाकों में बरसात करते हैं, जबकि अल-हुतैब पर बादल बनने का कोई मौका नहीं मिलता। यही कारण है कि यहां पर अब तक कोई वर्षा नहीं हुई है। इस गांव में अधिकांश लोग 'अल-बोहरा या अल-मुकरमा' समुदाय से जुड़े हैं, जो मुस्लिम धर्म को मानते हैं। यह समुदाय यमन या यमनी के रूप में भी जाना जाता है। अल-हुतैब गांव की इस अनोखी विशेषता ने इसे एक विशेष पर्यटन स्थल बना दिया है, जहां लोग अपने जीवन में एक बार जरूर जाना चाहेंगे। दुनियाभर में कई अजीबोगरीब जगहें हैं, जो अपनी अनोखी विशेषताओं के लिए चर्चा में रहती हैं। इनमें से एक है यमन का यह गांव भी है।

### शक्तिशाली तूफान ने ली सात की जान, बिजली गुल, अंधेरे में रहने को मजबूर लोग

साओ पाउलो,(ईएमएस)। ब्राजील के साओ पाउलो में आए शक्तिशाली तूफान से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दक्षिण अमेरिका के बड़े महानगर के 14 लाख घरों की बिजली गुल हो गई। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। मीडिया रिपोर्ट में साओ पाउलो के अधिकारियों ने बताया कि 108 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए तूफान से बिजली पारेषण लाइन प्रभावित हुईं और बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गए, जिसके कारण कुछ हिस्सों में गंभीर क्षति हुई।जानकारी के मुताबिक तूफान के चलते कई हवाई अड्डों को भी बंद कर दिया गया और कई क्षेत्रों में पेयजल सेवा भी बाधित हुई। अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत उस वक्त हुई जब एक पेड़ उखड़कर दुकान पर गिर गया।

## चीन ने अपने जासूसों की एक टीम को पाकिस्तान भेजा

बीजिंग (ईएमएस)। कराची के जिन्ना इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर चीनी नागरिकों पर हुए आत्मघाती हमले की जांच के लिए चीन ने आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित अपने जासूसों की एक टीम को पाकिस्तान भेजा है। इसके साथ ही चीनी विदेश मंत्रालय पाकिस्तान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एक फरमान भी जारी किया है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक हाल ही में हुई घटनाओं के चलते पाकिस्तान में सुरक्षा स्थिति और गंभीर हो गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान में मौजूद संकट को पूरी तरह से समझने पाकिस्तान की यात्रा करते समय सतर्क रहने और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनवा प्रांत जैसे उच्च जोखिम क्षेत्र की यात्रा करने से बचने की हिदायत दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान में चीनी कर्मियों को वहां चल रही परियोजनाओं की सुरक्षा को लेकर अधिक सतर्क रहना चाहिए. साथ ही वहां मौजूद सुरक्षा स्टाफ को स्थानीय सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से ध्यान देना चाहिए. चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के अलावा वहां मौजूद चीनी स्टाफ को अपनी सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए और अपनी सुरक्षा सावधानियां को और मजबूत करना चाहिए। इसके साथ ही चीनी विदेश मंत्रालय ने आपातकालीन स्थिति में पाकिस्तान में चीनी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने की हिदायत देते हुए उनके नंबर जारी किए हैं। वहीं जिन्ना इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर चीनी नागरिक पर आत्मघाती हमला करने वाली हमलावर का एक वीडियो अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने जारी किया है। संगठन का दावा है कि जिस हमलावर ने यह हमला किया वह बीबीए में पढ़ने वाला एक छात्र था। अपने वीडियो में हमलावर छात्र चीन को धमकी भी देते हुए कहता है कि आपके स्वार्थ का यहां स्वागत नहीं है। हम तब तक ना ही रखेंगे और ना ही यहां से भागेंगे जब तक आपसे बलूचिस्तान को आजाद नहीं करा देते। यह हमारी अंतिम चेतावनी है आपके इन्वेस्टमेंट को यहां आग लगा दी जाएगी। आपके नागरिक यहां सुरक्षित नहीं है और आपका साथ देने वालों को भी नुकसान सहना पड़ेगा। माना जा रहा है कि चीनी जासूसों की टीम इसलिए भी पाकिस्तान आई है क्योंकि चीनी प्रधानमंत्री अगले सप्ताह पाकिस्तान पहुंचने वाले हैं.

### इजरायल की टेक इंडस्ट्री तबाही के कगार पर

इजरायल (ईएमएस)। 7 अक्टूबर 2023 से हमास और इजरायल के बीच में लगातार युद्ध की स्थिति बनी हुई है। इसका असर इजरायल की टेक कंपनियों के ऊपर पड़ रहा है। लड़ाई शुरू होने के बाद कई टेक कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वापस बुला लिया था। युद्ध शुरू होने पर वेंचर कैपिटल फंडिंग 2023 के अंतिम 3 महीनो में घटकर 17653 करोड रुपए रह गई।

# भारतीय टीम ने तीसरे टी20 में बनाये कई रिकार्ड




हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्ला देश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के दौरान कई रिकार्ड अपने नाम किये। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 297 रनों का अब तक का अपना सबसेअधिक स्कोर बनाया। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने सबसे अधिक कुल 22 छक्के लगाये।
इकसे अलावा संजू सैमसन ने 40 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से रवि बिश्नोई ने सबसे अधिक 3 विकेट लेने के साथ ही टी20 में 50 विकेट भी पूरे किए। इस मैच में भारतीय टीम के सैमसन ने एक ही ओवर में लगातार 5 छक्के लगाये। इसकी सहायता से सैमसन ने 40 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। इसके साथ ही वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बये। इससे पहले भारतीय टीम की ओर से सबसे तेज शतक जमाने का रिकॉर्ड कप्तान रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने साल 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। अब सैमसन भारत की ओर से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं। अब तक किसी भी भारतीय विकेटकीपर के नाम टी20 में शतक नहीं है। इसके अलावा इस मैच में भारतीय टीम की जीत का अंतर सबसे अधिक 168 रन रहा।

## मयंक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे भारतीय बने




हैदराबाद (ईएममएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेकर एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही मयंक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले भुवनेश्वर कुमार, हार्दिक पांड्या और अर्शदीप सिंह के नाम ये रिकार्ड है।
मयंक ने उन्होंने पहली ही गेंद पर बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमोन का विकेट लिया।
मयंक ने इससे पहले ग्वालियर में अपना पहला मैच खेला था। इस मैच में मयंक ने एक विकेट लिया था। वहीं दूसरे मैच में भी उन्होंने एक विकेट लिया। तीसरे मैच में वह दो विकेट लेने में सफल रहे। मयंक ने अपने चार ओवरों में 32 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार तीन मैचों में उन्होंने चार विकेट लिए। सीरीज में उनका इकॉनमी रेट 6.91 रहा है। इस सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया था। ऐसे में मयंक सहित युवा खिलाड़ियों को मौका मिला था।



शंघाई में सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच एटीपी विश्व टूर में जीत पर उत्साहित होते हुए।

## एथलीट हिमा डोपिंग अरोपों से मुक्त हुईं

नई दिल्ली (ईएमएस)। एथलीट हिमा दास को डोपिंग मामले में राहत मिली है। डोपिंग रोधी अपील पैनल (एडीएपी) ने हिमा को डोपिंग के आरोंपों से मुक्त कर दिया है। हिमा पर एक साल में तीन बार अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण साल 2023 में डोपिंग के हिमा दास को नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल यानी एडीएपी से मंजूरी मिल गई है। अब हिमा सभी मुकाबलों में भाग लें सकेंगी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था। वह जकार्ता में स्वर्ण और रजत जीतने वाली महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर और मिश्रित 4 गुण 400 मीटर रिले टीम का हिस्सा थीं। इस धाविका को इस वर्ष की शुरुआत में लगी चोट के कारण पिछले वर्ष हांग्जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के नियमों के अनुसार, 12 महीनों के भीतर तीन बार ठहरने की जगह की जानकारी न देने पर आरोपी ठहराया गया था। नाडा नियमों के अनुसार पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल एथलीटों को अपने रात्रि विश्राम स्थान का पूरा पता, प्रत्येक स्थान का नाम और पूरा पता, जहां वे प्रशिक्षण, कार्य या अन्य नियमित अनुसूचित गतिविधियां करते हैं, तथा प्रत्येक गतिविधि की सामान्य समय-सीमा भी बतानी होती है।

## बिश्नोई 50 टी20ई विकेट लेने वाले संयुक्त रुप से तीसरे भारतीय गेंदबाज बने




हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर रवि बिश्नोई ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में 50 टी20 विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब बिश्नोई सबसे तेजी से 50 टी20ई विकेट लेने वाले संयुक्त रुप से तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बिश्नोई ने अपने दूसरे ओवर में ही बांग्लादेश के लिटन दास को आउट कर अपनी 33वीं पारी में अपना 50 वां विकेट लिया। इस प्रकार उन्होंने अर्शदीप सिंह के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। अर्शदीप ने भी 33 वीं पारी में अपने 50 विकेट लिए थे। मैच के छठे ओवर में ही बिश्नोई ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो को आउट कर मेहमान टीम को करारा झटका दिया था। वहीं अब तक सबसे तेज 50 टी20 विकेट विकेट लेने का रिकॉर्ड भारत की ओर से चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव के नाम है। कुलदीप ने 30 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं यजुवेंद्र चहल ने 34 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। 50 टी20 विकेट लेकर उत्साहित बिश्नोई ने कहा कि इस इस रिकार्ड को बनाकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। साथ ही कहा कि जब आपकी टीम में प्रतिस्पर्धा होती है तो दबाव रहता ही है। साथ ही कहा कि मैं खेलने को लेकर मिले अवसर के का पूरा लाभ उठाना चाहता था। साथ ही कहा कि मुझे कुछ दिनों का ब्रेक मिला था जिसका मैंने पूरा लाभ उठाया है। बिश्नोई का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में भी बेहद प्रभावी रहा है।

## 18 रनों से विश्व रिकार्ड नहीं तोड़ पायी टीम इंडिया

हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में इस प्रकार से तूफानी बल्लेबाजी की कि विरोधी गेंदबाजों को संभलने का अवसर भी नहीं मिला। भारतीय टीम ने 70 गेंदों पर ही 173 रन बना दिये। भारतीय टीम ने इस मैच में 6 विकेट पर 297 रनाये पर वह केवल 18 रनों से विश्व रिकार्ड नहीं तोड़ पायी। कप्तान सूर्यकुमार यादव और ओपनर संजू सैमसन की जोड़ी ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। इस जोड़ी ने केवल 70 गेंदों पर ही 173 रन बना दिये। इस मैच में सूर्या और सैमसन ने 14 ओवर में ही 200 रन बना दिये। पहला विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार ने सैमसन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए तेजी से रन बनाये। 23 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद सूर्या और सैमसन ने स्कोर 13.4 ओवर में 196 रन तक पहुंचा दिया। इन दोनो के बीच दूसरे विकेट के लिए संजू 173 रन की साझेदारी हुई। इममें सैमसन ने 92 रन जबकि सूर्या ने 67 रन बनाये।

## आक्रामक पारी खेलकर खुशी हुई : सैमसन




हैदराबाद (ईएमएस)। यहां बांग्लादेश के खिलाफ हुए तीसरे टी20 में अपनी आक्रामक पारी से भारतीय टीम को जीत दिलाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि वह इस प्रकार की पारी खेलने का प्रयास लंबे समय से कर रहे थे टीम की जीत में योगदान देकर उन्हें खुशी हुई है। सैमसन ने इस मैच में 40 गेंदों पर ही शतक लगाया था। सैमसन ने मैच में 1 ओवर में 5 छक्के भी लगाये थे। इस मैच में भारतीय टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय का अपना सबसे बड़ा स्कोर 297/6 बनाया था। सैमसन ने कहा कि इस मैदान को लेकर उनके अनुभव काफी अच्छे हैं। इसके साथ ही दबाव में भी वह अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे। वह अपने खेल में मूल बातों पर ध्यान देना चाहते थे। टीम प्रबंधन से भी उन्हें सहयोग मिला। मैं इस मैच में एक ओवर में पांच छक्के लगाने का प्रयास कर रहा था जिसमें मुझे सफलता मिली। वहीं भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सीरीज में मिली 3-0 की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि सभी ने जीत के लिए योगदान दिया। हम सभी एकदूसरे की सफलता से खुश होते हैं। हमें याद रखना है कि टीम सबसे बड़ी है और कोई उससे ऊपर नहीं है।

## विश्व क्रिकेट में बने ये रिकार्ड टूटना है असंभव




मुम्बई (ईएमएस)। विश्व क्रिकेट रिकॉर्ड बनते और टूटने रहते हैं पर कुछ ऐसे भी रिकार्ड बने हैं जिनका टूटना संभव नजर नहीं आता। वहीं कुछ ऐसे भी रिकार्ड हैं जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। इसमें ऑस्ट्रेलिया के सर डोनाल्ड ब्रैडमन के 99.94 के औसत का रिकार्ड हो या वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा के टेस्ट में चार सौ से अधिक रनों का रिकार्ड हो। ब्रेडमैन के 99.94 के औसत रिकॉर्ड आज भी कायम है। उन्होंने 52 टेस्ट में कुल 6996 रन बनाए। दिग्गज क्रिकेटर ब्रैडमैन ने 1928-1948 तक टेस्ट क्रिकेट खेला जिसमें उन्होंने 29 शतक और 13 अर्धशतक लगाए। आज खेल रहे खिलाड़ियों में भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यशस्वी अपने छोटे करियर में 64.05 की औसत से रन बना रहे हैं।
सर डॉन ब्रैडमैन के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक डबल सेंचुरी जड़ने का रिकॉर्ड है।ब्रैडमैन ने अपने टेस्ट करियर में कुल 12 डबल सेंचुरी जड़ी जो विश्व रिकॉर्ड है। सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक 7 दोहरे शतक बनाये हैं। ब्रैडमैन के इस महारिकॉर्ड के करीब केवल श्रीलंका के कुमार संगकारा पहुंचे हैं। संगकारा ने अपने टेस्ट करियर में कुल 11 दोहरे शतक लगाये। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 18426 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 49 शतक और 96 अर्धशतक निकले हैं। सचिन ने 463 एकदिवसीय में ये रन बनाये हैं। उनका सबसे अच्छा स्कोर नाबाद 200 रन है। अभी एकदिवसीय मैच काफी कम खेले जा रहे हैं और टी20 की संख्या इस समय ज्यादा हो गई है। ऐसे में सचिन के ये रिकार्ड टूटने असंभव हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली सबसे आगे हैं जिनके नाम 295 एकदिवसीय में 13906 रन हैं। कोहली इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं रोहित शर्मा के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने का विश्व रिकार्ड है। रोहित ने एकदिवसीय में 264 रन की बड़ी पारी खेलकर अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रोहित ने ये रिकॉर्ड श्रीलंका के खिलाफ साल 2014 में बनाया था। रोहित का ये रिकॉर्ड टूटना आसान नहीं है। वहीं दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1347 विकेट लिए हैं जिसे तोड़ना आज किसी गेंदबाज के लिए असंभव है। मुरली ने 495 मैचों में सबसे ज्यादा 1347 विकेट लिए हैं। मुरलीधरन ने इस दौरान 77 बार 5 विकेट लिए हैं जबकि 22 बार 10 विकेट हॉल लिए। आज खेल रहे गेंदबाजों में जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। एंडरसन 401 अंतरराष्ट्रय मैचों में 991 विकेट लिए हैं। लारा नाम टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड है। टेस्ट की एक पारी में लारा ने नाबाद 400 बनाए हैं। लारा ने यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ साल 2004 में बनाया था।विंडीज के पूर्व लेफ्ट हैंड बल्लेबाज लारा ने 582 गेंदों पर 43 चौके और 4 छक्के जड़े थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2003 में 380 रन की पारी खेली थी। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चामिंडा वास के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बेहतर गेंदबाजी आंकड़ों का विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। वास ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2001 में 8 ओवर में 19 रन देकर 8 विकेट लिए थे। जो एकदिवसीय में किसी बॉलर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जैक हॉब्स के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 199 शतक दर्ज है। हॉब्स ने 834 फर्स्ट क्लास मैचों में ये रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने इस दौरान 61760 रन बनाए हैं। फर्स्ट क्लास में हॉब्स के नाम 273 अर्धशतक दर्ज है।

## नेपाल का सबसे अधिक रनों का विश्व रिकार्ड नहीं तोड़ पायी टीम इंडिया




हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में जिस प्रकार की तूफानी बल्लेबाजी की उससे उसने कई रिकार्ड बनाये हालांकि वह सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय रनों के नेपाल के विश्व रिकार्ड को बना नहीं पायी। भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 297 रन बनाये। इस मैच में बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना पाई। इस प्रकार भारतीय टीम ने 133 रन से मैच जीतकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की/ किया.टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर नेपाल ने साल 2023 में मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। इस मैच में भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 314 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वहीं भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट पर 297 रन बनाए पर वह केवल 18 रन से विश्व रिकॉर्ड नहीं बना पायी।। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मैच में 22 छक्के लगाए अगर वे 3 छक्के और लगा देते तो सबसे बड़े टी20 अंतरराष्ट्रीय का रिकॉर्ड उनके नाम होता। नेपाल की टीम सबसे अधिक स्कोर के मामले में पहले जबकि भारतीय टीम दूसरे नंबर पर है। वहीं अफगानिस्तान की टीम तीसरे नंबर पर फिसल गई है। साल 2019 में अफगान टीम ने आयरलैंड के खिलाफ इस टीम ने 3 विकेट पर 278 रन बनाए थे।

## सना न्यूज़ीलैंड के खिलाफ विश्वकप मुकाबले के लिए पाक लौटेंगी




दुबई (ईएमएस)। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने . न्यूजीलैंड के खिलाफ सोमवार 14 अक्टूअर को होने वाले टी20 विश्वकप के अहम मुकाबले के लिए यूएई लौटने का फैसला किया है। सना को 10 अक्टूबर को अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट गयीं थीं। इसी कारण उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में भाग नहीं लिया था और उनकी उनकी जगह पर मुनीबा अली ने टीम की कप्तानी की थी।
उस मुकाबले में पाक टीम को हार झेलनी पड़ी थी। टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से हराया था। इस मैच में पाक टीम केवल 82 रन पर ही सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में ही जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया था। सना के इस जज्बे की सभी ने प्रशंसा की है। इससे पहले 1999 के पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपने पिता के निधन के बाद इंग्लैंड से भारत लौटे थे पर बाद में वह अपनी टीम में फिर से जुड़ गये थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस अहम मुकाबले के लिए पाक टीम ने तेज गेंदबाज सीनियर पेसर डायना बेग को बाहर कर दिया गया है। बेग 3 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में मांसपेशियों में लगी चोट से अब तब नहीं उबरी हैं। बेग की जब सना के होन से पाक के लिए न्यूजीलैंड को हराने आसान होगा। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज नजीहा अल्वी को आईसीसी की मंजूरी के बाद टीम में जगह मिल गयी है।

## ऑस्ट्रेलिया में पहले या दूसरे टेस्ट में रोहित का खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह शुरु हो रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले या दूसरे टेस्ट मैच में से किसी एक में शायद ही खेल पायें। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित व्यक्तिगत कारणों से किसी एक मैच से बाहर रह सकते हैं और इस बारे में उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी दे दी है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में उतरेगी और ऐसी संभावना है कि रोहित एडिलेड में (6-10 दिसंबर) वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार अभी इस बारे में साफ तोर पर पता नहीं चला है कि वह किस मैच में नहीं खेलेंगे। रोहित ने बीसीसीआई से कहा है कि एक गंभीर व्यक्तिगत मामले के कारण उन्हें शुरुआत में दो टेस्ट मैचों में से एक को छोड़ना पड़ सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर सीरीज शुरू होने से पहले व्यक्तिगत मुद्दा सुलझ जाता है तो वह सभी पांच टेस्ट खेल सकते हैं। आने वाले दिनों में इस बारे में पूरी जानकारी दे देंगे।
यदि रोहित ऑस्ट्रेलिया में कोई एक टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं, तो बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल किया जा सकता है। शुभमन गिल और केएल राहुल के पास भी हालांकि पारी शुरु करने का अनुभव है। ईश्वरन भी भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में होंगे जिसका उन्हें नेतृत्व करना है। इस ऑस्ट्रेलिय दौरे में टेस्ट टीम का उप-कप्तान कौन होगा ये अभी तय नहीं हुआ है। सहायक कोच अभिषेक नायर ने हाल में कहा था कि ऐसे बहुत से खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया है। मुझे लगता है कि हमें यह समझने की ज़रूरत है कि इस टीम में हमारे पास बहुत सारे आईपीएल कप्तान हैं। वैसे भी इस भूमिका के लिए 3 उम्मीदवार हैं - शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत। नायर ने कहा था कि मैं अब उन्हें युवाओं के रूप में नहीं देखूंगा। हां, उम्र और उन्होंने जितनी क्रिकेट खेली है, उसके हिसाब से वे युवा हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर, मानसिक रूप से या विकास के मामले में उनमें वह क्षमता है जोकि नेतृत्व के लिए चाहिए होती है।

## सूर्या अब टेस्ट और एकदिवसीय प्रारुप में भी अपनी जगह बनाने प्रयास करेंगे

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब टेस्ट और एकदिवसीय में भी सफल होना चाहते हैं। सूर्या जहां टी20 में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं। वहीं वह एकदिवसीय और टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। इसी को देखते हुए अब सूर्यकुमार रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार है जिससे एकदिवसीय और टेस्ट प्रारुप के लिए टीम में जगह बना सकें।
सूर्यकुमार का यह फैसला हैरानी भरा भी है। इसका कारण है कि श्रीलंका दौरे से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि हमारे पास सूर्यकुमार टी20 विशेषक्ष हैं और हम उन्हें किसी अन्य प्रारुप में लेकर जाने की नहीं सोच रहे। इसके बाद भी सूर्यकुमार ने टेस्ट प्रारुप में वापसी की इच्छा जताई है। इसी कारण आगामी रणजी ट्रॉफी 2024-25 में वह घरेलू टीम मुंबई के लिए भी खेले। वहीं अब वह भारत की सबसे अहम घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी की इस साल 11 अक्टूबर से शुरुआत हो रही है। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई की टीम एलीट ग्रुप ए का हिस्सा है और उसका पहला मैच बड़ौदा से है। इसके बाद दूसरा मैच 18 अक्टूबर से महाराष्ट्र के खिलाफ है। इसी मैच के लिए सूर्यकुमार ने अपने का उपलब्ध बताया है। सूर्यकुमार महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को जानकारी दी है कि वह महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाली टीम का हिस्सा रहेंगे। सूर्यकुमार ने अब तक केवल एक टेस्ट खेलकर आठ रन बनाये हैं। वहीं 37 एकदिवसीय में उनके नाम 773 रन हैं जबकि 73 टी20 में उनके नाम 2469 रन हैं। प्रथम श्रेणी के 83 मैच में उनके नाम 5649 रन हैं। वहीं लिस्ट ए के 139 मैच में 3627 रन हैं। सूर्यकुमार का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। इसमें उनके नाम 14 शतक और 29 अर्धशतक हैं।




पोलैंड में यूईएफए लीग फुटबॉल में खेलते हुए पोलैंड और पुर्तगाल के फुटबॉलर।।

# रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल ने पोलैंड को 3-1 से हराया

### नेशंस लीग फुटबाल

बार्सिलोना (ईएमएस)। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शानदार गोल से पुर्तगाल ने नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड को 3-1 से हरा दिया। वहीं अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से पराजित किया। रोनाल्डो ने पोलैंड के खिलाफ मैच में 37वें मिनट में ही ये गोल किया। वहीं बर्नार्डो सिल्वा ने मैच के 26वें मिनट में एक गोल कर पुर्तगाल को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। रोनाल्डो ने अब तक नेशंस लीग में सभी तीन मैचों में गोल किये हैं। इसमें इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। दूसरी ओर पोलैंड की ओर से इस मैच में केवल एक गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में दागा पर तब तक काफी देर हो गयी थी। वहीं उसके डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले ही आत्मघाती गोल कर पुर्तगाल की 3-1 से जीत तय कर दी। अभी पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में 9 अंकों के साथ ही नंबर एक पर पहुंच गयी हैं वहीं क्रोएशिया की टीम छह अंक लेकर दूसरे नंबार पर हैं। क्रोएशिया ने स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया था। वहीं नेशंस लीग के एक अन्य मैच में स्पेन ने मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल से डेनमार्क को 1-0 से पराजित किया। इस जीत से स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। वहीं डेनमार्क छह अंक के साथ ही दूसरे स्थान पर है जबकि सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराया था।

## तिलक इमर्जिंग टी20 एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे



मुम्बई (ईएमएस)। बल्लेबाज तिलक वर्मा को इमर्जिंग टी20 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने कहा है कि तिलक एशिया कप के दौरान भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में तिलक के अलावा अभिषेक शर्मा, राहुल चाहर और साई किशोर जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसके अलावा आयुष बडोनी, रमनदीप सिंह, अनुज रावत, नेहल वढेरा और रसिख सलाम को भी इस टीम में शामिल किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अच्छा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय दल ओमान जाएगा। इमर्जिंग टी20 एशिया कप 18 और 27 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा। भारत के साथ ग्रुप बी में ओमान, पाकिस्तान और यूएई रहेंगे जबकि ग्रुप ए में अफगानिस्तान, हांगकांग, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें रहेंगी। इस टूर्नामेंट में पाक टीम पिछली बार विजेता रही थी। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम - तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह, अनुज रावत, प्रभ सिमरन सिंह, नेहल वढेरा, अंशुल कंबोज, रितिक शौकीन, आकिब खान, वैभव अरोड़ा, रसिख सलाम, साई किशोर, राहुल चाहर।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा, ग्लैक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिसबल तैनात

मुंबई,(ईएमएस)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की शाम सरेआम हत्या कर दी गई। सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर बांद्रा खेरवाड़ी सिगनल के पास थे जब उन पर गोलीबारी हुई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए हैं। हत्यारों ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से अपना संबंध बताया है,और लॉरेंस सलमान को मारने की घमकी दी है। बाबा सिद्दीकी के काफी करीबी दोस्त माने जाते हैं सलमान इसलिए उनकी सुरक्षा कड़ी की गई है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हॉस्पिटल तक जाने से रोका गया है। सूत्रों की मानें तो सलमान को पुलिस ने अस्पताल आने-जाने से मना कर दिया है और उन्हें घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। हालांकि देर रात सलमान खान लीलावती हॉस्पिटल पहुंचे थे। यहां बताते चलें कि सलमान खान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग हुई थी। यह अलग बात है कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ था लेकिन इस दौरान सलमान घर पर ही थे और गोलियां की आवाज से ही उनकी नींद खुली थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक लॉरेंस समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया है। जांच चल रही है।

### सिंघम अगेन स्टार अजय देवगन, रोहित शेट्टी और करीना कपूर ने किया रावण दहन

मुंबई,(ईएमएस)। लालकिला मैदान में आयोजित ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बुराई पर सच्चाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व की समस्त देश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि लीला कमेटी के विषेश अनुरोध पर बॉलीवुड के जाने माने सिंघम अगेन के स्टार अजय देवगन, नामचीन फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी, फिल्म एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ एक्टर सांसद मनोज तिवारी, दशहरा पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में लव कुश रामलीला मंच पर पधारे और खचाखच भरे लीला ग्राउण्ड में रामभक्तों के साथ लीला का अवलोकन किया। इसके साथ इन चारों नामी स्टार्स ने प्रभु श्री राम को तिलक लगाकर प्रभु की चरण वन्दना की और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंच पर लीला कमेटी के प्रधान अर्जुन कुमार ने इन फिल्म स्टार्स को शक्ति की प्रतीक गदा, प्रभु श्रीराम की मूर्ति, पट्टका पहनाकर सम्मान किया। मंच पर मौजूद अजय देवगन, करीना कपूर, रोहित शेट्टी, सांसद मनोज तिवारी, अर्जुन कुमार सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने जब जय श्रीराम, जय श्रीराम का जयघोष किया तो पूरा लीला ग्राउण्ड लालकिला मैदान राममय हो गया। इसी के साथ इन सभी ने एक साथ तीर चलाकर रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतलों का दहन किया। लीला स्थल पर आये हुए सभी महिलाओं, बच्चों, बुर्जुगों, रामभक्तों ने इस अद्भुत फिल्म स्टार से सजी लीला देखी और हर्षो उल्लास से दशहरा पर्व मनाया।

### बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एक हरियाणा तो दो यूपी के

बलजीत कर चुका है हत्या, यूपी के दोनों आरोपी करते थे स्क्रैप का काम

मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच ने दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हरियाणा के रहने वाले गुरमैल बलजीत सिंह (23) और यूपी में बहराइच के रहने वाले धर्मराज राजेश कश्यप (19) के रूप में हुई है जबकि तीसरा शूटर अभी फरार है। उसका नाम शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा (20) है और वह भी यूपी के बहराइच का ही रहने वाला है। बाबा सिद्दीकी की हत्या को मुंबई पुलिस ने कॉन्टैक्ट किलिंग बताया है। अब क्राइम ब्रांच इस वारदात को अंजाम देने वाले शूटरों के मास्टरमाइंड को तलाश रही है। जब मुंबई क्राइम ब्रांच ने यूपी पुलिस से इनकी क्रिमिनल हिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो दोनों आरोपियों के खिलाफ जिले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। धर्मराज राजेश कश्यप और शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा बहराइच जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के गंडारा कस्बे के रहने वाले हैं। हालांकि हरियाणा के रहने वाले गुरमैल बलजीत के खिलाफ हत्या का एक मुकदमा पहले से दर्ज है। जानकारी के मुताबिक कि धर्मराज कश्यप और शिवकुमार मजदूरी करने के लिए पुणे आए थे। शिवा करीब पांच साल से पुणे में एक स्क्रैप व्यापारी के यहां काम करता था। शिवा ने कुछ महीनों पहले धर्मराज को भी पुणे काम करने बुला लिया। सुपारी देने वाले व्यक्ति ने शिवा और धर्मराज से गुरमैल की मुलाकात करवाई। हालांकि क्राइम ब्रांच इस बात का पता लगा रही है कि ये दोनों पुणे से मुंबई कैसे पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, 12 को रात 9:15 से 9:30 बजे के बीच, जब बाबा सिद्दीकी अपने कार्यालय बांद्रा (पश्चिम) से अपने घर जा रहे थे।

### दशहरा मेले में बाउंसरों ने किसान की पगड़ी उतारी, स्टेज से नीचे गिराया, हंगामा

**पंजाबी गायक सिद्दू को शो छोड़कर भागना पड़ा, माहौल तनावपूर्ण**

खन्ना,(ईएमएस)। पंजाब के खन्ना के ललहेड़ी में दशहरा मेले में हंगामा हो गया। यहां पंजाबी गायक गुलाब सिद्धू के शो को बीच में ही रोकना पड़ा। स्टेज पर मौजूदर बाउंसरों ने एक किसान की पगड़ी उतार दी। किसान और उसके बेटे को धक्के मारकर स्टेज से नीचे गिराया दिया। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के मुताबिक किसान और उसके बेटे को ही गायक सिद्दू के स्टेज पर जाने से रोका गया। जब उन्होंने कहा कि वे जमीन के मालिक हैं तो बाउंसरों ने गुंडागर्दी शुरू कर दी। बुजुर्ग किसान को धक्का मारे लगे तो बेटे ने विरोध किया तो उसे भी धक्के मारे। बाउंसरों ने किसान की पगड़ी उतार दी और उसके बेटे समेत धक्के मारकर स्टेज से नीचे गिरा दिया। इस घटना के बाद किसान के साथ आए उसके साथी लोगों की भीड़ के बीच में ट्रैक्टर लेकर स्टेज के पास पहुंच गए। जिसके बाद गुलाब सिद्धू को शो रोकना पड़ा। हालात बिगड़ते देख गुलाब सिद्धू शो छोड़कर वहां से निकल गए। उनकी कई गाड़ियां को भी नहीं जाने दिया। सूचना मिलने के बाद एसएसपी अश्विनी गोत्याल समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। किसान और उसके परिवार के लोग मांग कर रहे हैं कि बाउंसरों खिलाफ केस दर्ज किया जाए। एसपी ने कहा कि दोनों पक्षों को बुलाकर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी।

### 10 साल जेल में रहे पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा का निधन

हैदराबाद(ईएमएस)। नक्सलियों से संबंधों के चलते वे 10 साल जेल में रहने के बाद मार्च 2024 में बरी हुए डीयू के पूर्व प्रोफेसर जी एन साईबाबा का शनिवार को निधन हो गया। उन्हें गॉल ब्लैडर में इन्फेक्शन था। शनिवार रात उन्हें हार्ट अटैक भी आया, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ा। साईबाबा के भाई रामदेव ने कहा- हैदाराबाद में डॉक्टरों ने रात 8:36 बजे उन्हें मृत घोषित किया। वे एक साथ कई बीमारियों से ग्रसित थे। 5 दिन पहले उनकी गॉल ब्लैडर की सर्जरी हुई थी। इसके बाद वे ठीक हो रहे थे।नक्सलियों से कथित संबंध रखने के शक में 2014 में वे गिरफ्तार हुए थे। महाराष्ट्र की गढ़चिरौली कोर्ट ने मार्च 2017 में साईबाबा को दोषी ठहराया था। 5 मार्च को बॉम्बे हाईकोर्ट ने साईबाबा और 5 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी है। उन्हें दोषसिद्धि के खिलाफ अपील करने की इजाजत भी दी गई है। मार्च 2024 में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने उन्हें रिहा कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष उनपर लगे आरोपों को सिद्ध नहीं कर पाया है।

### ज्ञानव्यापी-लार्ड विश्वेश्वरनाथ मामले में 16 अक्टूबर को सुनवाई

वाराणसी (ईएमएस)। वाराणसी के ज्ञानव्यापी से जुड़े 1991 के मूल वाद में गुरुवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट युगल शंभू की अदालत में 16 अक्टूबर को सुनवाई होगी। लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी द्वारा सम्पूर्ण परिसर में एएसआई के अतिरक्त सर्वे की मांग की याचिका पर 8 अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति दाखिल की थी। विजय शंकर रस्तोगी की याचिक पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी बहस पूरी कर ली है। मसाजिद कमेटी के वकील ने कोर्ट में बताया था कि ज्ञानव्यापी स्थित वजूखाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सील है। हाईकोर्ट में एएसआई ने शपथ पत्र देकर कहा था कि वो परिसर में खोदाई करके मौजूदा ढांचें को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिवों को लिखा पत्र

**मदरसों को राज्य से मिलने वाला पैसा बंद करें**



नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों के अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि सरकार मदरसा बोर्ड को दी जाने वाली फंडिंग पर रोक लगाए और इन सभी मदरसा बोर्ड को बंद कर दें। बाल आयोग ने कहा कि मदरसे में न तो बच्चों को बेसिक शिक्षा मिलती है और न ही उनको मिड डे मील की सुविधा का कोई फायदा होता है।

दरअसल, बाल आयोग की तरफ से कहा गया कि मदरसा बोर्ड आरटीई यानी शिक्षा के अधिकारी के कानून का पालन तक नहीं करते हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि मदरसों का पूरा फोकस केवल धार्मिक शिक्षा के पर ही रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती है। बाल आयोग द्वारा उठाई गई मांगों में कहा गया कि मदरसों और मदरसा बोर्डों को राज्य की तरफ से दिए जाने वाले फंड को रोक दिया जाए। मदरसों से गैर-मुस्लिम बच्चों को हटाया जाए। संविधान के आर्टिकल 28 के मुताबिक, माता-पिता की सहमति के बिना किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। बाल आयोग ने कहा है कि एक संस्थान के अंदर धार्मिक और औपचारिक शिक्षा एक साथ नहीं दी जा सकती है।

बाल आयोग की इस चिट्ठी को लेकर कांग्रेस ने कहा कि वह पत्र पढने के बाद टिप्पणी करेगी, लेकिन कर्नाटक में पार्टी के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बायोटेक, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने कहा कि आयोग को आदर्श रूप से उपाय सुझाने चाहिए, बजाय इसके कि राज्यों से मदरसों को वित्त पोषण बंद करने और बंद करने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि यह देखना बहुत विडंबनापूर्ण है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा मदरसा शिक्षकों के वेतन को तीन गुना करने के फैसले के कुछ ही दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। वहीं इस मामले में एनडीए की साथी लोकजनशक्ति पार्टी के प्रवक्ता एके बाजपेयी ने कहा है कि अगर कोई मदरसा अवैध रूप से चलता पाया जाता है, तो उसे बंद कर देना चाहिए। लेकिन कोई भी काम आंख मूंदकर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि एनसीपीसीआर ने राज्यों से कोई प्रतिकूल रिपोर्ट मिलने के बाद यह पत्र लिखा है या नहीं।

ऐ के बाजपयी ने कहा कि सभी मदरसों का उचित सर्वेक्षण होना चाहिए ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई अनियमितता तो नहीं है। और अगर कोई अवैधता पाई जाती है तो उन्हें अपनी सफाई देने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि सभी गैर-मुस्लिम बच्चों को मदरसों से निकालकर आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा है कि साथ ही, मुस्लिम समुदाय के बच्चे जो मदरसा में पढ़ रहे हैं, चाहे वे मान्यता प्राप्त हों या गैर-मान्यता प्राप्त, उन्हें औपचारिक स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए और आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार निर्धारित समय और पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जाए। इस मामले में बीजेपी की सहयोगी जेडीयू और टीडीपी ने इस मुद्दे पर कुछ बोलने से दूरी बनाई है।

## पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा

### इस पहल को तीन साल पूरे, पीएम मोदी ने की प्रयासों की सराहना



नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम गति शक्ति पहल के आज रविवार को तीन साल पूरे हो गए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिए से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ। इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नए अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा- आज पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आई और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है।

## बाबा सिद्दीकी का दाऊद के साथ जुड़ाव था इसलिए कर दी हत्या

### बिश्नोई गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

मुंबई,(ईएमएस)। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब नया मोड़ आ गया है। कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। बिश्नोई गैंग के सदस्य का एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन बाबा सिद्दीकी की हत्या की वजह उनके दाऊद इब्राहिम के साथ जुड़ाव था। हालांकि, मुंबई पुलिस ने इस पोसट की पुष्टि नहीं की है और कहा है कि इसकी जांच की जाएगी। बिश्नोई गैंग की तरफ से एक फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि ओ३म् जय श्री राम, जय भारत। पोस्ट में आगे लिखा कि जीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। वही सत्कर्म किया था, जो निभाया मित्रता का धर्म था। गैंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि सलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे लेकिन तुमने हमारे भाई लॉरेंस का नुकसान करवाया। आज जो बाबा सिद्दीकी की शराफत के पुल बांधे जा रहे हैं, वह एक समय में दाऊद के साथ था। इसके मरने का कारण दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था। इनके अलावा अनुज थापन का नाम भी पोस्ट में है, जिसने सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की थी, और पुलिस कस्टडी में उसकी मौत हो गई थी। गैंग का कहना है कि यह मौत उसकी का बदला है। गैंग के सदस्य ने पोस्ट में कहा कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है लेकिन जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की मदद करेगा, अपना हिसाब किताब लगा लेना। हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवाएगा, तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे।

## बाबा सिद्दीकी एक मददगार इंसान थे यकीन नहीं हो रहा उनके साथ ऐसा हुआ

### -डिप्टी सीएम पवार ने बाबा के बेटे से मुलाकात कर दी सांत्वना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ़्तार किया है जबकि एक आरोपी फरार है। दावा किया जा रहा है कि बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना को लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने प्रतिक्रिया सामने आई है।

डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि हमें अब भी भरोसा नहीं हो रहा है कि बाबा सिद्दीकी के साथ ऐसी घटना हुई है। उनके साथ हम लोगों ने मंत्रालय में काम किया है। वह सबकी मदद करने वाले इंसान थे। हत्यारों को ढूंढ़ने के लिए पांच टीम बनाई गई है। आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग राज्यों में दबिश दी जाएगी। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री समेत तमाम आला अधिकारियों से बातचीत की गई है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा। वहीं, अजित पवार ने बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी से भी मुलाकात की। इस साल फरवरी में बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस छोड़कर अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट में शामिल हो गए थे। बाबा सिद्दीकी तीन बार बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं, लेकिन 2014 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें बीजेपी के उम्मीदवार आशीष शेलार ने हरा दिया था। उन्होंने 1992 से 1997 तक लगातार दो कार्यकालों तक नगरसेवक के रूप में भी काम किया। कांग्रेस-एनसीपी सरकार के दौरान, बाबा सिद्दीकी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और उपभोक्ता संरक्षण जैसे विभागों में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। उनका राजनीतिक करियर किशोरावस्था में शुरू हो गया था जब उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई में शामिल होकर अपने सफर की शुरुआत की थी।

## गंगूबाई काठियावाड़ी फिल्म को जोसेफ गॉर्डन-लेविट ने बताया सुंदर और अनोखी

मुंबई,(ईएमएस)। संजय लीला भंसाली मशहूर हैं अपनी खूबसूरत फिल्मों के लिए, जो शानदार विजुअल्स को शानदार कहानियों के साथ मिलाती हैं। उनकी 2022 में आई फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी, जिसमें आलिया भट्ट ने अभिनय किया है, ने दुनिया भर में बहुत तारीफ और क्रिटिक्स से तारीफें हासिल की हैं। अब, इंटरनेशनल स्टार जोसेफ गॉर्डन-लेविट ने भी इस फिल्म की तारीफ में कसीदे गढ़े हैं, और उन्होंने इसे सुंदर, अनोखी और ऐसा कुछ बताया है जो उन्होंने कभी नहीं देखा है। फिल्म देखने के अपने अनुभव को साझा करते हुए गॉर्डन-लेविट ने हाल ही में एक समारोह में कहा, कि मैं वह फ़िल्म देख रहा था और मुझे वह सुंदर और अनोखी लगी। यह मैंने अब तक जो भी फ़िल्में देखी हैं, उनसे बिल्कुल हटकर है। इसमें एक मज़बूत और ख़ास ड्रामा है जो कभी-कभी मुझे स्कॉर्सेसी की फ़िल्म की याद दिलाता है। यह वाकई बहुत खूबसूरत है। इसने मुझे भारतीय सिनेमा के बारे में और जानने के लिए प्रेरित किया है।

गॉर्डन-लेविट की इस तारीफ से साफ हो गया है कि भंसाली की खास काबिलियत कल्चरल बाउंड्रीज को पार कर लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। गंगूबाई काठियावाड़ी में, भंसाली एक मजबूत महिला की कहानी दिखाते और सुनाते हैं जो मुंबई के अंडरवर्ल्ड में सत्ता और जिंदा रहने की मुश्किलों का सामना करती है। उनका खास अंदाज—ग्रैंड सेट, खूबसूरत कॉस्ट्यूम्स, और जबरदस्त कहानी—दर्शकों के लिए देखने का अनुभव बेहद खास और यादगार बनाती है।

भंसाली की फिल्मों में उनके कहानी कहने के अंदाज और जुनून को देखने मिलता है, और यही वह चीज है जो गॉर्डन-लेविट को प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा है, कि मुझे यहां की संस्कृति से जो महसूस हो रहा है, वह बहुत पसंद है और यहां फ़िल्में और कल के लिए सच्चा प्यार है। भंसाली की फिल्मों ने दुनिया भर के फिल्म मेकर्स का ध्यान खींचा है। ऐसे में, गॉर्डन-लेविट ने यहां तक कह दिया है कि उन्हें भारत आकर अपनी एक फिल्म बनाने का मन है।

# देश का पहला रीयल-टाइम, ऑनलाइन, सर्वग्राही विद्यालय शिक्षा डैशबोर्ड 'विद्या समीक्षा केन्द्र' गुजरात में कार्यरत

### 23 वर्ष पहले गुजरात में विश्वविद्यालयों की संख्या 21 थी, जो आज बढ़ कर 108 हुई, जिसने राज्य में उच्च शिक्षा को गति दी

गांधीनगर (ईएमएस)| 23 वर्ष पहले नरेन्द्र मोदी ने जब गुजरात के 14वें मख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब गुजरात में शिक्षा का स्तर काफी निम्न था। उसी समय मोदी ने संकल्प किया था कि वे गुजरात में शिक्षा क्षेत्र की स्थिति में सुधार लाने के सभी प्रयास करेंगे और राज्य के अंतिम छोर के वर्ग तक शिक्षा को सरल व सुलभ बनाएंगे। इस संकल्प को साकार करने के लिए उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में दृढ़तापूर्वक कई पहलें व योजनाएँ शुरू कीं और राज्य में शिक्षा का दायरा बढ़ाने के भगीरथ प्रयास शुरू किए। राज्य में प्राथमिक शिक्षा को रफ्तार देने तथा विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2003 में शाला प्रवेशोत्सव तथा कन्या केळवणी (शिक्षा) रथयात्रा कार्यक्रम शुरू किए। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 21वाँ शाला प्रवेशोत्सव आयोजित हुआ। 23 वर्ष पहले शिक्षा क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई तपस्या के सकारात्मक परिणाम हम आज देख सकते हैं। मोदी के प्रयासों के चलते आज गुजरात में ही उच्च एवं तकनीकी शिक्षा देने वाले महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। 23 वर्ष पहले गुजरात में केवल 21 विश्वविद्यालय थे, जबकि आज राज्य में 108 विश्वविद्यालय कार्यरत हैं, जो विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान कर रहे हैं। गुजरात आज सेक्टर-स्पेसिफिक यूनिवर्सिटियों का हब बना है। राज्य के सरकारी विद्यालय भी आज स्मार्ट व डिजिटल बने हैं। दो दशक पहले ब्लैक बोर्ड पर पढ़ने वाले विद्यार्थी आज टेक्नोलॉजी की सहायता से स्मार्ट बोर्ड तथा इंटरेक्टिव स्मार्ट क्लासेस का उपयोग कर रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र की ये उपलब्धियाँ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम




नेतृत्व को आभारी है।

### प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहलें व योजनाएँ

नरेन्द्र मोदी ने सदैव शिक्षा के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने 23 वर्ष पूर्व जब गुजरात का शासन दायित्व संभाला, तब राज्य में शिक्षा की स्थिति बहुत निम्न स्तरीय थी। प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2003 में शाला प्रवेशोत्सव तथा कन्या केळवणी रथयात्रा कार्यक्रम प्रारंभ कराया। इस कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम ये आए कि आज राज्य के लाखों बच्चे शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के जरिये विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य में 21वाँ शाला प्रवेशोत्सव सफलतापूर्वक आयोजित हुआ, जिसके माध्यम से लगभग 16 लाख बच्चों ने प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश प्राप्त किया। शाला प्रवेशोत्सव के अतिरिक्त; प्राथमिक शिक्षा को वेग देने के लिए नरेन्द्र मोदी ने गुणोत्सव, मध्याह्न भोजन योजना, विद्यादीप योजना आदि विभिन्न शैक्षणिक योजनाएँ लागू कीं। शिक्षा क्षेत्र में लागू हुईं इन पहलों व योजनाओं के फलस्वरूप राज्य में वर्ष 2002 में जहाँ कक्षा 1 से 8 का स्कूल ड्रॉपआउट रेशियो रेट 37.55 प्रतिशत था, वहीं आज इसमें उल्लेखनीय कमी आई है। ज्ञानकुंज प्रोजेक्ट अंतर्गत गुजरात के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में क्लासरूम्स में टेक्नोलॉजी की सहायता से स्मार्ट बोर्ड के साथ इंटरेक्टिव स्मार्ट क्लास बनाए गए हैं। 23 वर्ष पहले गुजरात के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए देश के अन्य राज्यों या फिर विदेशों में नजर दौड़ानी पड़ती थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समस्या को हल करने के लिए राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा देने वाले संस्थान स्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित किया। पिछले 23 वर्षों में राज्य में महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा तकनीकी शिक्षा प्रदाता संस्थानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। 23 वर्ष पहले जहाँ राज्य में केवल 21 यूनिवर्सिटियाँ कार्यरत थीं, वहीं आज 108 यूनिवर्सिटियाँ कार्यरत हैं। राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 23 वर्ष पहले की 10 से बढ़ कर आज 40 हो गई है। इसके अतिरिक्त; स्टूडेंट स्टार्टअप तथा इनोवेशन पॉलिसी द्वारा गुजरात के युवा प्रतिभाओं के इनोवेशन को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे राज्य के युवाओं को स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहन मिला है।

# दुर्गा पूजा समितियों ने उदय प्रताप सिंह और दिलीप सिंह को माता की चुनरी ओढ़ाकर किया सम्मानित



धनबाद, शारदीय नवरात्रि में नौ दिन तक भक्ति भाव से मां दुर्गा की पूजा व विजयादशमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर धनबाद के जोड़ा फाटक,न्यू स्टेशन,धैया के दुर्गा पूजा पंडाल में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह,युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह,समाजसेवी रोहित भगत शामिल हुए। जोड़ाफाटक कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष, जीराखान सिंह,निर्भय सिंह, सचिव सुरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रजक, सोनू गिरी, बर्जेश शर्मा, गोविंद रजक ने सभी अतिथियों को माता की चुनरी ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया।न्यू स्टेशन पूजा पंडाल में मुनेश्वर सिंह तथा धैया पूजा पंडाल में पप्पू सिंह ने दोनो को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह ने मां के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भगवती मां दुर्गा से धनबाद जिले की सुख शांति व समृद्धि की कामना की।साथ ही धनबाद के उपायुक्त माधवी मिश्रा और एस एसपी ह्रीदिप पी. जनार्दन को श्रद्धालुओं के लिए जबरदस्त सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए धन्यवाद देकर प्रशंसा की। जिससे पुरे धनबाद में सुरक्षित व शांति माहौल में पूजा संपन्न हुआ।

# ठाकुर कुल्ही दुर्गा पूजा समिति की ओर से सम्मान समारोह का किया आयोजन





धनबाद, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही धैया की ओर से रविवार को माता के भक्तो के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समारोह और दुर्गा मंदिर निर्माण सहित मंदिर की सुंदरता को बढ़ाने हेतु विशेष सहयोग प्रदान करने वाले माता के भक्तों को समिति की ओर से स्मृति चिह्न तथा अंग वस्त्र भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। दुर्गा पूजा समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने हेतु नीरज सिंह एवं सप्तमी ,अष्टमी एवं नवमी भोग प्रदान करने हेतु रतन उपाध्याय, उमेश जायसवाल, दीपक तिवारी, मनिंदर कुमार ,राजेश कुमार आनंद, सुनील शर्मा सहित विशेष सहयोग हेतु संजय गुप्ता, तजमुल अंसारी,रंजीत कुमार साव, शंभू शरण शर्मा आदि को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, मदन मोहन सिंह उपाध्यक्ष विमल कुमार , ओम शंकर ठाकुर, सचिव मनीष मिश्रा सह सचिव, राज कुमार शर्मा, मनीष पाठक, कोषाध्यक्ष रंजीत जायसवाल, संजय मिश्रा, सुमित पाठक, सुशील मिश्रा, मनोज सिंह, सुनील चौरसिया, मनीष जायसवाल, दीपक, विकास राय, संतोष रजक,बबलू सिंह, बरमेश्वर चौधरी, जयंत मिश्रा, आशीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### कोटालडीह में 130 वर्षों से निरंतर हो रहा मां दुर्गा पूजा का आयोजन

# श्रद्धालुओं की मन्नते पूरी करती है मां



धनबाद, ( तोपचांची), तोपचांची थानांतर्गत कोटालडीह ग्राम में दुर्गा पूजा का परंपरागत आयोजन 130 वर्षों से होते आया है। यहां के लोगों का यह मत है कि श्रद्धालु जो भी मन्नत मांगते हैं ।वह मां भगवती दुर्गा पूर्ण करती हैं । ज्ञात हो की 130 वर्ष पहले ही दुर्गा प्रतिमा पुजन भी मन्नत पुरी होने के बाद ही शुरुआत हुई थी और तब से आज तक निर्बाध रूप ने निरंतर कोटालडीह गांव में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्यता से होते आ रहा है। वैसे तो इस ग्राम में महालया से दशमी दशहरा तक मां का विधि विधान वैदिक रीति-रिवाज से पुजा अर्चना होते रहता है तथा षष्टि तिथि से दशहरा तक धार्मिक महोत्सव , सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता है। इस बार महाष्टमी के दिन भगवती जागरण कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन कोटालडीह ग्राम निवासी एवं निरसा प्रखण्ड कार्यालय के पूर्व बड़ा बाबु स्व. यामिनी बल्लभ तिवारी की धर्मपत्नी उत्तरा देवी सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महासचिव तथा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, केंद्रीय सरकार से सेवानिवृत्त सुकुमार तिवारी,पुर्व शिक्षक तथा दुर्गा पूजा के प्रधान पुजारी सुशील कुमार तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, पुर्व शिक्षक मिथिलेश कुमार तिवारी,99 बिल्डर्स के पदाधिकारी संतोष कुमार तिवारी सहित तोपचांची थाना के पदाधिकारी आदी ने सम्मिलित होकर फीता काटा तथा दीप प्रज्वलित किया। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों की आसपास गांवों के श्रद्धालु जूटे । जिससे भगवती जागरण का वातावरण मां के जयकारों और भजनों से भक्तिमय हो उठा।

## 62 हज़ार पारा शिक्षक तय करेंगे झारखंड में किसकी होगी आगामी सरकारः संघर्ष मोर्चा



धनबाद । रविवार को बरवाअड्डा झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रतिनिधि प्रदेश महासचिव निरंजन कुमार दे, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे , उत्तरीय छोटा नागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष भागवत तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की वर्तमान हेमंत सरकार राज्य के पारा शिक्षकों को सिर्फ ठगने का कार्य किया है चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में कहा था हमारी सरकार बनाए तीन माह के अंदर राज्य के पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे लेकिन वेतनमान पर सरकार एक कदम आगे नहीं बढ़ी।वहीं 28 अगस्त को विभागीय अधिकारियों मंत्री की उपस्थिती में पूर्व समझौता के अनुरूप यदि 14 अक्टूबर अंतिम कैबिनेट में पारा शिक्षकों का समस्या का समाधान नहीं होता है तो निश्चित रूप से राज्य के पारा शिक्षक पूरे परिवार सहित काला झंडा लेकर सड़क से लेकर सदन तक वर्तमान हेमंत सरकार का खुलकर विरोध करेगा जैसे पूर्व में रघुवर सरकार के खिलाफ कार्य किया गया था। ठीक उसी प्रकार उससे ज्यादा बद्तर स्थिति वर्तमान हेमंत सरकार की होगी, क्योंकि 62000 पारा शिक्षक आगामी चुनावी समीकरण को बदलने के लिए सक्षम हैं। मौके पर जैनुल अंसारी, मोहम्मद सिद्दीक अंसारी, लक्ष्मण सिंह चौधरी, मोहम्मद ताहिर हुसैन, मंजूर उल हक, मोहम्मद नईमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद ताहिर हुसैन अंसारी आदि मौजूद थे ।

# सुनैना किन्नर ने विधि विधान से किया मां दुर्गा का कलश विसर्जन



धनबाद, महापर्व दुर्गा पूजा विजयदशमी के दिन झारखंड प्रदेश किन्नर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर ने अपने घर में मां दुर्गा का कलश का विसर्जन किया । विसर्जन के दौरान सभी किन्नर नाच गान करते, ढोल नगाड़ा बजाते हुए तालाब तक गए ।जहां पर मां दुर्गा की कलश को विसर्जन किया गया। इस मौके पर सुनैना किन्नर ने बताई की यह आयोजन विगत कई वर्षों से हमारे गुरु जटावाली करती आ रही थी। जिसके परंपरा को निभाती हुई मैं भी अपने घर में कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना कर विधि विधान से विसर्जन किया। विसर्जन के उपरांत सुनैना किन्नर ने बताया कि हम लोगों ने मां दुर्गा से प्रार्थना किया कि हमारा देश पूरे विश्व में अपना परचम लहराता रहे और हमारे जवान को साहस और शक्ति दे । उन्होंने कहा कि मां दुर्गा हमारे जजमानों के घरों में खूब खुशियां लाएं जिससे किन्नर समाज भी खुश रहे।इस मौके पर बबली किन्नर,किरण,रजिया,बिमल,करीना,परी,शीला,श्वीति,हसीना ,सीमा, रीना,राधा,सोहानी,पल्लवी सिंह,मनीषा,लवली,शिल्पा,किरन सिंह,पूनम,काजल,पलक,ऋषिमुनि,जिया,निशा,रागिनी,लैला,मनीला,बर्षा, रूपशा,आंखी,मुस्कान आदि किन्नर और स्थानीय लोग मौजूद थे।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax NO. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।